
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 278
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 20 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 भाजपा द्वारा लूटखसोट कर निगम की कंगाली को छुपाने के लिए किया गया एकीकरण : चौ0 अनिल कुमार
पेज 5 अपराधी के सत्यापन में सिपाही को भारी पड़ी लापरवाही, एसएसपी ने किया निलंबित
पेज 7 भारत की विदेश नीति का कायल हुआ रूस, विदेश मंत्री एस जयशंकर को बताया भारत का सच्चा देशभक्त

## राजस्थान : हादसे में एक ही परिवार के 11 की मौत

### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख देंगे पीएम मोदी

गुढ़ागौड़जी/ खेतड़ी नगर (झुंझुनूं)। झुंझुनूं में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 किशोर और 2 महिलाएं शामिल हैं। 7 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को झुंझुनूं के ब्छ्य अस्पताल लाया गया। घटना जिले के गुढ़ागौड़जी की है। उधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने मृतक के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही, ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर बुधवार को बैठक बुलाई है। इसमें कारणों और बचाव पर चर्चा की जाएगी।

मंगलवार दोपहर लीलो की ढाणी के पास उदयपुरवाटी-गुढा रोड पर पिकअप अचानक पलट गई। अहीरों की ढाणी (कृष्ण नगर) के ये लोग लोहार्गल अस्थि विसर्जन करने गए थे। गाड़ी में 18 लोग सवार थे। लौटते समय दुर्घटना हो गई।



#### इनकी हुई मौत

हादसे में कैलाश (35) पुत्र गिरधारी लाल यादव, भंवरलाल (35) पुत्र रिछपाल यादव, सुमेर (50) पुत्र गिरधारी लाल यादव, राजबाला (35) पत्नी सुमेर यादव, अर्पित (15) पुत्र शिवकरण यादव, मनोहर (50) पुत्र प्रभात राम, नरेश (16) पुत्र श्रवण यादव और कर्मवीर (20) पुत्र सुमेर की मौके पर मौत हुई है। इलाज के दौरान बलवीर (40) पुत्र रमेश , सावित्री (45) पत्नी श्रवण और राहुल(20) पुत्र सुमेर ने ने दम तोड़ दिया। विमला तथा ऊषा पत्नी रामजीलाल को जयपुर रेफर किया गया। जबकि जीवनी पत्नी रामजी लाल, विमला पत्नी खेमचंद, हीरा देवी (68) पत्नी रामफल, लक्ष्मी (45) पत्नी सतवीर और कमलेश (30) पत्नी गिरधारी लाल को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### पीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा, सीएम की बैठक

इस हादसे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने मृतक व घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। ट्वीट कर बताया कि पीएमएनआरएफ फंड से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

वहीं राजस्थान में हो रहे सड़क हादसों के बाद सीएम अशोक गहलोत ने रिव्यू बैठक बुलाई है। इसमें सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी।

#### सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई पिकअप

स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार में वृद्ध की मौत हो गई थी। 14 दिन पूरे होने पर परिवार के लोग व रिश्तेदार अस्थियां विसर्जन करने के लिए लोहार्गल गए थे। वापस लौटते समय लीलां की ढाणी व हुकुमपुरा के बीच सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। स्पीड में पिकअप ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इसके बाद पलट गई।

## जहांगीरपुरी दंगे के 5 गिरफ्तार आरोपियों पर 'रासुका' लगाया

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के कनेक्शन की भी जांच होगी

नई दिल्ली। दिल्ली में जहांगीरपुरी हिंसा मामले में गिरफ्तार हुए 5 आरोपियों पर रासुका लगाया गया है। इनमें अंसार, सलीम, सोनू, दिलशाद, आहिर शामिल हैं। इधर, हिंसा के लिए हथियार सप्लाई करने के आरोपी गुलाम रसूल उर्फ गुल्ली को भी मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा अब दंगे में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के शामिल होने की भी जांच होगी। स्पेशल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि हिंसा के दौरान वीडियो में जो लोग भी हथियार के साथ दिखाई दे रहे थे, उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे जब पूछा गया कि क्या क्व्न्ढ्ढ के एंगल से भी जांच हो रही है तो उन्होंने कहा कि जांच की जानकारी इस वक्त देना ठीक नहीं है।





#### एक ही परिवार के 5 लोग अरेस्ट किए गए

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को ही 5 लोगों को अरेस्ट किया है। ये सभी एक ही परिवार के हैं। इससे पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी सोनू चिकना उर्फ इमाम उर्फ यूनुस ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सोनू ने बताया कि हनुमान जयंती के दिन मैंने कुशल चौक के पास फायरिंग की थी। पुलिस ने सोनू के पास से एक पिस्टल भी बरामद की है।

#### दंगे के मुख्य आरोपी अंसार और असलम की दो दिन की रिमांड बढ़ी

हनुमान जन्मोत्सव दंगों के मुख्य आरोपी अंसार और असलम सहित 14 लोगों को दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने असलम और अंसार की दो दिन की पुलिस रिमांड बढ़ा दी है। बाकी 12 आरोपियों को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया है। अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया है।

#### शाह बोले- दोषियों पर कड़ा एक्शन हो



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। शाह ने कहा कि मामले में ऐसी कार्रवाई की जाए, ताकि फिर से इस तरह की घटना न हो और लोगों के लिए एक मिसाल बने। गृह मंत्री ने पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना को फोन कर कहा कि मामले में जो भी जरूरी कदम हों, वो उठाए जाएं।

#### गिरिराज सिंह बोले- तबाह और बर्बाद करने की नीयत रखने वालों के अंदर जिन्ना का डीएनए



दिल्ली के जहांगीरपुरी हिंसा मामले पर केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने जोरदार हमला बोला है। मंगलवार को कटिहार में भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा, तबाह और बर्बाद करने की नीयत रखने वालों के अंदर जिन्ना का डीएनए हैं। अब यह हमारे देश में नहीं चलेगा। भारत में हमारी टॉलरेंस की कोई परीक्षा न लें, परीक्षा लेने का समय बीत रहा है। आजादी के बाद पाकिस्तान में हमारे मंदिर टूट गए। भारत में दिनों-दिन मस्जिदों की संख्या 3 हजार से बढ़कर 3 लाख के करीब हो गई है, लेकिन आज तक हमने इस संदर्भ में कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं की। उन्होंने कहा, अगर भारत में रामनवमी और हनुमान जयंती पर झांकी और शोभायात्रा नहीं निकलेगी तो क्या अफगानिस्तान या पाकिस्तान में निकलेगी। अगर ऐसा हुआ तो यह देश के साथ अन्याय होगा।

## दिल्ली सरकार का शिक्षा गीत हर व्यक्ति को समझाएगा शिक्षा का असली मकसद : सिसोदिया

### मंगलवार को दिल्ली एजुकेशन सॉन्ग को लॉन्च किया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार हर बच्चों को उनके पढ़ने-लिखने के असल मकसद से परिचित करवाने के लिए दिल्ली एजुकेशन सॉन्ग को लांच किया।

केजरीवाल सरकार ने एजुकेशन को लेकर अपने विज़न व प्रेरणा पर आधारित दिल्ली एजुकेशन सॉन्ग को लांच किया। ये नन्हें फूल ही इक दिन नया भारत बनाएंगे, इरादा कर लिया है हम इन्हें ऐसा पढ़ाएंगे की लिरिक्स के साथ इस सॉन्ग के माध्यम से केजरीवाल सरकार हर बच्चे को उनके पढ़ने-लिखने के असल मकसद से परिचित करवाना चाहती है।

मंगलवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को ये नन्हे फूल ही इक दिन नया भारत बनाएंगे, इरादा कर लिया है हम इन्हें ऐसा पढ़ाएंगे दिल्ली एजुकेशन सॉन्ग को लॉन्च किया। श्री सिसोदिया ने कहा कि एक इंसान अपने जीवन के



महत्वपूर्ण 20 साल शिक्षा को देता है लेकिन 20 साल लम्बी शिक्षा देकर हम चाहते क्या हैं ? हमारा इरादा क्या है ?

बच्चे, माता-पिता, समाज और राष्ट्र शिक्षा से चाहते क्या है ? इन्हीं सवालों का जवाब ये शिक्षा गीत देगा। उन्होंने कहा कि शायद ही दुनिया में शिक्षा से जुड़ा कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो इस गीत को सुनकर ये नहीं सोचेगा कि उसकी पढ़ाई का असल इरादा वही था जो इस गीत में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का शिक्षा गीत केवल एक गीत नहीं बल्कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का संकल्प है कि हम सब मिलकर अपने बच्चों को कैसी शिक्षा देंगे ये इरादा है इस गीत का।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का शिक्षा विभाग देश व दुनिया का पहला ऐसा शिक्षा विभाग होगा जिसने अपना शिक्षा गीत बनाया है।

पिछले 5-7 साल से दिल्ली की शिक्षा प्रणाली में रोज नए बदलाव आए हैं। सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार हो गई है लेकिन क्या शिक्षा का इरादा केवल 5 स्टार चमचमाते स्कूल बिल्डिंग बनाना व सुविधाएं देना है ? क्या शिक्षा का इरादा केवल अच्छे नतीजे लेकर आना है ? बच्चों का आईआईटी, लॉ, मैनेजमेंट, मेडिकल जैसे क्षेत्रों में चयनित होना या बेहतर नौकरी पा लेने भर तक सीमित है ? नहीं शिक्षा का इरादा केवल यहां तक सीमित नहीं है बल्कि उससे कहीं ज्यादा है।

सिसोदिया ने कहा कि दुनिया का कोई भी पेरेंट्स अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का जो सपना देखता है, वे सभी बातें 68 पन्नों में समाहित हमारी नई शिक्षा नीति में कही गई हैं इनका जिक्र इस गीत में भी किया गया है। उन्होंने कहा कि ये केवल दिल्ली का शिक्षा गीत नहीं है बल्कि पूरे देश में शिक्षा को लेकर देखे गए सपने को पूरा करने का गीत है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी शिक्षा का इरादा केवल मैथ्स, हिस्ट्री ,इकोनॉमिक्स जैसे विषयों के कॉन्सेप्ट्स को समझना मात्र नहीं है, बल्कि हमारी शिक्षा का असली मकसद देश को, समाज को खड़ा करना है। वरना पढ़ने-लिखने के बाद भी कोई जात-पात के आधार पर भेदभाव करे तो वो पढ़ा ही क्या ? जो महिलाओं का सम्मान न करे वो पढ़ा ही क्या ?

जो इंसान को इंसान न समझे वो पढ़ा ही क्या ? उन्होंने कहा कि आज वर्तमान में हम देखते हैं कि लोग सड़कों पर गुंडई करते हैं ये देख कर डर लगता है कि हमारे देश को क्या हो गया है ? सड़कों पर गुंडई करने वाले ये लोग आम लोगों के घरों में घुस जाते हैं, दुकानों में घुस जाते हैं। ऐसी पढ़ाई का क्या ही मतलब जहां ये लोग पढ़े-लिखे लोगों को भी मूर्खों की तरह लड़वा देते हैं।

## केरल के मंदिर में मुस्लिमों की एंट्री बैन

### कन्नूर जिले में विशु त्योहार के दौरान लगाया गया बोर्ड, अब इस पर गहराया विवाद

तिरुवनंतपुरम। केरल में एक मंदिर ने मुस्लिमों की एंट्री बैन कर दी, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। कन्नूर जिले के कुंहिमंगलम में मल्लियोट्ट पलोट्टू कावू मंदिर के बाहर बोर्ड लगाया गया, जिसमें लिखा गया कि फेस्टिवल के समय मंदिर प्रांगण में मुस्लिमों को घुसने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद इस मुद्दे पर कंट्रोवर्सी शुरू हो गई।

मंदिर में 14 से 19 अप्रैल के बीच विशु त्योहार के दौरान यह बोर्ड लगाया गया। यह पहली बार नहीं था कि इस त्योहार के दौरान मंदिर के बाहर ऐसा बोर्ड लगाया गया हो। पिछले साल भी मंदिर के बाहर ऐसा बोर्ड लगाया गया था।



#### कम्युनिस्ट पार्टी ने की निंदा

कन्नूर जिले के CPI(M) के जिला सेक्रेटरी एमवी जयाराजन ने कहा कि मंदिर के बाहर ऐसा बोर्ड लगाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और अच्छा होगा अगर इस बोर्ड को हटा दिया जाए।

डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मंदिर में मुस्लिमों के घुसने पर रोक लगाने पर विरोध दर्ज कराया है। संस्था का कहना है कि कुंहिमंगलम जैसी जगह अपने भाईचारे और संस्कृति के लिए जानी जाती है। ऐसी जगह पर ऐसा बोर्ड लगाना धर्मनिरपेक्ष समाज के लिए एक चुनौती है। अपनी फेसबुक पोस्ट में संस्था ने कहा कि पिछले साल इतने विरोध प्रदर्शन होने के बाद भी प्रशासन ने वही काम किया है, यह शर्मनाक है।

#### प्रथाएं बताती हैं भाईचारे की कहानी

मंदिर में विराजे भगवान का नाम अथियेदम पालोट्टू है। मान्यता है कि उन्हें मंदिर में चेम्मारन पनिकर नाम का एक व्यक्ति लेकर आया था। मंदिर के भगवान को विष्णु का पहला अवतार माना जाता है।

केरल के उत्तरी मालाबार क्षेत्र में थेय्यम प्रस्तुतियां होती हैं। थेय्यम में नृत्य संस्कार होते हैं, जिसमें नृत्य करने वाला व्यक्ति थेय्यम कहलाता है और उसे ईश्वर से बात करने का जरिया माना जाता है। कन्नूर के लोकसाहित्य के जानकार कन्नन वाईवी ने बताया कि पुराने समय में थेय्यम लोगों पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं था कि वे किसी खास समुदाय से बात नहीं कर सकते हैं। मंदिर में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने जैसे डेवलपमेंट पिछले 50 साल में ही हुए होंगे।

## मुंबई की 72 फीसदी मस्जिदों ने कम की लाउड स्पीकर की आवाज

मुंबई। महाराष्ट्र में लाउड स्पीकर को लेकर जारी विवाद के बीच मुंबई में मौजूद 72 फीसदी मस्जिदों ने अजान के दौरान लाउड स्पीकर की आवाज कम कर ली है। इसके अलावा कई मस्जिदों ने सुबह की अजान के लिए लाउड स्पीकर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। मुंबई पुलिस द्वारा हाल में जारी किए गए सर्वे में ये बात सामने आई है। महाराष्ट्र पुलिस का ये सर्वे ऐसे समय पर आया है जब ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा संगठन की मुंबई शाखा ने मुंबई पुलिस से लाउड स्पीकर के इस्तेमाल को लेकर परमिशन मांगी है। संगठन ने कहा कि कुछ लोग नमाज के दौरान लाउड स्पीकर का इस्तेमाल बंद कराना चाहते हैं इसलिए उन्होंने मुंबई पुलिस से इजाजत चाहिए। संगठन ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को चिट्ठी लिखकर इस मामले में जरूरी दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट मोईनुद्दीन अशरफ ने कहा कि मुंबई की मस्जिदें लाउड स्पीकर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पहले से ही पालन कर रही हैं। अशरफ ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया है कि वो सभी पुलिस स्टेशनों को मस्जिद में लाउड स्पीकर के इस्तेमाल की इजाजत देने का निर्देश जारी करें।

घुसपैठ

### 60 से 80 आतंकी भारत में घुसने की फिराक में, पाकिस्तान ने तैनात की हैवी कैलिबर तोपें

## एलओसी पर फिर एक्टिव हुए आतंकी लांच पैड्स

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने कश्मीर घाटी में लाइन ऑफ कंट्रोल पर स्थित आतंकियों के लॉन्च पैड्स को फिर से सक्रिय कर दिया है। इस समय वहां 60 से 80 आतंकवादी मौजूद हैं। माना जा रहा है कि ये अफगानिस्तान से लौटे आतंकी हैं। इन्हें यहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पाकिस्तान गर्मियों के दौरान इन आतंकियों की भारत में घुसपैठ कराने की कोशिश करा सकता है।

इसके अलावा पाकिस्तान ने सीमा पर 60 हैवी कैलिबर तोपें भी तैनात कर रखी हैं। भारत के हवाई हमलों को नाकाम करने के लिए पाकिस्तान ने आसमानी सुरक्षा को भी पुख्ता कर लिया है।



हालांकि, पाकिस्तान को इन आतंकियों को भारत में भेजने से पहले कई बार सोचना होगा क्योंकि इस्लामाबाद अभी भी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट में है। अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान की गंभीरता का अंदाजा तभी लगाया जा सकता है जब यह आतंकी ढांचे को खत्म कर दे।

#### कुछ समय खाली रहे लॉन्च पैड्स

अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, 2019 में भारतीय सेना की सख्ती के बाद पाकिस्तान इन लॉन्च पैड्स से दूर रहा। इसके बाद वे कुछ समय के लिए फिर उभरे और बाद में फिर से गायब हो गए। लेकिन, खुफिया सूचना और फील्ड इकाइयों की निगरानी के अनुसार पिछले साल अगस्त से फिर से सक्रिय हुए इन लॉन्च पैड्स पर 60 से 80 आतंकवादी मौजूद हैं।

#### पाकिस्तान ने मजबूत की अपनी स्थिति

जानकारी के अनुसार ये आतंकी अफगानिस्तान में युद्ध से लौटे पाकिस्तानी आतंकी हो सकते हैं। अधिकारियों ने आगे बताया कि एलओसी पर पिछले साल से युद्ध विराम चल रहा है और पाकिस्तानी सेना ने 2019 में पीछे हटने के बाद इस समय का इस्तेमाल अपनी स्थिति को मजबूत बनाने में किया है। उसने यहां लगभग 8000 टन विस्फोटक सामग्री एकत्र कर ली है।

#### कैलिबर तोपें तैनात

पाकिस्तानी सेना ने पिछले साल से जारी युद्ध विराम का लाभ उठाते हुए इस समय का इस्तेमाल अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ सीमा पर 60 हैवी कैलिबर तोपों की तैनाती करने में किया है। सूत्रों ने कहा कि एक ओर भारतीय सेना ने एलओसी पर रणनीतिक बढ़त बनाए रखी है, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि आतंकवादी घुसपैठ न कर पाएं।

## भारत में कोरोना के 1,274 नए मामले दर्ज

### देश में इस समय कोरोना से होने वाली मौतों की दर 1.21 प्रतिशत है

नयी दिल्ली,। देश भर में कोरोना संक्रमण के घटते-बढ़ते मामलों के बीच पिछले 24 घंटों में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है, जिसके साथ ही देश में इस महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 5,21,966 हो गयी है। देश में इस समय कोरोना से होने वाली मौतों की दर 1.21 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे तक 1,86,72,15,865 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 1,274 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या



11,860 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.31 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 928 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4,25,11,701 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में 4,01,909 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 83,25,06,745 कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक 211 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इसके बाद यहां पर कोरोना मरीजों की संख्या 1,729 हो गयी है। इस दौरान 290 लोगों के स्वस्थ होने से ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या 18,41,162 हो गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से किसी मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों का आंकड़ा 26,160 पर स्थिर रहा।

इसी बीच, केंद्र सरकार ने केरल सरकार से अनुरोध किया है कि कोरोनावायरस के आंकड़े पांच दिन के अंतराल की जगह दैनिक रूप से दिये जाएं। फिलहाल राज्य में सक्रीय मामलों की संख्या 2,466 है।

## शार्ट न्यूज

### लश्कर कमांडर शेख सजाद आतंकी घोषित, केंद्र सरकार ने कसा शिकंजा

नई दिल्ली। लश्कर-ए-तैयबा के कमांडरों में से एक शेख सजाद को केंद्र सरकार ने यूएपीए 1967 के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। केंद्र सरकार ने लश्कर कमांडर पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। मंत्रालय के मुताबिक वह जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह कर आतंक के रास्ते पर लाने का काम करता था। इसके अलावा हथियार और गोलाबारूद की बरामदगी मामले में वह फरार था। श्रीनगर के प्रेस एन्क्लेव में रहने वाले जाने माने पत्रकार की हत्या के मामले में भी सज्जाद आरोपी है। इससे पहले मंत्रालय ने यूएपीए 1967 के तहत मुश्ताक अहमद जरगर को आतंकी करार दिया था। वह अलउमर मुजाहिदीन का चीफ कमांडर था। वह इंडियन एयरलाइन्स के एक हाइजैकिंग मामले में भी शामिलथा। इसके अलावा मुंबई हमले के मास्टरमाइंड और लश्कर के फाउंडर हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद को केंद्र सरकार ने आतंकियों की सूची में रखा है।

### मोदी के जम्मू दौरे से पहले उपराज्यपाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया



जम्मू। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को सांबा जिले के पल्ली गांव के दौरे से पहले ही सभी प्रकार की व्यवस्था करने के लिए प्रशासन की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री 'पंचायती राज दिवस' के अवसर पर पाली पंचायत के दौरा के साथ जम्मू कश्मीर के तीस हजार पंचायती राज संस्था( पीआरआई ) के सदस्यों के साथ-साथ देश भर के सात सौ पंचायतों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, प्रशासन ने बेहतर काम किया है। यहां सभी प्रकार के इंतजाम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधनमंत्री पंचायत के सदस्यों को संबोधित करने के साथ-साथ कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रदेश में 70 हजार करोड़ रुपये की औद्योगिक निवेश शुरू करने के अलावा दो उर्जा परियोजनाओं के साथ विकास परियोजनाओं की शुभारंभ तथा उद्घाटन करने की उम्मीद है।

### युकां की यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता का दूसरा सीजन उत्तराखंड में लॉन्च

देहरादून। भारतीय युवा कांग्रेस (युकां) की ओर से देश के युवाओं के लिये शुरू की गई यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता का सीजन- दो अब उत्तराखंड के विधानसभा और जिलों में भी शुरू हो गया है। मंगलवार को देहरादून स्थित कांग्रेस भवन में युकां के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुणोदय सिंह परमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने यहां इसकी विभिन्न तिथि भी घोषित कीं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मंशानुसार युवाओं की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह भाषण प्रतियोगिता (सीजन-2) 26 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को प्रदेश स्तर पर लॉन्च करने के लिए युकां के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को प्रदेशों का प्रभार सौंपा गया है, जो प्रदेश मे जाकर यंग इंडिया के बोल को प्रदेश, जोन और जिले स्तर पर लॉन्च करेंगे और इसका क्रियान्वयन करेंगे। श्री परमार ने बताया कि पिछले वर्ष यंग इंडिया के बोल के माध्यम से कई युवाओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने का मौका मिला था। इसी क्रम में आज इसके सीजन-2 को उत्तराखंड में लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने राज्य के युवाओं से आग्रह किया कि वे भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से प्रताड़ित हैं, अगर उनको भी आज देश के मौजूदा हाल को देखकर गुस्सा आता है तो वे इस भाषण प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस सरकार की पोल देशवासियों के समक्ष खोलिए और भारत को बचाने के संघर्ष का हिस्सा बनिये।

### टीएफसीसी के अध्यक्ष नरायण दास का निधन

**हैदराबाद।** तेलुगु फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (टीएफसीसी) के अध्यक्ष नरायण दास के नारंग का मंगलवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। उनके दोनों बेटे सुनिल नारंग और भरत नारंग भी फिल्म निर्माता हैं। दास ने अपने जीवन काल में 600 से अधिक फिल्मों में निवेश किया। वह एशियन फिल्म के संस्थापक थे। एशियन समूह के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अभिनेता महेश बाबू, विजय देवरकोंडा तथा अल्लू अर्जून के साथ मिलकर बहुपटीय सिनेमा (मल्टीप्लेक्स) बनाया और उसका नाम एएमबी सिनेमा, एवीडी सिनेमा तथा एएए सिनेमा रखा। उन्होंने श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी के बैनर तले शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित 2021 में रामांस ड्रामा लव स्टोरी को निर्मित किया। इस फिल्म में नागा चैतन्य, साईं पल्लवी और नागा शौर्य ने अभिनय किया था। नरायण दास के निधन से पूरे फिल्म जगत में शोक की लहर है। चिरंजीवी, महेश बाबू और कई फिल्मी जगत के हस्तियों ने दास के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनके निधन के बाद अभिनेता महेश बाबू ने ट्विटर पर लिखा, ''नारायण दास नारंग गुरु के निधन से स्तब्ध और दुखी हूं। वह हमारे फिल्म जगत में सफल व्यक्ति थे, उनकी कमी को हमेशा महसूस किया जायेगा। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे उनको जानने और उनके साथ काम करने का अवसर मिला। राज्य सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आयुक्त तथा तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम (टीएसएफडीसी) के प्रबंधक निदेशक अरविंद कुमार ने अपने एक संदेश में टीएफसीसी अध्यक्ष के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### उत्तराखण्ड में मिले 12 नये कोविड संक्रमित

देहरादून। उत्तराखण्ड में मंगलवार को कोविड-19 से संक्रमित 12 नये रोगी मिलने से कुल प्रभावितों की संख्या 92 हजार 256 तक पहुंच गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शाम जारी नियमित रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक स्वस्थ होकर कुल 88 हजार 732 व्यक्ति अपने घर चले गए हैं। राज्य में फिलहाल कुल 35 सक्रिय मामले बचे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आज कोरोना से किसी की भी मृत्यु होने की सूचना नहीं मिली है।

### सहायक अध्यापक के लिए एससी-एसटी व विकलांग अभ्यर्थियों को 5 प्रति छूट देने के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक पद के लिए बीएड सहित स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता खत्म करने संबंधी पचास से अधिक याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए सरकार को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीपी) के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति-जनजाति व विकलांगों अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में हुई। पीठ ने कहा कि सिर्फ उन्हीं अभ्यर्थियों को यह छूट प्रदान की जा सकेगी जिन्होंने स्तानक व बीएड में 45 से 50 प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किए हैं। पीठ ने सामान्य अभ्यर्थियों के मामले पर सुनवाई करते हुए एनसीटीई से जवाब मांगते हुए कहा कि कक्षा छह से आठ तक के अध्यापकों की नियुक्ति के लिए 50 प्रतिशत की बाध्यता नहीं रखी गयी है जबकि प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति पर रखी गयी है, ऐसा क्यों ? पीठ ने इस मामले पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। मुख्य स्थायी अधिवक्ता सीएस रावत की ओर से अदालत को बताया गया कि सरकार द्वारा एससी-एसटी व विकलांग अभ्यर्थियों के मामले में एनसीटीई की गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है।याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक पद के लिए बीएड और स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता रखने के मामले में उच्च न्यायलय व उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की गयी थी।

# जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति सामान्य : डीजीपी

एजेंसी

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि घाटी में सामान्य स्थिति है और आतंकवादियों के अस्तित्व को खत्म किया जा रहा है।

सिंह ने सांबा जिले में पल्ली पंचायत में संवाददाताओं से कहा कि स्थिति सामान्य है और सुरक्षा बल सफलतापूर्वक आतंकवाद रोधी अभियान को अंजाम दे रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को पल्ली पंचायत का दौरा करेंगे और इस दौरान वह पंचायत सदस्यों को संबोधित करने के साथ-साथ विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि आतंकवादी



हमले कर रहे हैं लेकिन उनकी पहचान कर उन्हें खत्म किया जा रहा है।

उन्होंने कहा , ज्यादातर आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े हैं और उन्हें सीमा पार से निर्देशित किया जा रहा है।

हम सभी की पहचान कर रहे हैं और उन्हें खत्म करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।

पुलिस प्रमुख ने अमरनाथ यात्रा के संबंध में कहा कि स्थिति सामान्य है और सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है।

सिंह ने कहा कि सोमवार को कश्मीर में एक आरपीएफ जवान की हत्या के संबंध में बड़ा सुराग मिला है और जल्द ही उसपर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस महानिदेशक ने हथियारों की तस्करी को लेकर कहा कि हथियारों की तस्करी करना पाकिस्तान का नया तरीका बन गया है, जिसे जमीनी रास्ते या ड्रोन से भारत भेजा रहा है लेकिन सुरक्षा बल इन सभी हरकतों पर नजर रख रहे हैं और उन्हें नाकाम कर रहे हैं।

### दहेज हत्या के मामले में पति को आठ साल की सजा

कोटा। राजस्थान में कोटा की महिला उत्पीड़न न्यायालय क्रम-एक ने आज दहेज हत्या के एक मामले में पति मुजीब अहमद को आठ साल के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय में मुजीब अहमद के खिलाफ पेश आरोप पत्र के अनुसार उसकी पत्नी नाजनीन का शव कोटा के दादाबाड़ी स्थित निवास पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था।

## ईपीएफ पुनर्निर्धारण के मामले में कोर्ट ने ईपीएफओ व सरकार से मांगा जवाब



**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने वन विकास पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा उनकी पेंशन का पुनर्निर्धारण करने के मामले में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को प्रदेश सरकार व ईपीएफओ को चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। वन विकास पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से अदालत ने उनकी पेंशन का पुनर्निर्धारण करने की मांग करते हुए कहा कि उन्हें 2500 से 3000 रुपये पेंशन दी जा रही है, जो कि गलत है। सेवा काल के दौरान सेवायोजक की ओर से सम्पूर्ण वेतन पर 12 प्रतिशत ईपीएफ काटा जाता था जबकि सरकार द्वारा सम्पूर्ण वेतन के विपरीत केवल निर्धारित वेतन पर ही 8.33 प्रतिशत ईपीएफ काटा गया, जो कि गलत है। याचिकाकर्ताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय के आरसी गुप्ता बनाम हिमाचल प्रदेश मामले का हवाला भी दिया गया है जिसमें सम्पूर्ण वेतन पर ईपीएफ देने का उल्लेख किया गया है। दूसरी ओर सरकार की ओर से कहा गया कि इसको लागू करने से सरकार पर करोड़ों का आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस निर्णय के खिलाफ सरकार ने शीर्ष अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जो अभी लंबित है।

## सड़क हादसे में एक सीआरपीएफ जवान की मौत, 12 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हैदरपोरा बाईपास पर एक ट्रक ने सोमवार रात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक जवान की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घायलों में ट्रक में सवार एक व्यक्ति भी शामिल है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ के सभी घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया जहां कांस्टेबल एम. एन. मणि ने दम तोड़ दिया। घायल कंडक्टर तनवीर हुसैन को श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। सीआरपीएफ के घायल जवानों की पहचान मंजेश कुमार, चालक हेमराज सैनी, सुशांत विश्वास, गंगा राम, इंस्पेक्टर आशीष मिश्रा, जसराज बत्ती, सुशांत कुमार स्वैन, दिलीप कुमार, शिव कुमार, प्रमोद किरो और ज्ञान प्रकाश के रूप में की गयी है।

# मोदी की यात्रा से पहले जम्मू की पल्ली पंचायल को मिला सौर ऊर्जा संयंत्र

**सांबा ( जम्मू-कश्मीर )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू यात्रा से पहले केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को सांबा जिले के पल्ली पंचायत समिति क्षेत्र में 500 किलोवॉट क्षमता के सौर बिजली संयंत्र का दौरा किया।

यह संयंत्र 20 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है और इससे बिजली उत्पादन चालू हो गया है।

श्री मोदी राष्ट्रीय पंचायती राजदिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को जम्मू का दौरा करने वाले हैं।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ़ सिंह ने पल्ली पंचायत में स्थापित इस संयंत्र का दौरा किया और इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके चालू होने से गांव के 340 घरों को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होगी।

उनके साथ सांसद किशोर शर्मा और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक चेतन प्रकाश जैन मौजूद रहे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के उपक्रम सीईएल की टीम ने प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले बहुत कम समय में यहां इस संयंत्र का निर्माण किया है।

डॉ़ सिंह ने 20 दिन के अंदर इस 500 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए सीईएल के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि 6,408 वर्ग मीटर में फैले इस संयंत्र को 25 लोगों की टीम ने रिकॉर्ड तेजी के साथ पूरा किया है और 2.75 करोड़ रूपये की लागत से पूरा किया है। इससे पंचायत समिति के 340 घरों को रोजाना करीब 2000 यूनिट स्वच्छ बिजली स्थानीय ग्रिड के माध्यम से मिलेगी। इस वर्ष पंचायती राजदिवस के समारोह और प्रदर्शनी के लिए सांबा जिले की पल्ली पंचायत को चुना गया है। प्रदर्शनी में कृषि क्षेत्र की नयी-नयी तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा ताकि किसान उनके माध्यम से अपनी आय सुधार सकें।

श्री मोदी राष्ट्रीय पंचायती राजदिवस पर 24 अप्रैल को एक सभा को संबोधित करेंगे, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू -कश्मीर के पंचायती राज संस्थाओं के तीन हजार से अधिक सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा देशभर के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे।पल्ली पंचायत में लगायी जा रही प्रदर्शनी में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), बायोटेक किसान योजना, खेती-बाड़ी में ड्रोन के प्रयोग, एरोमा( सुगंधित पौध) मिशन, पुष्पों की खेती, बांस के आधुनिक प्रयोग, जल प्रबंध और ग्रामीण विकास के क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकी को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजन में जम्म-कश्मीर प्रशासन के अलावा केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास, पंचायती राज और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जा रहा है।

# ओडिशा प्रदेश पार्टी अध्यक्ष, विधायक दल के नेता में बदलाव की मांग

भुवनेश्वर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जेयपोरे से विधायक तारा प्रसाद बाहिनीपति ने मंगलवार को कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पद में बदलाव की मांग की, जबकि एक अन्य विधायक संतोष सिंह सलूजा ने विधायक दल के नेता में बदलाव किए जाने की अपनी मांग रखी।

श्री बाहिनीपति ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि वह कांग्रेस आलाकमान से पार्टी के मौजूदा विधायक को ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने का अनुरोध करेंगे।

उन्होंने कहा कि ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष निरंजन पटनायक पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं हैं।

श्री बाहिनीपति ने कहा कि अगर पार्टी के नए अध्यक्ष की नियुक्त विधायकों में से की जाती है, तो सभी नौ विधायक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए रैली का आयोजन करेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि उन्हें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पद की पेशकश की जाती है तो वे उसे स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस आलाकमान उनके सुझाव को स्वीकार नहीं करते हैं, तो पार्टी के विधायक अपना असंतोष जाहिर करते हुए आगामी चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं।

बहरहाल इस दौरान उन्होंने पार्टी छोड़ने या अन्य किसी राजनीतिक दल में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया।

खड़ियार से कांग्रेस के विधायक अधिराज पाणिग्रही ने कहा, %%पार्टी आलाकमान जो भी तय करता है हम उसे स्वीकार करेंगे, हालांकि यदि विधायकों में से किसी को पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो यह काफी अच्छा होगा।%%

उन्होंने कहा कि निरंतन पटनायक साल 2019 में ही अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं और आलाकमान के द्वारा उन्हें इस्तीफे को स्वीकार किया जाना चाहिए और यथाशीघ्र एक अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी चाहिए।

कांटाबाजी से कांग्रेस विधायक संतोष सिंह सलूजा ने कहा, हम पार्टी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पार्टी आलाकमान के फैसले को स्वीकार करेंगे।

उन्होंने अध्यक्ष के साथ-साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता को भी बदलने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि राज्य में हाल ही में संपन्न हुए पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ओडिशा राज्य कांग्रेस में बदलाव की मांग लगातार बढ़ रही है।

# पुडुचेरी में प्लास्टिक कचरे से टार रोड कार्य का उद्घाटन

एजेंसी

**पुडुचेरी।** केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा अध्यक्ष आर सेल्वम ने मंगलवार को प्लास्टिक कचरे से टार रोड बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया।

अध्यक्ष कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि शहर में कम से कम 25 टन प्लास्टिक कचरा प्रतिदिन इक्ट्ठा किया जाता था, जो पर्यावरण के लिए एक बड़ी चुनौती है।

पुडुचेरी के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग ने एकजुट होकर प्लास्टिक कचरे को उपयोग में लाने पर विचार-विमर्श किया और मदुरै त्यागराजर इंजीनियरिंग कॉलेज की एक विशेषज्ञ समिति की सलाह पर प्लास्टिक कचरे का उपयोग टार रोड बिछाने का फैसला लिया गया।

विज्ञप्ति के अनुसार, विभाग ने पुडुचेरी अरियानकुप्पम कम्यून पंचायत के साथ मिलकर आज यहां मनावेली शहर से तमिलनाडु के एडयारपालयम शहर तक प्लास्टिक कचरे का प्रयोग करके दो सौ मीटर टार रोड बिछाने का कार्य शुरू किया।

## मोदी ने झुंझुनूं जिले में गुढ़ागौड़जी सड़क दुखान्तिका पर जताया दुख

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले में गुढ़ागौड़जी सड़क दुखान्तिका पर गहरा दुख जताया है और उन्होंने इसके प्रत्येक मृतक के आश्रित को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि झुंझुनूं में हुए दर्दनाक हादसे से वह आहत हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसी तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि झुंझुनूं जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु बेहद दुखद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति तथा परिजनों को इस आघात को सहन करने का सम्बल देने की प्रार्थना की। उन्होंने हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि राजस्थान के झुंझुनूं जिले में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की जान जाने की खबर से मन दुखी है। श्री नड्डा ने शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ जताते हुए ईश्वर उन्हें इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने साथ ही घायलों के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# त्रिपुराः अफ्रीकी स्वाइन फ्लू की चेतावनी

अगरतला। त्रिपुरा में सिपाहीजला जिले के देबीपुर में पशु संसाधन विकास विभाग (एआरडीडी) द्वारा संचालित प्रजनन फार्म में कुछ संदिग्ध मामले आने के बाद अफ्रीकी स्वाइन फ्लू( एएसएफ) की चेतावनी जारी की गई है।

एआरडीडी के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है।

विभाग ने पिछले सप्ताह सात अप्रैल को उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला, गुवाहाटी को जांच के लिए तीन नमूने भेजे थे। जांच की रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने हालांकि एएसएफ की पुष्टी की है, जबकि कुछ




सूअरों की संदिग्ध मृत्यु के बाद सभी एहतियातन उपाय किए गए हैं।

एआरडीडी के रोग जांच केंद्र के विशेषज्ञों की एक टीम फार्म की स्थिति की निगरानी में जुटी हुई है और अन्य किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दो त्वरित कार्यबल टीमों का गठन किया गया है। इसी दौरान फार्म में सूअरों को मारने के लिए कुछ दवाओं का उपयोग किया गया है, जबकि राज्य के अन्य जगहों पर सूअरों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए सलाह दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में सूअरों को आमतौर पर कई बिमारियों का समाना करना पड़ता है तथा कभी- कभी उनकी स्थिति खराब हो जाती है। दिबापुर के फार्म में हाल ही में एएसएफ के मामले को देखते हुए सूअरों को अलग- अलग करके आश्रय घरों का नियमित रूप से सफाई की जा रही है, जिससे बिमारी को फैलने से रोका जा सके।

अधिकारी ने कहा , हम भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

पशु संसाधन विकास विभाग के अधिकारियों ने कहा, संक्रमित सुअर के एक किलोमीटर दायरे में मौजूद सभी सूअरों को मार दिया जायेगा तथा सूअरों से किसी भी प्रकार का संक्रमण न फैले इसके लिए सभी को दफनाया जायेगा।

उन्होंने बताया, हम बिमारी को फार्म तथा इसके आस-पास तक ही सीमित करने का प्रयास कर रहे हैं। सभी नियमों का पालन करने के बाद हालांकि संक्रमण नहीं फैलेगा।


# मान बताएं कि पंजाब के दरिया का पानी छोड़ने की गारंटी उनकी सहमति से दी गई : चीमा

एजेंसी

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाबियों को बताएं कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता ने पार्टी की ओर से दी गई गांरटी उनकी सहमति से दी है। गौर करने वाली बात है कि श्री गुप्ता ने कहा था कि पंजाब के सतलुज नदी का पानी हरियाणा के हर खेत में पहुंचेगा।

अकाली दल के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने आज श्री गुप्ता के बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुये कहा कि आप पार्टी के हरियाणा के सांसद इस तरह की गारंटी तभी दे सकते हैं जब उन्हें आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीपाल की ओर से ऐसा करने के लिए कहा गया हो। श्री मान को इस मुद्दे पर तुरंत अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि पंजाब आम आदमी पार्टी को हरियाणा में चुनावी लाभ के लिए अपने बुनियादी हितों को बदलने की अनुमति नही देगा।

चीमा ने कहा कि ऐसा लगता है कि



यह पार्टी किसी को भी धोखा दे सकती है, यहां तक कि करोड़ों पंजाबियों को भी, जिन्होने राज्य विधानसभा के लिए अपने 92 विधायकों को चुनकर भारी जनादेश दिया है।

इस जीत को केवल एक महीना ही हुआ है और आप पार्टी पहले से ही यह घोषणा कर पंजाबियों को हल्के में ले रही है कि वह राज्य के नदी के पानी को हरियाणा को दे देंगे। ऐसा लगता है आम आदमी पार्टी पंजाबियों को कांग्रेस द्वारा अपने नदी के पानी को छीनने पर दिए गए जख्मों पर नमक छिड़कने पर तुली हुई है।

उन्होंने कहा कि हमारी नदी का पानी हमारी जिन्दगी है। हमने हमेशा कहा है कि हमारे पास पानी की एक भी अतिरिक्त बूंद नही है। हमारी अपनी अधिकांश भूमि पानी की कमी का सामना कर रही है और राज्य के 138 ब्लॉकों में से 109 को पानी के स्तर के गिरते स्तर के कारण रेड जोन में डाल दिया गया है।

अकाली दल ने नदी की रक्षा के लिए आंदोलनों की अगुवाई की है। इसमें कपूरी मोर्चा के साथ-साथ पंजाब पुनर्गठन अधिनियम की धारा 78 की वैधता को चुनौती देना शामिल है, जिसकी व्याख्या 1979 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल द्वारा केंद्र को पंजाब के नदी के पानी पर नियंत्रण देने के लिए कही गई थी।

अकाली दल के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में किसानों को सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण के लिए अधिगृहत की गई जमीन को भी किसानों को वापिस सौंप दिया था। अब भी हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने पकड़ा 75 हजार 500 लीटर नकली डीजल

एजेंसी

**सिरसा।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने हरियाणा में सिरसा के नाथूसरी चोपटा थानार्गत गांव गुसाईआना में एक बंद पड़ी खल बिनौला फैक्ट्री में छापामारी कर 75 हजार 500 लीटर नकली डीजल बरामद किया है। इसके अलावा एक तेल टैंकर, भंडारण के लिए रखा एक बड़ा टैंक, पांच छोटी टंकिया व पांच भरे हुए ड्रमों व डीजल तैयार करने का केमिकल को भी अपने कब्जे में लिया है। पकड़े गए डीजल के नमूने लेकर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व पुलिस ने जांच के लिए मधुबन भेजे हैं। सैंपल की रिर्पोट आने तक इस फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। पृथम दृष्टया उड़नदस्ता व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी इसे नकली डीजल मान रहे हैं।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएफएसओ संदीप कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यहां से नकली डीजल तैयार कर पास पड़ोस के गावों व पड़ोसी प्रांत राजस्थान के नोहर, भादरा व चुरू क्षेत्र में सप्लाई किया जाता था। राजस्थान के कुछ लोग यहां से सस्ते दामों पर तेल लेकर छोटी गाड़ियों में ड्रम भरकर वहां के गावों में इसे डीजल बता कर मंहगे दाम पर बेचते थे।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इस डीजल के सैंपल भरकर नाथूसरी चोपटा पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। पुलिस ने फैक्ट्री से दीपक कुमार व रमेश कुमार को भी दबोचा है जबकि असली मालिक अभी फरार बताए जा रहे हैं।

बताया यह भी जा रहा है कि यह गोरख धंधा सत्तारूढ़ दल से जुड़े कुछ लोगों की मिलीभगती से चल रहा था,जिससे स्थानीय प्रशासन व पुलिस हाथ नहीं डाल रही थी।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएफएसओ संदीप कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात दो बजे मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी शमशेर सिंह व इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने यहां छापामारी की। इस दौरान वहां तेल से भरा एक बड़ा तेल टेंकर खड़ा था जबकि भंडारण के लिए रखे अन्य टैंकरों को भरकर बिक्री के लिए रखा गया था। इनके अलावा, गाड़ियों व ड्रमों में तेल भरने के लिए गैर तरीके से एक मशीन भी रखी हुई थी, इन सबको कब्जे में ले लिया गया है।

इस दस्ते ने देर रात्री को स्थानीय पुलिस को सूचित कर बुलाया। वहीं आज सुबह उड़नदस्ते ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सुरेंद्र सैनी, एएफएसओ संदीप कुमार, जिला नापतोल इंस्पेक्टर धर्मपाल को मौके पर बुलाकर आगे की कार्यवाही शुरू की। इस टीम ने गुसाईआना गांव के तीन अन्य पेट्रोल पंपों के डीजल के सैंपल भी जांच के लिए भरे।

खल बिनौला फैक्ट्री मसलिक ने बताया कि करीब छह माह पहले उसने यह जगह आदमपुर के विनोद गोयल को किराए पर दे दी थी ?।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय एकता मंच पार्टी मुख्यमंत्री दिल्ली के निवास पर ज्ञापन देगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय एकता मंच पार्टी के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि पार्टी के लगभग 200 कार्यकर्ता, 27 अप्रैल 2022 दिन बुधवार प्रात: 9.30 बजे मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को नांगलोई से नजफगढ़ तक मेट्रो चलाने, विकासपुरी से चन्दर विहार को जोड़ने वाले पुल को डबल करने – जिन कॉलोनी में सीवर नही है उनमें सीवर डालने – कॉलोनी में PNG गैस पाइप लाइन डालने – विधवा / बुजुर्गों / विकलांग आदि की पेंशन के काम में तेज़ी लाने – बुजुर्गों व विद्यार्थियों को फ्री बस पास देने – नए राशन कार्ड को बनाने की प्रकिर्या में तेज़ी लाने – रेहडी पटरी की हर वार्ड स्तर पर मार्किट बनाने – दिहाड़ी मजदुर को मेडिकल कार्ड उपलब्ध कराने – दिल्ली के गैस कर्मचारियों को प्रबंधक से ESI, PF का वेतन दिलवाने। नांगलोई नजफगढ़ रोड पर दिल्ली सरकार का हॉस्पिटल बनाने। पंजाब की तरह दिल्ली में भी 300 यूनिट बिजली फ्री व महिलाओं को 1000 रुपये पेन्शन देने, दिल्ली सरकार के स्कूल में गेस्ट टीचर को परमानेन्ट करने व दिल्ली के सरकारी हॉस्पिटल में कॉन्ट्रैक्ट / कंपनी के स्टाफ को रोजगार गारंटी देने को लेकर पार्टी के पदाधिकारी श्री रूपेंद्र कुमार राणा, गौरी चौहान, दिलीप शर्मा, उमा दत्त शर्मा, राजकुमार के साथ दिल्ली के R.W.A पदाधिकारी एवं कई धर्म गुरुमुख्यमंत्री निवास स्थान पर मुख्यमंत्री का स्वागत कर ज्ञापन देंगे।

### दिल्ली कोरोना अपडेट : नए मरीजों का आंकड़ा 600 के पार, 414 को मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को दिल्ली में कोरोना वायरस के 600 से अधिक नए मामले सामने आने के साथ ही राजधानी में पाजिटिविटी दर 4.42 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी मरीज ने आज दम नहीं तोड़ा वहीं, 414 मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली सरकार द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों में 14,299 परीक्षणों के बाद 562 नए मामले समाने आए हैं। इससे एक दिन पहले सोमवार को 501 नए मामले सामने आए थे और पाजिटिविटी दर 7 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई थी। दिल्ली में अब सक्रिय मामलों की संख्या 1947 हैं। नए मामलों के साथ दिल्ली में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,69,683 हो गई, जबकि मृतक संख्या 26,160 रही। मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया है कि कुल 1,274 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। वहीं, दिल्ली में बढ़ती संक्रमण दर को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि हालात ज्यादा चिंताजनक नहीं है। अधिकतर मामले हल्के संक्रमण के है। विशेषज्ञों का कहना है कि मामलों के बढ़ने पर मृत्यु दर जरूर बढ़ेगी। अस्पताल में भर्ती दर में भी इजाफा होगा। लेकिन स्थिति नियंत्रण के बाहर नहीं होगी। आपको बता दें कि कल दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महामारी की स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक करने के लिए तैयार है, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल करेंगे। बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन शामिल होंगे।

### जहांगीरपुरी हिंसा : शोभायात्रा के पीछे तलवारे लेकर भागे थे लोग

नई दिल्ली। हनुमान जयंती के पर्व पर शनिवार को निकाली गई शोभायात्रा के दौरान दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में फैली सांप्रदायिक हिंसा का एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि शोभा यात्रा में पीछे से हमला हुआ था। लोगों के हाथ में तलवारे हैं और वे मस्जिद के सामने से भाग रहे हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस की जाँच और एफआईआर में एक बात कॉमन थी कि शोभा यात्रा आराम से निकल गई थी तभी अंसार और उसके 4 साथियो ने यात्रा के एन्ड में जो लोग थे और उनसे बहस के बाद मारपीट हुई फिर पत्थरबाजी हुई। फिलहाल पुलिस इस वीडियो को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। इस वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि इस वीडियो की असलियत का भी पता लगाया जा सके। आपको बता दें कि अभी तक इस मामले में पुलिस ने 25 लोगों की गिरफ्तार किया है। जहांगीरपुरी में जहां हिंसा हुई थी वहां और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से करीब 200 वीडियो जुटाए गए हैं। इन्हीं के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने जहांगीरपुरी हिंसा मामले में अपनी आरंभिक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी है जिसमें आपराधिक साजिश की बात कही गई है। सूत्रों के अनुसार इस मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरिम रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में हिंसा का करण मोटे तौर पर आपराधिक साजिश को बताया गया है। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में गृह मंत्रालय को हिंसा की घटना से संबंधित जानकारी तथा इससे निपटने के लिए उसके द्वारा उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी है। रिपोर्ट में अब तक की गई जांच के आधार पर हिंसा के पीछे किसी साजिश की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि जहांगीरपुरी में शनिवार को हनुमान जयंती के मौके पर जब शोभायात्रा निकाली जा रही थी तो जुलूस पर कुछ लोगों ने पथराव किया। इसके बाद हिंसा और आगजनी की घटनाएं भी हुई। हिंसा में पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए थे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार शाम को ही दिल्ली पुलिस के आला अधिकारियों से बात करके उन्हें राजधानी में कानून –व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के नर्दिश दिए थे। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भी कहा था।

### चौथी लहर में कोरोना के निशाने पर मासूम, नोएडा में मिले 107 संक्रमितों में 30 प्रतिशत बच्चे

**लखनऊ।** कोरोना की चौथी लहर की आहट ने जहां एक बार फिर सबकी चिंता बढ़ा दी है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग और अभिभावकों की चिंता इसलिए अधिक बढ़ गई है, क्योंकि इस बार बड़ी संख्या में बच्चे संक्रमित हो रहे हैं। नोएडा में मंगलवार को जो आंकड़े सामने आए हैं, उसने सबको चौकन्ना कर दिया है। दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के इस शहर में 24 घंटे में जिन 107 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनमें से 33 बच्चे हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने यह जानाकरी दी है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 411 हो गई है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि सोमवार सुबह 6 बजे से अब तक 107 लोग और संक्रमित हो चुके हैं, जबकि इस दौरान 32 मरीज ठीक हुए हैं। चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने कहा, %%107 नए केस में से 33 बच्चे संक्रमित पाए गए हैं। सोमवार को नोएडा में 65 नए केस सामने आए थे, जिनमें 19 बच्चे थे। रविवार को डीएम सुहास एल यथीराज ने लोगों से परेशान नहीं होने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने सलाह दी थी कि लोग एहतियात बरतें और कोरोना संबंधी किसी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800492211 पर संपर्क करें। बता दें कि नोएडा में हाल में कई स्कूलों में भी बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए हैं और इसके बाद अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में कतराने लगे हैं। मार्च 2020 में कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद से गौतमबुद्धनगर में अब तक 99,154 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 490 लोगों की जान चली गई। दिल्ली–एनसीआर में कोरोना केसों में तेजी के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद समेत 7 जिलों में एक बार फिर मास्क को अनिवार्य कर दिया है। हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत में भी मास्क को अनिवार्य किया गया है।

### दिल्ली में ओला-उबर कैब चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में ऐप बेस्ड कैब कंपनी ओला और उबर से जुड़े चालकों द्वारा सीएनजी की कीमतों पर सब्सिडी और किराया दरों में संशोधन की मांग को लेकर बुलाई गई हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी है। हालांकि सोमवार को हड़ताल का हिस्सा रहे ऑटो–रिक्शा और पीली–काली टैक्सी यूनियन ने दिल्लीवासियों को राहत देते हुए अपना आंदोलन स्थगित करने का फैसला किया है। ऐप–बेस्ड कैब एग्रीगेटर्स से जुड़े चालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वोदय ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली के अध्यक्ष रवि राठौर ने कहा कि हड़ताल जारी रखने या स्थगित करने पर फैसला शाम को लिया जाएगा।

# गिरफ्तार हिंदुओ के परिवार को पूरा संरक्षण और सहायता देगा यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने जहांगीर पुरी के उस हिन्दू परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है जिसके छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तर किया है। फ्रंट के शीर्षस्थ पदाधिकारी आज अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना सुप्रीमो श्री जय भगवान गोयल के नेतृत्व में जहांगीरपुरी के जी–ब्लाक में रहने वाले गोपालक और रामभक्त सुकून की पत्नी श्रीमती दुर्गा के परिवार से मिला। पुलिस ने सुकून को उसके 21 और 19 वर्षीय दो बेटों व एक नाबालिग 17 वर्षीय बेटे तथा चचेरे भाई और साले को घर से उठा लिया जबकि श्रीमती दुर्गा का कहना है कि उनका किसी से भी झगड़ा नहीं हुआ उनका कसूर मात्र यह था कि उन्होंने शोभायात्रा सजाई थी। गोयल ने परिवार को सांत्वना दी कि उन्हें फ्रंट की ओर से हर प्रकार की आर्थिक व कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। फ्रंट की ओर से तत्काल सहायता के रूप में राशन और आर्थिक



सहायता आज उपलब्ध करवाई गई। बाद में श्री गोयल ने एक वक्तव्य में कहा कि दिल्ली पुलिस अपनी ओर से संतुलन बनाने के लिए हिन्दुओं की गिरफ्तारियां भी कर रही है क्योंकि ओवैसी और केजरीवाल कैसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले लोग पुलिस पर दबाव बना रहे थे। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को हिन्दुस्तान में अपनी धार्मिक शोभायात्रा निकालने और उसमें सम्मिलित होने का पूरा अधिकार है। त्रासदी है कि सैंकड़ो वर्षों से हिंदुस्तान में हिंदू को ही प्रताड़ित किया जाता रहा है और यह आज भी बदस्तूर जारी है। आज समाज में यह ज्वलंत प्रश्न उठ रहा है कि हिन्दू अपने धार्मिक पर्व हिन्दुस्तान में नहीं तो क्या पाकिस्तान या बंगला देश में मनाने जाएंगे। शोभायात्रा बिना अनुमति के निकालने की बात उछाली जा रही है लेकिन घरों की छतों पर ईट–पत्थर, डंडे, तलवारें रखने की इजाजत उन्होंने किस से ली थी।गोयल ने दोहराया कि जहांगीरपुरी के घर–घर की तलाशी लेकर अवैध हथियारों को जब्त किया जाए और अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी और रोहिंग्या मुस्लमानों को उपलब्ध सभी सुविधाएं वापिस ली जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली समेत देश के अधिकांश हिस्सों में सोची समझी साजिश के तहत अघोषित गृहयुद्ध शुरू किया जा चुका है। हिन्दुओं को आत्मरक्षा के लिए स्वयं को खुद तैयार करना होगा।

# भाजपा द्वारा लूटखसोट कर निगम की कंगाली को छुपाने के लिए किया गया एकीकरण : चौ0 अनिल कुमार

## निगम में भ्रष्टाचार और चुनाव में देरी के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों ज़िम्मेदार

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी दिल्ली नगर निगमों का विलय करके एक निगम बनाने पर नोटिफिकेशन हो जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली में बेहतर सफाई व्यवस्था और सुव्यवस्थित विकास के दिल्ली नगर निगम को 2011 में तीन निगमों में विभाजित किया था परंतु विभाजित तीनों निगमों में 15 वर्षों तक भाजपा के भ्रष्टाचारी शासन ने निगमों को कंगाल बना दिया और चुनावो से ठीक पहले आम आदमी पार्टी से मिलीभगत करके निगमों के विलय की घोषणा अपनी विफलताओं और कमजोरियों को छिपाने के लिए कर दी। उन्होंने कहा कि तानाशाही भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी से मिलीभगत करके निगमों का एकीकरण करना सीधा लोकतंत्र पर कुठाराघात है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि आखिर निगमों के एकीकरण का जरुरत क्यों पड़ी, यह बहुत बड़ा प्रश्न है? 15 वर्षों तक निगमों में किए भ्रष्टाचार और भारी लूट के कारण निगम को कंगाल बनाने वाली भाजपा ने चुनावों में हार के डर और अपनी जिम्मेदारियों से भागने के लिए निगमों एकीकरण किया। उन्होंने कहा कि तीनों निगमों में भाजपा और आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद का स्टिंग ऑपरेशन में खुलेआम भ्रष्टाचार उजागर हुआ था। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो ने मिलकर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की मिलीभगत से सक्रिय बिल्डिंग माफिया, पार्किंग माफिया, विज्ञापन माफिया, लैंटर माफिया के भ्रष्टाचार का ही नतीजा है कि निगमों का एकीकरण करना पड़ा।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर अपने निजी लोगों को फायदा पहुँचाने के लिए तीनों निगमों के भवनों, ईमारतों, स्कूलों को बेच डाला। सैंकड़ों करोड़ के नावल्टी सिनेमा सहित 11 प्रापर्टी करक भ्रष्टाचार किया और टाउन हॉल को हेरिटेज होटल बनाकर लीज पर दे दिया है। राजस्व की कमी और आर्थिक भ्रष्टाचार में डूबे दिल्ली नगर निगम को बचाने की बजाय भाजपा ने निगमों का एकीकरण कर दिया। उन्हांने कहा कि भाजपा ने दिल्ली के प्रतिदिन 12350 टन निकलने वाले कचरे का सुव्यवस्थित निपटारा करने की बजाय 15 वर्षों कोई नई लैंडफिल नही बनाई जबकि गाजीपुर, औखला, भलस्वा लैंडफिल पर क्षमता से अधिक कूड़ा डाला जा रहा है इन्हें सुव्यवस्थित करने के नाम पर व ट्रॉमल मशीनों की खरीदारी में भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए।

चौ0 अनिल कुमार ने मांग की कि भाजपा की केन्द्र सरकार जल्द वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर दिल्ली नगर निगम चुनाव सुनिश्चित कराऐ, ताकि दिल्ली में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि निगमों के एकीकरण पर अधिसूचना जारी होने के बाद पिछले 10 वर्षों में तीनों निगमों की 21,000 करोड़ की देनदारी और 7 वर्षों में अरविन्द केजरीवाल द्वारा रोकी गई 80 प्रतिशत राशि की देनदारी किन आधारों पर पूरी होगी यह भी बड़ा प्रश्न है। तीनों निगमों में 15000 अनुबंधित कर्मचारियां को पक्का करने का भाजपा का वायदा अगर भाजपा पूरा करती है उनके वेतन के लिए 6000 करोड़ रुपये का इंतजाम कैसे होगा तथा 10 हजार करोड़ के आर्थिक घाटे की भरपाई आदि कुछ बड़े सवाल है जो अब भाजपा की केन्द्र सरकार को जल्द ही सुलझाने होंगे।

## क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी गुल्ली को किया गिरफ्तार, हथियार सप्लाई करने का आरोप

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में हुई हिंसा मामले की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी गुलाम रसूल उर्फ गुल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुल्ली पर यह आरोप है कि उसने सोमवार को गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार हुए सोनू चिकना को हथियार मुहैया कराया था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगा रही हे कि उसने हथियार क्यों मुहैया कराया था? क्या पैसों के लालच में? या फिर हिंसा की साजिश के लिए? ताकि उसकी भूमिका साफ जाए और उसके हिसाब से उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 25 दंगाई को गिरफ्तार किया है जिसमें से दो नाबालिग हैं। पुलिस ने 10 और संदिग्धों की पहचान कर ली है। इन संदिग्धों की तलाश में पुलिस दिल्ली और आसपास के करीब 18 संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपियों अंसार और असलम से पूछताछ कर उनके पूरे नेटवर्क को खंगालते हुए इनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। हिंसा की जांच की आंच बंगाल तक पहुंच गई है। दरअसल, मुख्य आरोपी अंसार मूल रूप से पश्चिम बंगाल के दोकान, गोरा हल्दिया का रहने वाला है। उसका घर वहीं है और उसने वहां के लोगों को दिल्ली में लाकर कबाड़ के काम से जोड़ा था, इसलिए पुलिस ने उसके बंगाल नेटवर्क को खंगालने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस से संपर्क किया है। मामले की जांच में जुटी पुलिस अंसार, सोनू और नाबालिग को दो दिन के रिमांड पर लेकर उनसे सघन पूछताछ कर रही है। खासकर, तीनों के फोन की घटना वाले दिन की लोकेशन से लेकर इनके फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) को खंगालने में जुटी है। करीब 30 संदिग्ध नंबर पुलिस रडार पर हैं। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अंसार, सोनू व नाबालिग के कनेक्शन से जुड़े ये 30 नंबर जिनके भी हैं, उनमें से कितने परिजनों के हैं और कितने संदिग्धों के। क्या ये तीनों लोगों को निर्देश दे रहे थे या फिर इन्हें भी कोई निर्देश देने वाला था। क्राइम ब्रांच की कई टीमें जगह–जगह दबिश देकर संदिग्धों को दबोचने में जुटी हैं। दरअसल, पुलिस ने वीडियो के जरिए कई संदिग्धों के चेहरे की पहचान की और लोकल इनपुट से इनके बारे में इनपुट भी हासिल किया है कि ये हिंसा में शामिल थे।

# तालाबों के संरक्षण व संवर्धन के लिए उचित कदम उठाना आवश्यक : रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने संसदीय क्षेत्र के भाटी कलाँ व माँडी गाँव का दौरा किया। उन्होंने इलाके के सभी तालाबों के संरक्षण व संवर्धन के अलावा सौंदर्यीकरण करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। रमेश बिधूड़ी ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ तालाबों का संरक्षण भी किया जाएं। उन्होंने कहा कि वह इस संदर्भ में पहले भी कई महत्वपूर्ण कदम उठा चुके हैं।



जिसके जरिए कई तालाबों का संरक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने 2018 में तालाबों के संरक्षण के लिए एक योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत 200 तालाबों को फिर से पुनर्जीवित किया जाना था। दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण इस योजना को सफलता प्राप्त नहीं हो पाई है।

3 साल हो गए हैं दिल्ली सरकार ने अब तक नहीं बताया कि कितने तालाबों का इस योजना के तहत संरक्षण किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लटकाने का प्रयास किया है। दिल्ली सरकार की उदासीनता के कारण दिल्ली के तालाब खत्म होते जा रहे हैं। दिल्ली के सभी तालाबों का संरक्षण हो जाएगा तो दिल्ली में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। दिल्ली सरकार को चाहिए कि जिन तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे हो गए हैं उनको खाली करवाए जाएं। इस दौरे के दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी ने अधिकारियों से कहा कि 15 दिन के अंदर सकारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि मानसून की शुरुआत होने से पहले इस कार्य को पूरा कर लिया जाए ताकि वर्षा जल तालाबों में संरक्षित किया जा सकें।

इस मौके पर दिल्ली नगर निगम उपायुक्त अंकिता चक्रवर्ती सहित दिविप्राधिकरण, राजस्व विभाग,वन विभाग से सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहें।

# पंजाब, राजस्थान के बाद अब महाराष्ट्र पुलिस ने भी दिया नवीन कुमार जिंदल को नोटिस

## पंजाब, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सरकार मेरी अभिव्यक्ति की आज़ादी को छीनना चाह रही है : नवीन जिंदल

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल काफी समय से विपक्षी दलों की कारगुजारियों एवं कमियों को उजागर करते आ रहे हैं। सब जानते हैं केजरीवाल सरकार बलात्कारी, हत्यारें, गुंडे एवं दंगाईयों का संगठित गिरोह है। श्री नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि जब आम आदमी पार्टी की सच्चाई को मैंने उजागर किया तो अपनी कमियों की खुलते पोल से घबराए अरविंद केजरीवाल ने पंजाब पुलिस का व्यक्तिगत इस्तेमाल करने लगे। 7 अप्रैल को सास नगर फेज 2 में झूठा मुकदमा दर्ज करा कर 9 अप्रैल को पंजाब पुलिस को मेरे घर पर भेज दिया। इसके बाद एक अन्य केस में राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने बिना दिल्ली पुलिस को सूचना दिए मेरे घर के बाहर खड़े होकर मेरी जानकारी जुटाती रही जिसकी लिखित शिकायत मैंने लक्ष्मीनगर थाने में दी और अब ताजा मामला महाराष्ट्र सरकार का है।

नवीन कुमार जिंदल ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा आज मुझे CRPC 149 के तहत एक नोटिस जारी कर कहा गया है कि मैंने ट्वीटर पर धार्मिक भवनाओं को भड़काने का काम किया है। जबकि हकीकत यह है कि जिस पोस्ट के लिए मुझे नोटिस जारी किया गया है वह फोटो पब्लिक डोमेन में कई सालों से है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे एवं शरद पवार सरकार अपनी पुलिस का डर दिखा रही है लेकिन मैं रुकने वाला नहीं हूं। पहले भी मैंने भी उनकी पोल खोली थी और आगे भी खोलता रहूंगा। नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि देश और हिंदुत्व के लिए मैं पहले से ही आवाज उठाता रहा हूँ और आगे भी उठाता रहूंगा। अगर पंजाब, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सरकार को लगता है कि उनके झूठे मुकदमे से मैं डर जाऊंगा तो ये कभी नहीं होने वाला है। झूठे मुकदमें कर प्रताड़ित करना, कट्टरपंथियों से फोन करवाकर जान से मारने की धमकी दिलवाना जैसी हरकते भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि चाहे पंजाब सरकार हो, राजस्थान सरकार हो या फिर महाराष्ट्र सरकार पुलिस का डर दिखाकर मेरी अभिव्यक्ति की आज़ादी को छीनने की कोशिश कर रही है और आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन मैं जनता को पहले भी इन नेताओं के काले सच का उजागर करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।

# जहांगीरपुरी की घटना को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की

## रोहिग्या-बंग्लादेशियों को फायदा पहुंचाने के लिए केजरीवाल सरकार पिछले पांच सालों से अदालत को जवाब नहीं दे रही है : आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि रोहिग्या–बंग्लादेशियों की जांच के लिए अदालत में पीआईएल पिछले पांच सालों से विचाराधीन है क्योंकि केजरीवाल सरकार से बार–बार जवाब मांगने पर वह ठीक उसी प्रकार का सहयोग नहीं कर रही है जिस तरह से कन्हैया कुमार के मामले में टाल–मटोल करती रही है। मैं केजरीवाल सरकार से पूछना चाहता हूं कि रोहिग्या–बंग्लादेशियों के मामले में अदालत को क्यों जवाब नहीं दे रहे हैं और कब तक जवाब देंगे।



आज प्रदेश कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं सांसद श्री हंसराज हंस के साथ हुए एक संयुक्त प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि हमने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें सुझाव दिए कि इस पूरे मामले की जांच दो तरह से जरूर करें, इस दंगे में आम आदमी पार्टी के कौन–कौन शामिल हैं क्योंकि इससे पहले दिल्ली में जो भी दंगे हुए थे उसमें आम आदमी पार्टी के पार्षद, नेता और उनके लोग ही मास्टरमाइंड थे। जहांगीरपुरी में शोभायात्रा पर किए गए पथराव में जो लोग पकड़े गए हैं उनमें अंसार का कनेक्शन भी आम आदमी पार्टी से ही है। आदेश गुप्ता ने कहा कि आज चाहे वह 84 के दंगे हो या 1966 में संतों पर गोली चलाना हो, कश्मीर घाटी हो, मेरठ, मुरादाबाद, भागलपुर या फिर हुबली में दंगे कराकर जिसने भी जाति–धर्म के नाम पर जनता को विभाजित करने की राजनीति की है, आज उन्हें जनता ने उन्हें दरकिनार कर दिया है। आज आम आदमी पार्टी को समझना होगा कि देश में चाहे कांग्रेस हो या वामपंथी हो जिन्होंने भी दंगे कराने की कोशिश की आज उनका हश्र सबके सामने है और दिल्ली में दंगों के जो भी गुनाहगार पकड़े जाते हैं, उन्हें आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाई करने की जगह गुनाहगारों की गिरफ्तारी पर सवाल उठाना भी संदेह के दायरे में आता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा बाधा नहीं अवसर चाहता है, विभाजन नहीं विकास चाहता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से देश को विभाजन करने वाली शक्तियां सक्रिय होकर देश की राजधानी दिल्ली में जिस तरह से दंगे करवाकर लोगों को धर्म एवं जाति के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही हैं, उसमें उनको कभी कामयाबी नहीं मिलने वाली है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली पुलिस को बदनाम करने के लिए केजरीवाल ने सोची समझी साज़िश के तहत पुलिसवालों पर हमला करवाया है,लेकिन दिल्ली पुलिस दंगाइयों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो गई और बड़ी साज़िश को नाकाम कर दिया। वोट बैंक की राजनीति करने वाली आम आदमी पार्टी रोहिंग्या–बांग्लादेशियों को संरक्षण दे रही है, उन्हें मुफ्त में बिजली, पानी और राशन दे रही है और हमने पुलिस कमिश्नर से इस कनेक्शन की जांच करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर विश्वास करती है और इसलिए सभी दिल्ली वालों से हमारी मांग है कि अगर आपको दंगाइयों के खिलाफ किसी भी प्रकार का प्रमाण मिले तो उसे निर्भीक होकर पुलिस कमिश्नर को दें।

आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा लिखे पत्र में साफ जाहिर होता है कि आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 साल के शासन में कितना बड़ा परिवर्तन इस देश में हो रहा है। इन 8 सालों में जो विकास हुआ है वह सबने देखा है। साल 2011 में गरीबी रेखा स्तर जो 22.5 प्रतिशत थी वह घटकर 10.20 प्रतिशत हो गई है।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि शोभा यात्रा पर जिन दंगाइयों ने हमला किया वे सभी रोहिंग्या–बांग्लादेशी हैं, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिन्हें केजरीवाल सरकार ने आधार कार्ड तक बनाकर दिया है। इन लोगों पर संगीन मुकदमे दर्ज हैं, केजरीवाल सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के साथ–साथ इन्हें आर्थिक मदद भी दी जाती है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की मदद से रोहिंग्या–बांग्लादेशी मुसलमानों ने सरकारी स्कूल, अस्पताल, पार्क के जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है और उस पर अवैध कारोबार करते हैं।

दिल्ली के उपराज्यपाल से हमारी मांग है कि इनका आधार कार्ड रद्द किया जाए और इन्हें मिलने वाले मुफ्त राशन बिजली पानी को भी बंद किया जाए, बुजुर्ग पेंशन रद्द करने के साथ–साथ इनका वोटर लिस्ट से नाम भी हटाया जाए। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के गुंडों ने हनुमान भक्तों एवं शोभायात्रा पर गोलियां चलाई एवं तलवार से वार किया। यहाँ तक कि पुलिस कर्मियों पर हमला किया जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हो गए हैं लेकिन उन्होंने हनुमान भक्तों पर आंच नहीं आने दी, इसके लिए हम दिल्ली पुलिस के कमिश्नर को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के किन–किन नेताओं के साथ इस तरह की दंगों की साजिश की जाती रही है, इस बात का खुलासा भी जांच के दायरे में है।

सांसद श्री हंसराज हंस ने कहा कि जब भी कोई विदेशी नेता भारत भ्रमण पर आता है तो उस वक्त देश में दंगे कराए जाने की साजिश रची जाती है। इससे पहले जब अमेरिका के राष्ट्रपति भारत आए थे, तो दिल्ली में दंगे कराकर शांति को भंग किया गया था और अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आने वाले हैं तो एक बार दोबारा जहांगीरपुरी में इस तरह की घटना को अंजाम देकर विश्व स्तर पर भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग के प्रभारी श्री हरीश खुराना, प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री आदित्य झा उपस्थित थे।

## संपादकीय

# अब यूपी में नये दल का साथ तलाश रहे हैं मुस्लिम मतदाता

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव परिवार के भीतर के झगड़े से निकल नहीं पाए थे कि मुसलमानों ने उनके खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। सपा नेतृत्व के खिलाफ मुसलमानों की नाराजगी की पहली आहट तब सुनाई दी थी जब पार्टी के ही कद्दावर नेता आजम खान की अखिलेश यादव से नाराजगी की खबर सामने आई। इसके बाद तो सपा आलाकमान पर चौतरफा हमला होने लगा है। कई मुस्लिम नेताओं के साथ-साथ मुस्लिम संगठनों ने भी सपा प्रमुख की नीयत पर सवाल खड़े कर दिये हैं। आजम खान के एक करीबी नेता ने तो मुसलमानों के साफ नाइंसाफी की बात कहते हुए पार्टी से ही किनारा कर लिया है।

मुसलमानों की जिस तरह से सपा प्रमुख के खिलाफ नाराजगी नजर आ रही है उससे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद दिया गया वह बयान अनायास ही याद आने लगा है, जिसमें वह विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पहली बार मीडिया के सामने आयीं और कहा कि मुस्लिम समाज बसपा के साथ तो लगा रहा, लेकिन इनका पूरा वोट भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ शिफ्ट कर गया। बसपा को इसी की सजा मिली। भारी नुकसान हुआ। उन्होंने मुसलमानों को चेताया कि मुस्लिम समाज ने बार-बार आजमाई पार्टी बसपा से ज्यादा सपा पर भरोसा करने की बड़ी भारी भूल की है। बसपा की भाजपा से लड़ाई राजनीतिक के साथ-साथ सैद्धान्तिक भी है। अगर मुस्लिमों का वोट एकतरफा सपा में नहीं जाता तो यूपी का चुनाव परिणााम ऐसा नहीं होता। बसपा सुप्रीमो ने मुसलमानों को पहले ही अलर्ट कर दिया था कि ऐसा करने वाले लोग (सपा के पक्ष में वोट करने वाले मुसलमान) समय बीतने के बाद पछताएंगे। बसपा मुखिया ने कहा कि यदि मुस्लिम वोट भी दलित वोटों के साथ मिल जाता, तो पश्चिम बंगाल जैसा चमत्कार हो सकता था।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह बात हवा में नहीं तथ्यों के आधार पर की थी। उत्तर प्रदेश में कुछ साल पहले तक माना जाता था कि जिस पार्टी ने अपने कोर वोट के साथ मुसलमानों को साध लिया, उसका लखनऊ पर कब्जा तय है। उत्तर प्रदेश में जीत का यह फार्मूला आधी सदी तक जारी रहा, यह तिलिस्म 2014 के लोकसभा चुनावों में पहली बार टूट गया। बीजेपी के शानदार प्रदर्शन ने इस धारणा पर करारी चोट की। इसके बाद 2017 के विधानसभा चुनावों के नतीजों में भी यही देखने को मिला कि मुस्लिम वोटों के बिना भी सत्ता हासिल की जा सकती है। दरअसल, भाजपा ने मुस्लिम वोटों के खिलाफ हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण करके सबको चौंका दिया था। इसीलिए 2019 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के एक साथ आने के बावजूद बीजेपी ने हिन्दू वोटों के सहारे यूपी की अधिकांश सीटों पर परचम फहराया था। कहने की जरूरत नहीं है कि उन चुनावों में मुसलमानों के एक बहुत बड़े हिस्से का वोट सपा-बसपा गठबंधन को मिला था, लेकिन इसके बावजूद वे बीजेपी के रथ को रोकने में नाकाम रहे थे।

पिछले कुछ वर्षों से मुस्लिम वोट बसपा और सपा में बंटता आया था। हालांकि 2022 के विधान सभा चुनाव में मुलसमानों ने बसपा से पूरी तरह से मुंह मोड़ लिया। इसकी वजह में जाया जाए तो विधान सभा चुनाव 2022 में एक तरफ बसपा सुस्त नजर आ रही थी, वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के नेता मुसलमानों के बीच बसपा को बीजेपी की 'बी टीम' होने का भरोसा दिलाने में कामयाब रहे। 2022 के विधान सभा चुनावों में मुसलमानों ने जिस हद तक जाकर अखिलेश यादव का समर्थन किया, वैसा यूपी में शायद ही कभी देखने को मिला था। हालांकि मुस्लिम और यादव समीकरण के पूरी तरह अपने पाले में होने के बावजूद अखिलेश जीत दर्ज कर पाने में नाकाम रहे। समाजवादी पार्टी की यही नाकामी अब सपा प्रमुख पर भारी पड़ रही है।

# नेपाल का फिर से हिंदू राष्ट्र बनना सभी के हित में होगा

**प्रह्लाद सबनानी**

नेपाल एक बहुत खूबसूरत दक्षिण एशियाई राष्ट्र है। नेपाल के उत्तर मे तिब्बत है तो इसके दक्षिण, पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमाएं लगती हैं। नेपाल के 81.3 प्रतिशत नागरिक सनातन हिन्दू धर्म को मानते हैं। नेपाल पूरे विश्व में प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिन्दू धर्मावलम्बी राष्ट्र है। नेपाल की राजभाषा नेपाली है और नेपाल के निवासियों को नेपाली कहा जाता है। वर्तमान नेपाली भू-भाग अठारहवीं शताब्दी में गोरखा के शाह वंशीय राजा पृथ्वी नारायण शाह द्वारा संगठित नेपाल राज्य का एक हिस्सा है। नेपाल की अंग्रेजों के साथ हुई तात्कालीन विभिन्न सन्धियों के अंतर्गत नेपाल को वर्ष 1814 में एक तिहाई नेपाली क्षेत्र ब्रिटिश इण्डिया को देना पड़ा था और आज इस क्षेत्र का भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में विलय हो चुका है।

ऐसा कहा जाता है कि नेपाल शब्द ने नामक ऋषि तथा 'पाल' अर्थात् गुफा से मिलकर बना है। ऐसा भी माना जाता है कि एक समय नेपाल की राजधानी काठमांडू ने नामक ऋषि का तपस्या स्थली थी। अत: %ने% नामक ऋषि द्वारा पालित होने के कारण इस भूखण्ड का नाम नेपाल पड़ा। नेपाल के पूर्णत: सनातन हिंदू धर्म से जुड़े होने के कई प्रमाण इतिहास में भी मौजूद हैं। 5,500 वर्ष ईसा पूर्व महाभारत काल में जब माता कुन्ती पुत्र पांच पाण्डव स्वर्गलोक की ओर प्रस्थान कर रहे थे उसी समय पाण्डुपुत्र भीम ने भगवान महादेव को दर्शन देने का आह्वान करते हुए विनती की थी। तभी भगवान शिवजी ने उन्हें एक लिंग के रूप में दर्शन दिये थे जो आज पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग के नाम से पूरे विश्व के हिंदुओं के लिए एक धार्मिक आस्था का स्थल माना जाना जाता है। इसी प्रकार नेपाल स्थित जनकपुर में भगवान श्रीरामपत्नी माता सीताजी का जन्म 7,500 वर्ष ईसा पूर्व होने का जिक्र भी इतिहास में मिलता है। सिद्धार्थ गौतम (ईसापूर्व 563-483) शाक्य वंश के राजकुमार थे, उनका जन्म नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था, जिन्होंने अपना राज-पाट त्याग कर तपस्वी का जीवन निर्वाह किया और कालांतर में वह भगवान बुद्ध बन गए थे। नेपाल में सामाजिक जीवन की मान्यता, विश्वास और संस्कृति सनातन हिन्दू धर्म की भावना पर आधारित है। साथ ही, धार्मिक सहिष्णुता और जातिगत सहिष्णुता भी नेपाल की अपनी मौलिक संस्कृति का एक हिस्सा है। नेपाल में मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक उत्सवों पर वैष्णव, शैव, बौद्ध, शाक्य आदि धर्मों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। किसी भी एक धार्मिक पर्व को धर्मावलम्बी विशेष का कह सकना और अलग कर पाना बहुत मुश्किल कार्य है। सभी धर्मावलम्बी आपस में मिल जुलकर सभी उत्सवों को उल्लासमय वातावरण में मनाते हैं। नेपाल, मार्च 2006 तक, एक हिंदू राष्ट्र ही था और नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही है। परंतु, नेपाल में चीन की शह पर माओवादी आंदोलन की सफलता के बाद, राजनैतिक उठापटक के चलते, नवम्बर 2006 में माओवादी और सात अन्य राजनैतिक दलों के गठबंधन के बीच एक ऐतिहासिक व्यापक शांति समझौता हुआ था, जिसके परिणाम स्वरूप नेपाल में अंतरिम सरकार बनी थी और वर्ष 2006 में नेपाल में 240 वर्षों की राजशाही को समाप्त करते हुए एक अंतरिम संविधान लागू किया गया था जिसके अंतर्गत नेपाल के हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त करते हुए इसे एक धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया गया था। हालांकि पूरे विश्व में ही सामान्यत: देश की बहुसंख्यक आबादी के धर्म के आधार पर देश को दर्जा प्रदान किया जाता है। आज पूरे विश्व में लगभग 57 देशों में इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसंख्या के आधार पर इन देशों ने अपने आप को मुस्लिम देश घोषित किया हुआ है।

# दिल्ली का दिल कब-कब एक दूसरे की सलामती के लिए धड़कना बंद हुआ, सदर बाजार से जहांगीरपुरी तक राजधानी के दंगों का संपूर्ण इतिहास

**अभिनय आकाश**

खरगौन आनंद, हुबली, लोहरदगा, करौली, हुबली, वडोदरा, आंध्र प्रदेश कुरनूल और अब दिल्ली। यानी बस जगह बदल जाती है लेकिन दंगे का स्वरूप नहीं बदलता है। वही पत्थरबाजी, वही तलवारबाजी, वही हिन्दू-मुसलमान।

शमीम शहज़ाद का ये नज्म हालिया हालात पर बहुत मौजूं है। कितनी मामूली हसरतें होती है एक साधारण आदमी की। मेहनत के पसीने से बरक्कत की दो रोटियां, गुजारे लायक छत, बच्चों को तालीम मिल जाए और सोते हुए खिड़कियों के कांच का टूट जाने का अंदेशा ना हो। डर न लगे घर से बाहर निकलते हुए। लेकिन अचानक इन दिनों हालात क्यों बगल गए। 2 अप्रैल त्योहार नवोत्सव राजस्थान के करौली में जुलुस और हिंसा। 10 अप्रैल त्योहार रामनवमी, मध्य प्रदेश के खरगौन, गुजरात के साबरकाठा, आनंद, बंगाल के हावड़ा, झारखंड के लोहरदगा समेत कई जगहों पर जुलुस के दौरान दंगे हुए। 16 अप्रैल त्योहार हनुमान जयंती राजधानी दिल्ली के जहांगीर पुरी में जुलुस और दो समुदायों का टकराव। खरगौन आनंद, हुबली, लोहरदगा, करौली, हुबली, वडोदरा, आंध्र प्रदेश कुरनूल और अब दिल्ली। यानी बस जगह बदल जाती है लेकिन दंगे का स्वरूप नहीं बदलता है। वही पत्थरबाजी, वही तलवारबाजी, वही हिन्दू-मुसलमान। आप सबने पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के बारे में खूब सुना होगा। इससे संबंधित खबरें भी पढ़ी होंगी। अब तक त्योहार उत्सव और उमंग के लिए मनाए जाते रहे हैं और आगे भी मनाए जाते रहेंगे। लेकिन अचानक ही ये सब क्यों होने लगा। लगातार आप खबरों में देख रहे होंगे, गोली चलने का वीडियो, पत्थर बरसाने का वीडियो। अगर दिल्ली के दंगों पर नजर डालें तो ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि यहां दंगे हुए हैं। पिछले चार दशकों से दिल्ली दंगों की आग में लगातार झुलसता रहा है। ऐसे में आज हम आपको वो तथ्य बताएंगे, जिससे आप ये समझ पाएंगे कि कब-कब दिल वालों की दिल्ली का दिल एक दूसरे की सलामती के लिए धड़कना बंद हो गया और हालात ने दंगों का रूप ले लिया।

द प्रिंट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार राजनीतिक विश्लेषक आशुतोष वार्ष्णेय और स्टीवन विल्किंसन ने बताया कि दिल्ली ने 1950 और 1995 के बीच हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक दंगों में 93 लोगों की जान गंवाई थी। इन नंबरों में 1984 की सिख विरोधी हिंसा शामिल नहीं है, क्योंकि वे इसे सीधे-सीधे नरसंहार के रूप में वर्गीकृत करते हैं।

### 1974 का सदर बाजार दंगा

1974 में दिल्ली में सदर बाजार के मुहाने पर हुए छोटे से विवाद ने सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया। हिंसा दो मुस्लिम युवकों और एक हिंदू लड़के के बीच झगड़े से शुरू हुई थी। छोटे से तर्क वितर्क ने देखते ही देखते हिंदू-मुस्लिम टकराव का रूप ले लिया। आगजनी, भारी ईंट-पत्थरबाजी और फायरिंग हुई। दंगे के अंत में, 11 लोग मारे गए थे - आठ हिंदू, दो मुस्लिम, एक सिख और क्षेत्र 44 दिनों तक कर्फ्यू में रहा।

### 1984 का सिख विरोधी दंगा




1984 तो दिल्ली के इतिहास में सिख दंगे का पर्याय ही बन चुका है। 31 अक्टूबर को तत्तकालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हो जाती है। इंदिरा गांधी की मौत के बाद लोग सिखों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे। सबसे ज्यादा कहर दिल्ली पर बरसा। करीब तीन दिन तक दिल्ली की सड़कों और गलियों पर कत्लेआम होता रहा। सिख जान बचाने के लिए जगह ढूंढ रहे थे। जिन इलाकों में नेताओं का दबदबा सबसे ज्यादा था और जिन बस्तियों में सिख सबसे ज्यादा बसते थे, सबसे ज्यादा मातम वहीं गूंज रहा था। त्रिलोकपुरी, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, नंदनगरी, सागरपुर, कल्याणपुरी, उत्तम नगर, जहांगीरपुरी, तिलकनगर, अजमेरी गेट। दिल्ली के ये वो इलाके थे जहां सबसे ज्यादा कहर टूटा था। घरों से घसीटकर सिखों को मारा गया। जिंदा जलाया गया। जो घर से बाहर नहीं निकले उनके पूरे घर को ही आग के हवाले कर दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली के त्रिलोकपुरी के ब्लाक 32 में 200 घरों को जला दिया गया था और 400 सिख मार दिए गए थे। कई सिखों के पैर काटकर और गले में टायर डाल कर जिंदा जला दिया गया था।

### 1990 के दशक में साम्प्रदायिक हिंसा की घटना

फिर साल 1990 में नवंबर के महीने में दिल्ली के सदर बाजार के ईदगाह पार्क में साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। इस हिंसा में 8 लोगों की मौत हुई थी और 32 लोग घायल हुए थे। इस दौरान 42 गाड़ियों जलाई गई थीं और कई लोग घायल हुए थे। साल 1992 में दिल्ली के सीलमपुर में साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 20 लोगों की मौत हुई और इस हिंसा में मरने वाले लोग अधिकतर जलने की वजह से मरे थे।

### 2014 की दिवाली पर थर्राने वाला दंगा

साल 2014 की दिवाली पर दंगा भी थर्राने वाला था। यहां दिवाली की रात त्रिलोकपुरी इलाके में एक मस्जिद के पास बवाल हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर देवी दुर्गा को समर्पित एक माता की चौकी कार्यक्रम के दौरान लाउडस्पीकर के कारण हिंसा शुरू हो गई। मामला बातचीत से हाथापाई और पथराव तक पहुंच गया था। हालांकि त्रिलोकपुरी के दंगों में कोई जनहानि नहीं हुई थी। तीन दर्जन से अधिक लोग झड़पों में घायल हुए थे। त्रिलोकपुरी दंगों के बाद, दिल्ली पुलिस ने अमन समितियों का गठन किया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ और आपस में भिड़े दो समुदाय

इसके अलावा 2016 में दिल्ली में ही एक नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले ने हिंसा का रूप ले लिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वाल्मीकि समुदाय के एक नाबालिग द्वारा दूसरे धर्म के एक व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ किए के मामले में बवाल हुआ था। यहां दो समुदाय आपस में भिड़ गए थे।

### 2018 में मंदिर को लेकर हुआ था बवाल

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के संगम पार्क में 2018 में दो समुदायों के लोग आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान खूब पथराव हुआ था। जिसमें करीब आधे दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हुए थे। साल 2019 में मध्य दिल्ली में एक मंदिर मामले को लेकर बवाल शुरु हुआ था। हालांकि उन सब मामलों में स्थिति को समय पर नियंत्रित कर लिया गया था।

### 2020 का दिल्ली दंगा

22-23 फरवरी 2020 के दरमियान रात को जाफराबाद मेट्पो स्टेशन के पास भी रास्ता रोककर प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

सीएए आंदोलन के वक्त प्रदर्शन बनाम प्रदर्शन का दौर चला। सीएए के विरोध में भी रैलियां हो रही थी और पक्ष में भी। इसी तरह धरने का जवाब भी धरने से दिया जा रहा था। जाफराबाद मेट्रो के नीचे सीएए के विरोध में धरना और मौजपुर मेट्रो स्टेशन के नीचे रास्ता खुलवाने की मांग वाला प्रदर्शन जिसकी अगुवाई बीजेपी के नेता कपिल मिश्रा कर रहे थे। इसी दिन सीएए समर्थकों और विरोधियों में पत्थरबाजी शुरू हुई। पहले दिन पुलिसवालों समते कई जख्मी हुए लेकिन बात सिर्फ पत्थरबाजी तक सीमित नहीं रही। अगले दिन अहमदाबाद में ट्रंप की मेहमानवाजी चल रही थी और इसके बीच देश की राजधानी में पत्थरबाजी, आगजनी और गोलियां चल रहीथीष दंगा हो रहा था। पुलिस की गाड़ियों में आग लगाई जा रही थी, पेट्रोल पंप जलाए जा रहे थे और एक दूसरे का कत्ल होरहा था। मौजपुर और जाफराबाद के अलावा दिल्ली के भजनपुरा, चांद बाद और गोकुलपुरी जैसे इलाकों में हिंसा हुई। हालात पूरी तरह से काबू करने में एक हफ्ते का वक्त लगा। ताहिर हुसैन को भला कौन भूल सकता है। दिल्ली का खजूरी खास इलाका जहां ताहिर हुसैन का घर है। उन दिनों उसका घर दंगाईयों का अड्डा बन गया था। दिल्ली दंगों का उसे मास्टरमाइंड माना जाता है। इस वक्त वो जेल की सलाखों के पीछे है। उसके घर से पेट्रोल बम, बड़े-बड़े पत्थर, पत्थर फेंकने वाली बड़ी गुलेल मिले थे।

तत्कालीन विंग कमांडर अभिनन्दन की तरह मूँछें रखने वाले हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल को पीट-पीट कर मार डाला गया था। रतनलाल को उन्मादी भीड़ द्वारा उस समय बेरहमी से मारा गया था, जब वह चांद बाग के वजीराबाद रोड पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। नौजवान की ऐसी नृशंस हत्या के लिए कहां से आई इतनी नफरत की अंकित के जिस्म को चाकुओं से इतनी बार गोदा गया कि दरिंदगी की सारी हदें पार हो गईं।

# जम्मू की 'पल्ली' बनेगी देश की पहली 'कार्बन तटस्थ' ग्राम पंचायत

**इंडिया साइंस वायर**

जम्मू क्षेत्र के सांबा जिले की पल्ली पंचायत में 340 घरों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू यात्रा के दौरान सौर ऊर्जा का उपहार मिलने जा रहा है। पल्ली में 500 केवी क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। इससे पल्ली पंचायत के घरों को स्वच्छ बिजली और प्रकाश मिल सकेगा, जो इसे भारत सरकार के 'ग्राम ऊर्जा स्वराज' कार्यक्रम के तहत पहली कार्बन तटस्थ पंचायत बना देगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वक्तव्य में इसकी जानकारी प्रदान की गई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के अंतर्गत कार्यरत भारत सरकार के उद्यम सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) द्वारा 20 दिनों के रिकॉर्ड समय में पल्ली में ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। जम्मू की पल्ली पंचायत को इस वर्ष पंचायती राज दिवस समारोह के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आगामी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू के पल्ली गाँव से देश भर की पंचायतों को वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर; किसानों, सरपंचों तथा ग्राम प्रधानों को उनकी आय और उनके गाँव में कृषि उपज में सुधार करने में सक्षम बनाने के लिए नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी लगायी जा रही है। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के विषयों के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी को एकीकृत रूप से प्रदर्शित करने पर बल दिया जा रहा है। इस आयोजन में ऐसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो ग्रामीण विकास का माध्यम बन सकती हैं और किसानों की आय में वृद्धि करने में मददगार हो सकती हैं।

ग्रामीण विकास एवं किसानों के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, किसानों के उपयोग हेतु पाँच दिनों के मौसम पूर्वानुमान में मददगार ऐप, 'बैंगनी क्रांति' के रूप में प्रसिद्ध लैवेंडर की खेती, किसानों की आय में वृद्धि के लिए सेब उत्पादन बढ़ाने हेतु जैव प्रौद्योगिकी नवाचार, कीटनाशक छिड़काव तथा अपशिष्ट उपचार के लिए ड्रोन उपयोग, और परमाणु विकिरण के माध्यम से फलों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने जैसी प्रौद्योगिकियों को इस प्रदर्शनी में शामिल किए जाने की योजना है। इस आयोजन से जुड़ी तैयारियों को लेकर हाल में नई दिल्ली में एक शीर्ष बैठक में विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह; तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह उपस्थित थे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय के अलावा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), अंतरिक्ष विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल थे। विज्ञान से संबंधित इन विभागों/मंत्रालयों द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर 25 से 30 स्टाल लगाए जा रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों एवं खेती के लिए लाभकारी नवीनतम तकनीकों तथा नवाचारों को प्रदर्शित करेंगे। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि गरीबी एवं उन्नत आजीविका वाले गाँव, स्वस्थ गाँव, बाल-सुलभ गाँव, पर्याप्त पानी वाले गाँव, स्वच्छ और हरे-भरे गाँव, बुनियादी ढांचों से परिपूर्ण आत्मनिर्भर गाँव प्रदर्शनी की विषयवस्तु में प्रमुखता से शामिल हैं।


# हिन्दी की दशा एवं दिशा

**प्रफुल्ल सिंह 'बेचैन कलम'**



हिंदी का प्रयोग करना चाहिए -- यह राजनीतिज्ञों और अधिकारियों का आप्तवचन है -- होना भी चाहिए। प्रयोग शब्द राजभाषा के लिए वैसे तो उचित नहीं क्योंकि प्रयोग यह संकेत देता है कि हिंदी हमारे पास नहीं रही उसे किसी रूप में प्रयोग में लाना चाहिए -- वास्तविकता यही है ।बाजार भाषा के रूप में अब अंग्रेजी ही मुख्य भाषा है। हम अंग्रेजी के बिना बाजार में एक पग नहीं चल सकते ।कभी अपनी भाषा देखें -- बाजार में हिंदी केवल अनुपूरक है वह भी उनकी लिए जिनको अंग्रेजी नहीं आती। बाजार में अशिक्षित भी हिंदी प्रयोग करे तो कोई सामान नहीं मिलेगा। महान राष्ट्रवादियों के उत्पाद के ऊपर चिपके पर्चे भी शुद्ध रोमन में होते हैं। बाजार से हिंदी गायब है ।सामाजिक समारोहों यहाँ तक कि शादी आदि में भी हिंदी केवल भाँवर डलवाती है -- शेष सारे कार्य अंग्रेजी शब्दावली में। साहित्य जो स्वयं को भाषा का संरक्षक मानता है ग़ज़ल के नाम फर या तो उर्दू में है या अंग्रेजी में। अब तो पुस्तकों का नाम भी अंग्रेजी में होने लगा है। खेती किसांनी में तो अंग्रेजी का पहले से ही बोलबाला है। पूरी कृषक शब्दावली अंग्रेजी की है। ज्ञान विज्ञान तो पहले से ही हिंदी से घृणा करते थे। प्रश्न यह है कि हिंदी का प्रयोग करें तो जीवन के किस क्षेत्र में। जब सारी शब्दावली ही मर गयी मजदूर लेबर हो गये परंपरागत औजार गायब हो गये ग्रोसरी और गैजेट दुकान में आ गये तो हिंदी में कहने के लिए बचा क्या ? लिखें चाहे रोमन में या देवनागरी में शब्दावली तो अंग्रेजी के हैं ।जब हमारे शब्द मरने लगते हैं तो भाषा को कोई नहीं बचा सकता हम केवल प्रयोग कर सकते हैं बोल नहीं सकते।

# सार्वजनिक जीवन, बयानबाजी में गिरते मानकों पर चिंता!



**सार्वजनिक जीवन, राजनीति, बयानबाजी में उच्च मानकों, मूल्यों, नैतिकता और शिष्टाचार को बनाए रखने की विशेष ज़रूरत**

**जनता की सेवा और भलाई में समर्पित मनीषियों को अपनी वाणी, व्यवहार और जीवनशैली में मधुरता की मिठास भरने को रेखांकित करना ज़रूरी - एडि किशन भावनानी**

गोंदिया - भारत संस्कृति, सभ्यता, शिष्टता, शिष्टाचार, नैतिक गुणों के मामले में आदि अनादि काल से ही विश्व में ऐसा देश है जहां यह सभी गुण कूट-कूट कर भरे हैं इन्हीं गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। मानव का सभ्य आचरण ही शिष्टाचार कहलाता है।

साथियों बात अगर हम सार्वजनिक जीवन में बयानबाजी के गिरते मानकों की करें तो वर्तमान में चिंतन का विषय है। बढ़ती मानवीय बयानबाजी और शिष्टता के गिरते मानकों का क्रम पिछले कुछ अर्से से सामनेआ रहा है जो हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, टीवी चैनलों के माध्यम से आए दिनों देखते सुनते रहते हैं कि सार्वजनिक जीवन जीने वाले कुछ व्यक्तियों, कुछ राजनीतिक व्यक्तियों, पदाधिकारियों की बयानबाजी जिस तरह पिछले अरसे और वर्तमान में आ रही है खेदजनक व चिंतनीय है। यहां तक कि महिलाओं पर भी एक पूर्व स्पीकर द्वारा दिए बयान पर बवाल खड़ा हो गया था।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक बयान बाजी में उच्च मानकों, मूल्यों को बनाए रखने की करें तो हमें इस बात को रेखांकित करना है कि, हम इस क्षेत्र में जनता की सेवा और भलाई के लिए समर्पित मनीषियों को अपनी वाणी, व्यवहार और जीवनशैली में मधुरता की मिठास भरना है ताकि अपने साथीयों तो क्या विरोधियों को भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। अपने बयानों के शब्दों को बाणों के रूप में नहीं बल्कि कन्वेंस, शालीनता से या समझाने के रूप में प्रयोग करके विरोधियों के मन को भी जीतने का भाव समाहित होना चाहिए।

साथियों बात अगर हम सार्वजनिक जीवन में नैतिकता की करें तो, सारी दुनियामें नैतिकता की वजह से ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी होती है। नैतिकता ही सम्पूर्ण मानवता का श्रृंगार है। पुराणों का प्रसंग बताता है कि इन्द्र ने ब्राह्मण का रूप धारण करके प्रहलाद के पास जाकर पूछा कि आप को तीन लोकों का राज्य कैसे मिला ? प्रहलाद ने इसका कारण नैतिकता को बतलाया। इन्द्र ने प्रहलाद से वरदान में नैतिकता को मांग लिया। शील के जाते ही धर्म, सत्य, सदाचार, बल, लक्ष्मी सभी चले गए।

साथियों बात अगर हम शिष्टाचार की करें तो हमने कई किताबों में पड़े हैं कि, अशिष्ट व्यक्ति पशु तुल्य होता है, जिसे दूसरों की मान प्रतिष्ठा, आत्मसम्मान का कोई ध्यान नहीं होता। अशिष्ट व्यक्ति इस योग्य नहीं होता कि उसे सभ्य समाज में स्थान दिया जा सके। जिस व्यक्ति को दूसरों से बातें करने का शिष्टाचार नहीं आता, उससे कौन बोलना पसंद करेगा ? जिसे दूसरों के व्यंग्य और मजाक उड़ाने, त्रुटियां निकालने, उपहास करने में ही आनंद आता है वह महाअज्ञानी है।

साथियों बात अगर हम परिपक्वता की करें तो, किसी भी विभाग या संगठन या संस्था या शासन के सर्वोच्च पद पर कोई अपरिपक्व और अदूरदर्शी व्यक्ति नहीं पहुँचना चाहिए क्योंकि सर्वोच्च पद स्वाभाविक रूप से बहुत अधिक अधिकार-सम्पन्न होता है और अविवेकी व्यक्ति के हाथ असीमित अधिकारों का लगना बंदर के हाथ उस्तरा लगने के सादृश्य ही होता है।

साथियों बात अगर हम हमारे देश की पहचान प्रतिष्ठा रुतबे की करें तो, हमारे देशकी पहचान सभ्यता और संस्कृति के कारण है। दूसरे देशोंके लोग यहां आकर आत्मिक शांति प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। ऋषि, मुनियों की इस धरती की तरफ सभी श्रद्धापूर्वक देखते हैं। सभी देवताओं की जन्मस्थली भी अपना भारत देश है। विभिन्न रंगों, रिवाजों के बावजूद एकता यहां की पहचान है। वर्तमान में युवा पीढ़ी का आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी विरासत से मोह भंग होने लगा है। गलत या अशिष्ट आचरण करना उनके स्वभाव में शामिल हो गया है। बुजुर्गो का अपमान करने में उन्हें हिचक महसूस नहीं होती है। इसलिए हमें चाहिए कि मानेंगे जीवन सब बच्चों के उच्च मानकों मूल्यों को बनाए रखें।

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा दिनांक 18 अप्रैल 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, सार्वजनिक जीवन में गिरते हुए मानकों पर चिंता जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों से अपने राजनीतिक विरोधियों पर व्यक्तिगत हमले करने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने महत्वपूर्ण राजनीतिक राष्ट्रीय मामलों पर सभी हितधारकों के साथ आम सहमति बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए युवा और नये राजनेताओं को विभिन्न मुद्दों पर सैद्धांतिक रुख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करने और उसे मजबूत बनाने के लिए मूल्य-आधारित और नैतिक राजनीति को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सार्वजनिक जीवन बयानबाजी में गिरते मानकों पर चिंता हैं ।सार्वजनिक जीवन राजनीति, बयानबाजी में उच्च मानकों, मूल्यों,नैतिकता और शिष्टाचार को बनाए रखने की ज़रूरत। जनता की सेवा और भलाई में समर्पित मनीषियों को अपनी वाणी, व्यवहार और जीवनशैली में मधुरता की मिठास भरने को रेखांकित करना ज़रूरी हैं। किसी ने खूब ही कहा है कि

एक बात तुम सुन लो प्यारे,
शिष्टाचार न आया हमको
तो कुछ भी न आया है,
कर लो चाहे जितनी उन्नति,
फिर भी कुछ न पाया है।
शिष्ट हो आचार हमारा ऐसा हम विचार करें,
दे जाये दुनिया को कुछ ऐसा,कि
दुनिया हमको युगों-युगो तक याद करें।

## पीछे छूटा!

मुड़ कर ना देखो,
जो पीछे छूट गया,
आगे बढ़कर लिखो,
अपना भविष्य नया!
कुछ छुटने का क्या पछतावा,
सब यहां हे अस्थाई,
किस बात का करे दावा,
जीवन में हर चीज पराई!
वर्तमान में जीना बेहतर,
जो चला गया वह चला गया,
क्यों पछताए भूत में रहकर,
स्वयं पर करें थोड़ी दया!
तनाव, परेशानी, दुख, दर्द,
जिंदगी के कुछ किस्से है,
वर्षा, बसंत, ग्रीष्म, सर्द,
ऋतु और मौसम के हिस्से हैं!
जब जीना हर हाल में है,
क्यों ना मुस्कुराते हुए जिए,
जब बदलाव हर साल में है,
क्यों ना रोशनी के जलाए दिए!
मजबूती से कदम बढ़ाए,
पीछे छूटा उसे भूलकर,
अपने साहस को हर दिन आजमाएं,
इस जिंदगी के झूले में झूल कर!
बीते हुए को बदल नहीं सकते,
वर्तमान के पलों में जीते जाए,
क्यों दर्द को ध्यान में रखते,
आने वाले भविष्य को उज्जवल बनाएं!
बीता हुआ कल रात का सपना,
रात के सपने को कौन याद रखें,
आज और अभी का पल है अपना,
क्यों ना इस अमूल्य पल को परखे!

## शार्ट न्यूज

### योगी सरकार ने अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप में दो अधिकारी निलंबित किये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने दायित्वों की पूर्ति में लापरवाही बरतने और भ्रष्टाचार के आरोप में एक सहायक आयुक्त एवं एक अवर अभियंता को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक बस्ती जिले में सहायक आयुक्त (प्रभारी) वाणिज्य कर सचल दल, आशुतोष मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद में बिना नक्शा स्वीकृति किये अवैध रूप से बहुमंजिला इमारत निर्मित किए जाने के प्रकरण में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता शिव ओम को भी निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से ट्विटर पर भी इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया गया, बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला इमारत अवैध रूप से निर्मित किए जाने के प्रकरण में सम्बंधित अवर अभियंता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण निलंबित। एक अन्य ट्वीट में बताया गया कि शासकीय कार्यप्रणाली में ईमानदारी एवं शुचिता के प्रति संकल्पित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असिस्टेंट कमिश्नर (प्रभारी) वाणिज्य कर सचल दल, इकाई बस्ती को निलंबित करने के आदेश दिये हैं। उक्त प्रकरण के लिये ज्वांइट कमिश्नर (ई) गोरखपुर, को जांच अधिकारी नामित किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिये शपथ ग्रहण करने के बाद औरैया के जिलाधिकारी को भ्रष्टाचार और गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपराध पर नियंत्रण न कर पाने के आरोप में निलंबित कर दिया था।

### आसमान से बरसे अंगार, धूल भरी आंधी के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में झुलसा देने वाली गर्मी और लू से बेहाल लोगों को धूल भरी आंधी और बूंदाबांदी फौरी राहत दिला सकती है। मौसम विभाग से मंगलवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटे में बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में धूल भरी आंधी और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार है जबकि अगले 48 घंटे में लगभग समूचे राज्य में आंधी और बारिश की संभावना है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा,आगरा, फिरोजाबाद, इटावा,औरैया,मुरादाबाद,रामपुर ,बरेली, पीलीभीत,जालौन, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में धूल भरी आंधी का अनुमान है। उन्होने बताया कि फर्रूखाबाद, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, जालौन, झांसी और आसपास के क्षेत्र मंगलवार को हीट वेब की चपेट में रहे। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के अधिक रिकार्ड किया गया है। झुलसा देने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों के चलते बाजार और माल में सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से बचने के लिये लोग देर शाम ही खरीददारी के लिये बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिये लोग सिर से पांव तक खुद को ढकने को मजबूर हैं। शीतल पेय की दुकानों में हालांकि बहार का आलम है। चिकित्सकों की सलाह है कि बुजुर्ग,बच्चे और बीमार दिन में 11 बजे से शाम पांच बजे तक घरों पर ही रहें और पेय पदार्थो का अत्यधिक सेवन करें। घर से बाहर निकलते समय पेट खाली न रखें और दही,छाछ,लस्सी,नीबूं पानी का सेवन करते रहें।

### जौनपुर में 17 जून तक लागू रहेगी धारा 144

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने परीक्षाओं एवं त्योहारों को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से आगामी 17 जून तक धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश दिया है। वर्मा की ओर से मंगलवार को अवगत कराया गया कि इस माह एवं आगामी माह में पूर्वांचल विश्वविद्यालय, प्राविधिक एवं व्यवसायिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा संस्थान की वार्षिक परीक्षाएं एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होनी है। इसके अलावा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले में शांति व्यवस्था कायम रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर जनपद जौनपुर में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। उपरोक्त आदेश जनपद की सीमा में निवास करने वाले तथा प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर आदेश पारित होने से 17 जून 2022 तक प्रभावी रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के एमआईएस पोर्टल की होगी जून में शुरुआत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मिशन वात्सल्य के तहत बाल देखरेख संस्थाओं व किशोर न्याय बोर्डो एवं बाल कल्याण समितियों के लिये एमआईएस पोर्टल की शुरुआत जून में की जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एमआईएस पोर्टल योजना से जुड़े सभी भौतिक और वित्तिय सूचनाएं ऑनलाइन प्राप्त होने से योजना संचालन का प्रभावी पर्यवेक्षण व समीक्षा संभव हो सकेगी। संस्थाओं में निवासित बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास से जुड़े डेटा का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। बालकों की देखरेख, संरक्षण व पुनर्वासन का प्रभावी पर्यवेक्षण होगा। इसके साथ ही बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की प्रभावी समीक्षा भी की जाएगी। महिला कल्याण बाल विकास विभाग की ओर से आने वाले 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। विभाग की ओर से शाहजहांपुर में सात करोड़ रूपये की लागत से तैयार होने वाले नवीन भवन में 50 की क्षमता के राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का लोकार्पण किया जाएगा जिससे प्रदेश के राजकीय सम्प्रेक्षण गृहों में क्षमता से अधिक संवासियों के आवासित रहने की समस्या का समाधान इस संस्था के संचालन से होगा। उन्होने बताया कि यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत विभाग की ओर से कोविड योजना में कुल 11049 बच्चे लाभान्वित हुए। इस योजना के तहत सामान्य योजना से कुल 5284, कोविड योजना में 480 अनाथ बच्चे, एकल माता पिता वाले 10569 बच्चे, सामान्य योजना में कुल 295 अनाथ बच्चे, सामान्य योजना के तहत 4989 एकल माता पिता वाले बच्चे लाभान्वित हुए हैं।

### उप्र के विश्वविद्यालयों में लागू होगी बायोमीट्रिक अटेंडेंस प्रणाली



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में तैनात शैक्षणिक एवं गैरशैक्षिणिक कर्मचारियों की उपस्थिति अब आगामी जून से बायोमीट्रिक प्रणाली से दर्ज करने की व्यवस्था अनिवार्य तौर पर लागू कर दी जायेगी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल की ओर से जारी इस आशय के आदेश में 30 मई तक राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में बायोमीट्रिक प्रणाली लगाने को कहा गया है जिससे एक जून से इस व्यवस्था को लागू किया जा सके। आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठकों एवं माध्यमों से राज्य विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक कर्मचारियों के समय पर अपने संस्थान में उपस्थित नहीं होने तथा अपने कार्यालय संबंधी दायित्वों का निर्वाह नहीं करने की बात सामने आ रही है। इसके मद्देनजर नयी तकनीक पर आधारित उपस्थिति प्रणाली को लागू करने का फैसला किया गया है। राज्यपाल द्वारा सोमवार को जारी आदेश के अनुसार मौजूदा व्यवस्था में उपस्थिति पंजिका के आधार पर कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज होती है। इसी के आधार पर कर्मचारियों का वेतन भी दिया जाता है। इसमें कहा गया है कि अब नयी तकनीक पर आधारित बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लागू कर इसी से वेतन व्यवस्था को भी जोड़ दिया गया है। इसके लिये सभी राज्य विश्वविद्यालयों को एक केन्द्रीय सर्वर से जोड़ते हुए ऐसी बायोमीट्रिक प्रणाली लगाने का आदेश दिया गया है, जिसमें कर्मचारी की चेहरे एवं अंगूठे के द्वारा पहचान की जा सके। सभी शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक कर्मचारियों की उपस्थिति इसी प्रणाली से अनिवार्य तौर पर दर्ज करने को कहा गया है। राज्यपाल ने यह व्यवस्था सभी राज्य विश्वविद्यालयों में 30 मई तक लागू करने का आदेश दिया है जिससे कर्मचारियों का जून 2022 का वेतन नयी पद्धति से वितरित किया जा सके।

# वन निवासियों के हित में अभियान चला कर काम करें विभाग : आनंदीबेन

एजेंसी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि सभी संबंधित विभाग वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हित में अभियान चलाकर परिणाम दायी कार्य करें।

राजभवन स्थित प्रज्ञा कक्ष में परम्परागत वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए लागू वनाधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुये श्रीमती पटेल ने विभागों को आपसी तालमेल के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कार्य समय–सीमा निर्धारित करके पूरा किया जाये। राज्यपाल ने वनाधिकार समितियों के पुनर्गठन तथा वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत अस्वीकृत दावों के सापेक्ष रिव्यु दावों के कार्य में शिथिलता पर रोष प्रकट करते हुए अधिकारियों से ग्राम समिति के साथ भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया जिससे कार्य–प्रगति में तेजी आ सके और गरीब वन निवासी एवं अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी समय से अधिकार प्राप्त कर सकें।

उन्होने कहा कि वन भूमि पर कब्जे के दावे का मौके पर ही जाकर सत्यापन किया जाए और सत्यापन के समय राजस्व विभाग, वन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, जिससे अपेक्षित कार्यवाही का तत्काल निस्तारण हो।

बैठक में आदिवासियों के हितों के लिए कार्य करने वाली संस्था सेवा समर्पण संस्थान ने वन भूमि पर दावे के सत्यापन में आ रही भौतिक कठिनाइयों से अवगत कराते हुए ग्राम स्तर पर समितियों के साक्ष्य को मान्यता देने पर चर्चा की।

समाज कल्याण विभाग की उपनिदेशक ने इस संदर्भ में निर्धारित अधिनियम 2006, नियम 2008 तथा संशोधन नियम 2012 के तहत कार्यवाही से अवगत कराते हुए सत्यापन की अब तक पूर्ण हो चुकी कार्यवाही से राज्यपाल को अवगत कराया।

## अपराधी के सत्यापन में सिपाही को भारी पड़ी लापरवाही, एसएसपी ने किया निलंबित

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जिले में अपराधियों के सत्यापन में लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मंगलवार को सिपाही संदीप कुमार को निलंबित कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच दिन पहले जिले में एक सुनार के साथ लूट और उसे गोली मारकर घायल कर देने की घटना हुई थी। पुलिस ने जब इस वारदात में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दौरान एक अपराधी मटसेना इलाके का रहने वाला मिला, लेकिन मटसेना में तैनात एक पुलिसकर्मी द्वारा उसका सत्यापन नहीं किया गया। जिसकी वजह से वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका था। दरअसल, 13 उत्तर थाना क्षेत्र में तिलक नगर निवासी सुनार महेश वर्मा के साथ कोटला चुंगी के निकट लूट की घटना हुई थी। इसमें बदमाशों ने कारोबारी को गोली मार दी थी और उससे नकदी एवं जेवर से भरा थैला भी छीन लिया। इस वारदात में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसएसपी के निर्देश पर चार टीमें बनाई गईं थी। इस सनसनीखेज मामले का पुलिस ने सोमवार के पीछे की सच्चाई को उजागर भी कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में 4 बदमाशों के नाम सामने आए थे। इनमें से एक बदमाश अन्नू को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली लगी थी। पुलिस ने दो बदमाशों को नारखी थाना क्षेत्र में गांव कपावली से गिरफ्तार किया. । मटसेना थाना क्षेत्र का रहने एक अपराधी आशीष अभी पुलिस की पकड़ से दूर ही रहा। एसएसपी को सोशल मीडिया सेल के द्वारा जानकारी दी गई है कि सिपाही संदीप कुमार द्वारा ऑपरेशन पहचान एप से अपराधियों के सत्यापन में लापरवाही बरती गई है। जिसकी वजह से एसएसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया।

## इटावा में कुख्यात अपराधी रीतेश सोलंकी गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के भर्थना इलाके मे पुलिस ने मुठभेड के बाद कुख्यात बदमाश रीतेश सोलंकी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख 75 हजार 500 रूपये नगद और साढे आठ किलो गांजा बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि सूचना मिली थी कि 11 अप्रैल को थाना क्षेत्र में रुपये लूट की घटना कारित करने वाले दो बदमाश फिर से किसी वारदात को अंजाम देने के लिये तुरैया नहर पुल की तरफ से उमरसेडा पुल की तरफ आ रहे हैं ।

सूचना के आधार पर उमरसेडा नहर पुल पर नाकाबंदी कर एसओजी, सर्विलांस व थाना भरथना पुलिस ने वाहन चेकिंग शुरू की कि बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति तुरैया नहर पुल की तरफ से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया तो बाइक सवारों ने पीछे मुड कर भागने का प्रयास किया और पुलिस दल पर फायरिंग की।

## राजस्व हानि में 10 करोड़ रुपये की कमी लाये पावर कारपोरेशन : शर्मा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये राजस्व वसूली को बढ़ाना होगा और 80 करोड़ रुपये प्रतिदिन के राजस्व हानि को अगले 10 दिनों में 10 करोड़ रूपये कम करके इसे 70 करोड़ रुपये प्रतिदिन पर लाना होगा।

शर्मा ने सोमवार देर शाम विभागीय अधिकारियों एवं सभी डिस्कॉम के एमडी के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि अधिकारी राजस्व वसूली और विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिये अभी से कमर कस लें और लोगों के सामने अपनी ईमानदार एवं स्वच्छ छवि प्रस्तुत कर, अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाएं। राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें। विद्युत बकायेदारों एवं विद्युत चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होने कहा कि गर्मी को देखते हुए निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की जाए और इस संबंध में शहर व गांव से कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। किसी भी प्रकार के फाल्ट एवं व्यवधान होने पर संकट की घड़ी में लोगों की मदद करें। रात्रि में भी ऐसी स्थिति पर विद्युत आपूर्ति बहाल करें। उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को लोगों की काल उठाने के लिए 24 घंटे अपना मोबाइल नंबर चालू रखने तथा शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि मेन्टिनेंस के लिये मटेरियल की पर्याप्त उपलब्धता हो, साथ ही मैन पावर की भी कोई कमी ना हो। उन्होंने प्रत्येक फीडर एवं उपखंड स्तर के तथा जिम्मेदार अधिकारियों को अपने मोबाइल नंबर को अपने अपने क्षेत्र में डिस्प्ले करने के निर्देश दिए। लिगेसी प्रॉब्लम्स को भी दूर करने के लिये उन्होंने चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा, जिसमें विद्युत के लिए लोगों द्वारा एस्टीमेट का पैसा जमा कर देने पर भी समय पर बिजली की व्यवस्था न करना, उपभोक्ता के यहां मीटर लगाकर चालू न किया जाना, या बिल जनरेट न करना, मीटर लगा देने पर भी बिजली न आना और बगैर बिजली आये बिल आना,समय से बिल की वसूली न करना आदि समस्याओं पर विशेष ध्यान देना होगा। गर्मी के दिनों में विद्युत आपूर्ति बहाल रहे, इसके लिये फाल्ट को जल्द से जल्द ठीक करें तथा टेक्निकल लॉसेस को कम करें, इस पर ध्यान दिया जाए।

## छात्र की मौत पर प्रधानाचार्य और वार्डन पर हत्या का मामला

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सिविल लाइन इलाके में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 11 के छात्र की रेलगाड़ी से कट कर मौत के मामले में प्रधानाचार्य और वार्डन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

छात्र के परिजनों के स्कूल के प्रधानाचार्य निर्मल चंद बाजपेई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कानपुर से फोरेंसिक की टीम पूरे घटनास्थल स्कूल और छात्रावास की गहनता से पड़ताल करने में जुटा हुआ है। प्रदेश सरकार ने भी छात्र की मौत को लेकर के गंभीरता दिखाई है। समाज कल्याण प्रमुख सचिव हिमांशु कुमार मसले की जांच के इटावा आये।

एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि जैसे ही मामला संज्ञान में आया वैसे ही पूरे मामले को लेकर के पीड़ित परिवार के परिजनों की ओर से सिविल लाइन थाने में धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज करके पड़ताल शुरू कर दी है। दोपहर बाद छात्र के शव का तीन डाक्टरो के पैनल के जरिये पोस्टमार्टम करके कडी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार के लिए रवाना कर दिया गया। जहॉ देर शाम पचनदा पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया ।जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति सिंह का कहना है कि छात्र की मौत के बाद खुद उन्होंने ओर एसएसपी ने सयुक्त रूप से घटना स्थल की गहनता से पड़ताल की है। छात्र की मौत के बाद जो तथ्य सामने आए हैं उस को ध्यान में रखते हुए गहनता से पड़ताल की जा रही है । डीएम एसएसपी कईयो अन्य अधिकारियो के साथ पोस्टमार्टम स्थल पर पीड़ित परिवार के सदस्यों से जाकर मिले और उन्हें कार्यवाही के लिए भरोसा दिया है। मामला पंडित दीनदयाल आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय का है जहां 17 अप्रैल को 11 वीं का छात्र अदियंत दीक्षित (16) लापता हो गया। स्कूल प्रबंधन मामले को छिपाए रहा। परिजनों ने बताया कि स्कूल में आने जाने वाले की एंट्री होती है। छात्र का कमरा स्कूल के तीसरी मंजिल में है। ऐसे में स्कूल से भाग पाना संभव नहीं है। 18 अप्रैल को राहतपुरा रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव मिला था लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने परिजनों से उस शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान अदियंत दीक्षित के रूप में की । अदियंत इकलौता बेटा था। वह दो साल से आवासीय विद्यालय में पढ़ रहा था ।

## आर एन एण्टरप्राइजेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

एजेंसी

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में नौ पार्कों को विकसित न करने के सिलसिले में आर एन एण्टरप्राइजेज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश मण्डलायुक्त ने दिये हैं। मण्डलायुक्त लोकेश एम की अध्यक्षता में सोमवार देर शाम सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की निदेशक मण्डल की बैठक में आरएन एण्टरप्राईजेज द्वारा नौ पार्कों को समय से विकसित न करने, दिये गये आदेशों का अनुपालन न करने तथा शासकीय धन का सदुपयोग न करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये गये। मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी में कार्यदायी संस्था जल निगम के अधिकारियों को कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण के लिये कहा मगर प्रस्तुतीकरण दिये गये निर्देशों के अनुसार न होने पर मण्डलायुक्त द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये जल निगम के अधिकारियों एवं ठेकेदारों बैठक से बाहर कर दिया गया।

## विस्थापित 63 हिंदू बंगाली परिवारों को मिला पुनर्वास का अधिकार



**लखनऊ ।** तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से 1970 में विस्थापित हुए 63 हिंदू बंगाली परिवारों को उत्तर प्रदेश सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पुनर्वासन हेतु जमीन और मकान देकर देश में स्थाई गुजर बसर का इंतजाम कर दिया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विस्थापन का दंश झेल रहे इन 63 परिवारों के चार दशक के इंतजार को खत्म कर इन्हें पुनर्वास योजना के तहत कृषि एवं आवासीय भूमि का पट्टा और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किये। वर्षों से किसी सरकार ने अब के बांग्लादेश से विस्थापित हिन्दू बंगाली परिवारों का दर्द नहीं समझा था। योगी सरकार ने अब इन परिवारों को सहारा देते हुए जमीन और मकान उपलब्ध कराया है।

इस मौके पर योगी ने कहा कि पुनर्वास अधिकार के तहत 63 परिवारों को पट्टे दिये जा रहे हैं, लेकिन इसका लाभ 400 लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि शरण देकर व्यवस्थित पुनर्वास कराना मानवता के प्रति सेवा का अभूतपूर्व उदाहरण है।

गौरतलब है कि 1970 में बांग्लादेश से आए विस्थापित 407 हिन्दू परिवारों में 332 को देश के अलग–अलग हिस्सों में रखा गया था।

उत्तर प्रदेश में हस्तिनापुर स्थित मदन सूत मिल में इन्हें पुनर्वासित किया गया था लेकिन 1984 में मिल बंद होने के कारण यह सब बेसहारा हो गए थे।

इनमें से 65 परिवारों की व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार को करनी थी लेकिन, किसी सरकार ने इनकी सुध नहीं ली। इसके बाद 2017 में उत्तर प्रदेश सरकार ने इनके पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रक्रिया को पूरा कर इन परिवारों को योगी सरकार ने दो एकड़ कृषि भूमि का पट्टा और 200 मीटर आवास के पट्टा के साथ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किया है।

## गोरखपुर और आगरा में समय से शुरु होगी मेट्रो रेल सेवा : योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में छह महीने के भीतर काम शुरु करने और आगरा में दो साल की समयसीमा में मेट्रो सेवा शुरु करने का निर्देश दिया है। योगी ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के समक्ष नगर विकास क्षेत्र से जुड़े 04 विभागों की कार्ययोजना प्रस्तुतिकरण के दौरान जारी दिशा–निर्देशों में कहा है कि प्रदेश के काशी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झाँसी और प्रयागराज शहरों को मेट्रो रेल सेवा से जोड़ा जाना है। इसके लिये उन्होंने सभी जरूरी कार्रवाई पूरी करने के निर्देश देते हुए 06 माह के भीतर गोरखपुर मेट्रो लाइट परियोजना का काम शुरु करने को कहा। इसके मद्देनजर उन्होंने काशी, मेरठ, बरेली, झाँसी और प्रयागराज में मेट्रो लाइट अथवा मेट्रो नियो परियोजनाओं के लिए प्री फिजिबिलिटी स्टडी रिपोर्ट के साथ विस्तृत कार्ययोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने का निर्देश दिया।

बैठक में चारों विभागों की 100 दिन की कार्ययोजना तय होने के बाद छिमाही और वार्षिक कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्षों से एक स्थान पर कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों का स्थानांतरण किये जाने का भी निर्देश दिया, जिससे विकास प्राधिकरणों की कार्यशैली को पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कुल जनसंख्या का 24 प्रतिशत, शहरी आबादी है और इसका राज्य की जीडीपी में 65 प्रतिशत योगदान है। स्वस्थ एवं प्रदूषण मुक्त शहर, समावेशी शहर विकास, उच्चस्तरीय आधुनिक नगरीय सुविधाएं और ई–गवर्नेंस के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगर नियोजन करते समय भविष्य की जरूरतों और जन आकांक्षाओं का ध्यान भी रखना होगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि हर जनपद या विकास प्राधिकरण में नियोजन का कार्य टॉउन प्लानर प्रोफेशनल से ही कराया जाए। अनियोजित विकास भविष्य के लिए बड़ी समस्या के कारक होते हैं। विकास प्राधिकरण लैंड बैंक विस्तार के लिए ठोस प्रयास करें। नगरीय निकायों को वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए नियोजित प्रयास करना होगा।

## विदेशी कोयला खरीद पर नियामक आयोग ने उत्पादन निगम से किये सवाल



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और कोयले की कमी के चलते उपजे बिजली संकट बिजली के बीच विद्युत नियामक आयोग ने विदेशी कोयले की खरीद पर उत्पादन निगम से कुछ सवाल किये है।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर 18 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा जारी होने वाले विदेशी कोयला के टेंडर पर दाखिल लोक महत्व याचिका पर विद्युत नियामक आयोग ने उत्पादन निगम के चेयरमैन से कई सवाल करते हुए तत्काल रिपोर्ट तलब की गई है।

विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह के निर्देश पर आयोग सचिव डॉ संजय कुमार सिंह ने उत्पादन निगम के चेयरमैन से पूछा है कि विदेशी कोयले की ग्रास कैलोरीफिक वैल्यू बहुत ज्यादा होती है ऐसे में उत्पादन निगम की जो पुरानी मशीनें हैं क्या उसमें विदेशी कोयला चल पाएगा, क्या उत्पादन निगम ने पावर कारपोरेशन से इस पर कोई एडवाइस ली है, वर्तमान में उत्पादन निगम पावर कारपोरेशन को जो लक्ष्य के आधार पर बिजली दे रहा है क्या उसमें कोई दिक्कत आ रही है।

सिंह ने सवाल किया कि पिछले एक महीने में उत्पादन की क्या स्थिति रही है क्या कोई कोयले की कमी सामने आई है, कोयले की ढुलाई के लिए रेलवे द्वारा जो रैक उपलब्ध कराए जा रहे हैं यदि उसमें कोई दिक्कत आ रही है तो उत्पादन निगम यह भी बताएं कि जब विदेशी कोयला खरीद होगी तो वहां रेलवे के किस रैक से उत्पादन निगम को पहुंच पाएगा। एक और सबसे बडा सवाल यह भी विद्युत नियामक आयोग ने उत्पादन निगम से किया है कि केवल उत्तर प्रदेश में उत्पादन निगम ही क्यों विदेशी कोयला खरीदने की बात कर रहा है, दूसरे उत्पादन इकाइयां क्यों नहीं कर रही।

विद्युत नियामक आयोग ने उत्पादन निगम से यह भी पूछा है कि वर्तमान में या भविष्य में आपकी जो फोरकास्ट डिमांड रही है वह घरेलू कोल लिंकेज की आवश्यकता को पूरी करती है। यदि विदेशी कोयले पर उत्पादन होगा तो मेरिट डिस्पैच ऑर्डर (एमओडी) पर क्या प्रभाव पडेगा। क्या विदेशी कोयला खरीदने की सरकार द्वारा कोई अनुमति दी गई है। या बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा कोई अनुमति दी गई है।

सभी जानकारी तत्काल विद्युत नियामक आयोग को सौंपी जाए अन्यथा की स्थिति में विदेशी कोयला खरीद पर जो भी खर्च आएगा उसको विद्युत नियामक आयोग खारिज कर देगा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्र सरकार जिस प्रकार से विदेशी कोयला खरीदने का दबाव बना रहा है वह बहुत ही असंवैधानिक है जो कोयला वर्तमान में घरेलू लिंकेज के आधार पर उत्पादन इकाइयों को रुपया 1700 रूपये प्रति टन में मिल रहा है वह कोयला जब बिदेशो से खरीदा जाएगा तो उसकी कीमत लगभग 17000 रूपयेप्रति टन के ऊपर होगी या कहना गलत नहीं होगा कि विदेशी कोयला 10 प्रतिसत खरीदने मात्र से ही प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 40 से 50 प्रतिशत तक बढोतरी होगी जो अपने आप में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर सबसे बडा डाका साबित होगा।

वर्मा ने कहा कि सबसे बडा सवाल यह है कि भारत सरकार जहां उत्तर प्रदेश को विदेशी कोयला खरीदने के लिए दबाव बना रहा है, वही क्या वह इसका जवाब देगा कि कोल इंडिया जिसने उत्पादन इकाइयों को कोयला सप्लाई करने का एग्रीमेंट किया है अगर वह कोयला सप्लाई करने में फिसड्डी साबित हो रहा है क्या जिम्मेदारी उसकी है।

उन्होने बताया कि एक सबसे बडा चौंकाने वाला मामला आया है पिछले 5 दिनों में परीक्षा उत्पादन गृह पर लगभग 20 रैक कोयला पहुंचा है जिसको उतरवाने के लिए बिजली अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है जब उत्तर प्रदेश के उत्पादन के लिए कोयले की भरमार है तो फिर तथाकथित कोयले का अभाव दिखा कर विदेशी कोयला खरीदने की साजिश कौन कर रहा है।

उन्होने कहा कि उपभोक्ता परिषद सभी का पर्दाफाश करेगा और जो लोग भी इसमें शामिल होंगे उनके खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई की मांग करेगा।

# जियो से हो रहा मोह भंग, फरवरी में घटे 36.60 लाख ग्राहक

नयी दिल्ली। अरबपति मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो से अब उपभोक्ताओं का मोह भंग हो गया है क्योंकि इसकी सेवाओं से लोग लगातार किनारा कर रहे हैं। इस वर्ष फरवरी में भारती एयरटेल एक मात्र ऐसी कंपनी रही जो 15.91 लाख ग्राहकों को जोड़ने में सफल रही जबकि रिलायंस जियो से 36.60 लाख ग्राहकों ने नाता तोड़ लिया।

दूरसंचार नियामक ट्राई द्वारा आज जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष फरवरी में रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या 3660133 घट गयी जबकि एयरटेल के ग्राहकों की संख्यां 1591821 बढ़ गयी। इसके साथ ही वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या भी 1532189 घट गयी। इस तरह से फरवरी में कुल मिलाकर देश में मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या जनवरी की तुलना में 3717352 घटकर 114.15 करोड़ पर आ गयी। इस तरह से जनवरी 2022 की तुलना में फरवरी में ग्राहकों की संख्या में 0.32 प्रतिशत की कमी आयी है। फरवरी में 91.6 लाख उपभोक्ताओं ने अपने ऑपरेटर बदलने के लिए भी आवेदन किया। अब तक कुल 67 करोड़ से अधिक उपभोक्ता अपने ऑपरेटरों को बदल चुके हैं।

बड़े शहरों में सबसे अधिक उपभोक्ता तेजी से अपने ऑपरेटर बदल रहे हैं। छोड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। फरवरी में ग्राहकों की संख्या में घटबढ़ होने के बाद रिलायंस जियो की वायरलेस बाजार हिस्सेदारी भी 35.49 प्रतिशत से घटकर 35.28 प्रतिशत पर आ गयी जबकि एयरटेल की हिस्सेदारी बढ़कर 31.37 प्रतिशत हो गयी। वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी घटकर 23.09 प्रतिशत, बीएसएनएल की 9.98 प्रतिशत, एमटीएनएल की 0.28 प्रतिशत और रिलायंस कम्युनिकेशंस की हिस्सेदारी 0.0003 प्रतिशत पर आ गयी है।

फरवरी में देश में टेलीफोन धारकों की संख्या में बढोतरी दर्ज की गयी है। जनवरी की तुलना में फरवरी में इसके ग्राहकों की संख्या 1.27 प्रतिशत बढ़कर 2.45 करोड़ हो गयी है। इस तरह देश में फोनधारकों की संख्या फरवरी में पिछले महीने की तुलना में 0.29 प्रतिशत घटकर 116.60 करोड़ पर आ गयी।

## शार्ट न्यूज

### सोना चाँदी पर दबाव

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में जारी घटबढ़ के बीच आज घरेलू स्तर पर सोना और चाँदी पर दबाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.05 प्रतिशत टूटकर 1977.60 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिका सोना वायदा 0.32 प्रतिशत फिसलकर 1976.50 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.36 प्रतिशत की बढ़त लेकर 25.93 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 151 रुपये की गिरावट लेकर 53121 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 136 रुपये टूटकर 52969 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इसी तरह से चाँदी 36 रुपये गिरकर 69940 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चाँदी मिनी 63 रुपये फिसलकर 69981 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक निर्यात 470 अरब डालर करने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में निर्यात क्षेत्र के उत्साहजनक प्रदर्शन के मद्देनजर वर्ष 2022-23 में 470 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने यहां उद्यमियों के एक सम्मेलन में कहा, हमने 470 अरब डालर के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम शुरू कर दिया है। विदेशों में भारतीय मिशनों को कहा गया है कि वे जहां है उस देश के साथ भारत का व्यापार और निवेश संबंध बढ़ाने के लिए अपने लक्ष्य तय करें। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा कोविड के बाद आर्थिक स्थिति में सुधार विषय पर चर्चा को संबोधित करते हुए श्री श्रृंगला ने कहा कि वर्ष 2021-22 में 400 अरब डालर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में विभिन्न देशों में कार्यरत भारतीय मिशनों ने वाणिज्य मंत्रालय के साथ तालमेल से काम किया। विकसीत देशों में मांग बढ़ने, जिंस की कीमतों में तेजी और कोविड के बाद वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के बीच पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत के निर्यात कारोबार में रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गयी और पहली बार निर्यात 400 अरब डालर के आंकड़ें को पार किया। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी अंकटाड ने हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा था कि 2021 में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में तेजी मुख्यत: जिंसों के भाव बढ़ने, कोविड की पाबंदियां हटने और प्रोत्साहन पैकेज के चलते मांग में सुधार के चलते रही। एजेंसी ने कहा है कि वर्ष 2022 में इन परिस्थितियों का असर के धीमा पड़ने का अनुमान है और इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार के रूझान भी सामान्य रहेंगे।

### शक्कर में तेजी, खाद्य तेलों में मजबूती, दलहनो में घटबढ़, दाल- चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से तेजी दर्ज की गई। खाद्य तेल मजबूत बताए गए। आज मूंगफली तेल बढ़कर बिका। दलहन घटबढ़ लिए बताए गए। आज मसूर सस्ती बिकी। दालों में ग्राहकी बताई गई। चावल में मांग रही। शक्कर में पूछपरख रही। आज शक्कर में कामकाज 3580 से 3620 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली बनी रही। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया। साबूदाना में खरीदी साधारण रही। खाद्य तेल में तेजी दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल मजबूत बताया गया। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज बना रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए रहे। मसूर घटकर बिकी। आज दालों में लिवाली सुस्त बताई गई इससे भाव नीचे रहे। चावल में पूछपरख सुधार लिए रही।

### 4 जी डाउनलोड स्पीड में जियो जो अपलोड में वोडा आइडिया अव्वल

**नयी दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने 4जी डाउनलोड स्पीड में तो वोडाफोन आइडिया 4 जी अपलोड स्पीड में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। दूरसंचार नियामक ट्राई द्वारा जारी मार्च माह के आंकड़ों के मुताबिक जियो की औसत 4जी डाउनलोड स्पीड 21.1 एमबीपीएस मापी गई। फरवरी माह के मुकाबले इसमें 0.5 एमबीपीएस की बढोतरी हुयी है। फरवरी माह में जियो की औसत 4जी डाउनलोड स्पीड 20.6 एमबीपीएस थी। जियो के अलावा सिर्फ सरकारी कंपनी बीएसएनएल की स्पीड बढ़ी है। फरवरी में 4.8 एमबीपीएस के मुकाबले मार्च में उसकी 4जी डाउनलोड स्पीड 6.1 एमबीपीएस पर पहुंच गयी। ट्राई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनियों, एयरटेल और वीआई (वोडाफोन-आइडिया) की 4जी स्पीड मार्च में घट गई है। पिछले माह के मुकाबले मार्च में एयरटेल 4जी डाउनलोड स्पीड 1.3 एमबीपीएस घट गई। वहीं स्पीड के मामले में वीआई को भी 0.5 एमबीपीएस का घाटा उठाना पड़ा। एयरटेल की स्पीड 13.7 एमबीपीएस तो वीआई इंडिया की 17.9 एमबीपीएस रही। रिलायंस जियो ने मार्च माह में जियो की 4जी डाउनलोड स्पीड एयरटेल से 7.4 एमबीपीएस तो वीआई इंडिया से 3.2 एमबीपीएस अधिक रही। रिलायंस जियो पिछले कई वर्षों से लगातार औसत 4जी डाउनलोड स्पीड में नंबर वन की पोजीशन पर काबिज है। वीआई इंडिया दूसरे नंबर पर कायम है और भारती एयरटेल तीसरे नंबर पर है।

### सरकारी बैंक छोड़ रहे सस्ते लोन देने की राह

**नई दिल्ली।** महंगाई के बीच अब सस्ते लोन और ईएमआई का दौर खत्म होने वाला है। इसकी शुरुआत देश के सरकारी बैंकों ने कर दी है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने अपनी सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 10 आधार अंक (बीपीएस) या 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस कदम से कर्ज लेने वालों के लिए ईएमआई में वृद्धि होगी। एसबीआई की तरह बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी एमसीएलआर को 0.05 फीसदी बढ़ाया है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में दूसरे बैंकों द्वारा भी उधारी दर में संशोधन किए जाने की संभावना है। ये बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब आगामी मौद्रिक नीति बैठक में आरबीआई के रेपो रेट बढ़ाए जाने की खबरें आ रही हैं। हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक की इकोनॉमी रिसर्च टीम ने कहा है कि आरबीआई जून में रेपो रेट में कम से कम 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी करेगा। ये सिलसिला अगस्त की बैठक में भी जारी रहने की आशंका है। मतलब ये कि रेपो रेट में लगातार दो बार बढ़ोतरी हो सकती है। वर्तमान में रेपो रेट 4 फीसदी पर स्थिर रखा है। लगातार 10वीं बार आरबीआई ने रेपो रेट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। अब महंगाई के माहौल में आरबीआई रेपो रेट बढ़ाने पर विचार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो बैंक लोन की ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं।

### चार हफ्ते के निचले स्तर पर आया रुपया, डॉलर के मुकाबले ये है रेट

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर को मिली मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी के बीच भारतीय करेंसी रुपया अपने 4 हफ्ते के निचले स्तर पर आ गया है। यह मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे लुढ़क कर 76.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया 76.34 पर खुला और कारोबार के दौरान 76.25 के उच्चस्तर तक गया तो 76.53 के निचले स्तर को भी छु लिया। वहीं, सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 76.29 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पिछले कारोबारी दिन की तुलना में यह 22 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। बता दें कि रुपया में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा 38 पैसे कमजोर हुई है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत बढ़कर 100.79 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.18 फीसदी की बढ़त के साथ 111.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 703.59 अंक की गिरावट लेकर 56,463.15 अंक पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 215 अंक टूटकर 17,173.65 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 6,387.45 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# बिकवाली हावी, सेंसेक्स निफ्टी में सवा फीसद की गिरावट




मुंबई। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के तत्काल बंद होने की कोई उम्मीद नहीं दिखने और इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था और कमोडिटी के प्रभावित होने के अनुमानों की वजह से आज लगातार पाचवें दिन घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली जारी रही जिससे सेंसेक्स और निफ्टी में सवा - सवा फीसद की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 703.59 अंक टूटकर 57 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 56463.15 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 215 अंक फिसलकर 16958.65 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उतरकर 24450.86 अंक पर और स्मॉलकैप 1.21 प्रतिशत गिरकर 28869.58 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से एनर्जी 1.20 प्रतिशत और तेल एवं गैस 0.25 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष सभी समूहों में गिरावट दर्ज की गयी। इसमें एफएमसीजी में सबसे अधिक 2.57 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में कुल 3536 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2179 गिरावट में रही जबकि 1234 में बढ़त दर्ज की गयी। 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जापान के निक्केई 0.69 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर अधिकांश प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.11 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.28 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 215 अंकों की तेजी के साथ 57381.77 अंक पर खुला।

शुरूआती कारोबार में ही यह 57464.80 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इस दौरान शुरू हुयी बिकवाली से यह 57 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 56009.07 अंक तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 57166.74 अंक की तुलना में 1.23 प्रतिशत अर्थात 703.59 अंक गिरकर 56463.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र चार रिलायंस इंडस्ट्रीज 3.71 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.04 प्रतिशत, स्टेट बैंक 0.44 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 0.25 प्रतिशत की बढ़त में रही। शेष 26 कंपनियां लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी 85 अंकों की बढ़त के साथ 17258.95 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर 17275.65 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह 17 हजार अंक के स्तर से नीचे 16824.70 अंक तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 17173.65 अंक की तुलना में 1.25 प्रतिशत अर्थात 215 अंक गिरकर 16958.65 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 44 लाल निशान में और छह हरे निशान में रही।

## जियोफाइबर का एंटरटेनमेंट बोनांजा




**मुंबई।** अरबपति मुकेश अंबानी की एकीकृत दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जियोफाइबर पोस्टपेड ग्राहकों के लिए एंटरटेनमेंट बोनांजा लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह नया प्लान 22 अप्रैल से प्रभावी होगा। जियोफाइबर के 399 रुपये और 699 रुपये के प्लान बेसिक इंटरनेट प्लान थे, जिनमें 30 और 100 एमबीपीएस की स्पीड मिलती थी। अब रिलायंस जियो ने इन प्लान के साथ एंटरटेनमेंट भी देने का ऐलान किया है। इन नए प्लान का फायदा नए व मौजूदा दोनों ग्राहक उठा सकते हैं। घोषणा के मुताबिक यूजर 399 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाले अनलिमिटेड हाई-स्पीड इंटरनेट प्लान के साथ 100 या 200 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भुगतान करके 14 ओटीटी ऐप का भी उपयोग कर सकेंगे। 100 रुपये अतिरिक्त दे कर ग्राहक जियो के एंटरटेनमेंट प्लान का लाभ ले सकेंगे जिसमें उन्हें 6 एंटरटेनमेंट ओटीटी ऐप मिलेंगे। 200 रुपये के एंटरटेनमेंट प्लस प्लान में 14 ऐप शामिल किए गए हैं। एंटरटेनमेंट बोनांजा के तहत कंपनी ने अपने नए पोस्टपेड यूजर के लिए एंट्री कॉस्ट शून्य कर दी है। अब इंटरनेट बॉक्स (गेटवे राउटर), सेट टॉप बॉक्स मुफ्त मिलेगा और इंस्टालेशन चार्ज नहीं देना होगा। लेकिन इसके लिए ग्राहक को जियोफाइबर पोस्टपेड कनेक्शन का प्लान लेना होगा।

## टाइरेक्स ने कारोबार में बढ़ोतरी के लिए 20 लाख डालर की राशि जुटाई

नयी दिल्ली। ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जर निर्माता कंपनी टाइरेक्स ट्रांसमिशन ने अति धनाढ्य निवेशक से 20 लाख डालर की धनराशि जुटायी है।इसका उपयोग कंपनी की वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए अनुसंधान एवं विकास के प्रयासों के लिए किया जाएगा, इसमें अमेरिका पर विशेष रूप ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस धनराशि को जुटाने में टाइरेक्स को अहमदाबाद की निवेश बैंकिंग एवं सलाहाकार कंपनी गैटफाइव कॉरपोरेट एडवाइजर्स एलएलपी से मदद मिली है।

टाइरेक्स ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि घरेलू बाजार और दुनिया भर में ईवी क्षेत्र के तीव्र विकास को देखते हुए, कंपनी को अपना संचालन बढ़ाने के लिए धनराशि की जरूरत थी। इस धनराशि के साथ कंपनी अब और तेजी से विकसित होगी। एक अनुमान के मुताबिक यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कम से कम 6-7 गुना बढ़ोतरी दर्ज करेगी।टाइरेक्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक संस्कार पटेल ने कहा,%% हमने अपनी यात्रा की शुरूआत वर्ष 2017 में ईवी क्षेत्र में आते बदलाव को देखते हुए की थी। अब तेजी से विकसित होने का वक्त आ गया है, जिसके लिए हमने धनराशि जुटाने के लिए गेटफाईव से संपर्क किया। हमने न सिर्फ निर्धारित समय के अंदर धनराशि जुटाई, उन्होंने हमें अपने कारोबार से जुड़े कई वित्तीय पहलुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया है।

गैटफाईव सहसंस्थापक सदस्य एवं प्रबन्ध निदेशक श्रीकांत गोयल ने कहा,संस्कार पटेल और उनकी टीम के साथ काम करना अच्छा अनुभव रहा है। ईवी क्षेत्र में हो रहे तीव्र विकास को देखते हुए, कंपनी जिस तरह ईवी चार्जर बाज़ार में काम कर रहे हैं, वह अपने आप में सराहनीय है। हम चार महीनों के अंदर इस राशि को जुटाने में कामयाब रहे हैं।

## फाल्गुनी नायर को मिला ईवाई उद्यमी पुरस्कार

नयी दिल्ली। नाईका की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी फाल्गुनी नायर को ईवाई आँट्रप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2021 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अब वह ईवाई वर्ल्ड आँट्रप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड (डब्लूईओवाई) में 9 जून, 2022 को भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पूर्व में इन्वेस्टमेंट बैंकर रही उद्यमी फाल्गुनी नायर ने सन 2012 में सौंदर्य उत्पाद बेचने के लिए डिजिटल साधनों का इस्तेमाल कर आम दुकानों से चलने वाले इस उद्योग में एक नई पहल की। उनके स्टार्टअप नाईका के पास एक मजबूत ऑम्नीचैनल पहुंच है। पिछले दो सालों में, उन्होंने सौंदर्य का विस्तार फैशन और लाईफस्टाईल में कर लिया और 100 से ज्यादा ऑफलाईन स्टोर्स एवं 2600 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ उनके पास एक सुस्थापित पोर्टफोलियो है। कंपनी ने हाल ही में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से पूंजी जुटायी है।

# अमेरिकी फैशन ब्रांड पेटागोनिया से फिर मिला खादी डेनिम का आर्डर

**नयी दिल्ली।** खादी ग्रामोद्योग आयोग ने मंगवालर को बताया कि अमेरिका के वैश्विक फैशन ब्रांड पेटागोनिया ने खादी डेनिम कपड़े खरीदने के लिए एक बार फिर से ऑर्डर दिया है।

आयोग ने एक बयान में कहा कि यह खादी के विश्व स्तरीय उत्पाद की गुणवत्ता और आपूर्ति आदेश को पूरा करने में समय की पाबंदी को लेकर वैश्विक स्तर पर भरोसे का एक और सबूत है।

बयान के मुताबिक पेटागोनिया ने इस साल मार्च में भारत में कपड़ा बनाने वाली कंपनी अरविंद मिल्स के माध्यम से गुजरात में राजकोट स्थित खादी संस्थान उद्योग भारती से लगभग 80 लाख रुपये मूल्य के 17,050 मीटर खादी डेनिम कपड़े खरीदने का ऑर्डर दिया था। कंपनी से दोबारा यह ऑर्डर 1.08 करोड़ रुपये के खादी डेनिम फैब्रिक के 30,000 मीटर के पिछले ऑर्डर के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आया है।

बयान के मुताबिक पेटागोनिया, डेनिम परिधान बनाने के लिए हाथ से बुने खादी डेनिम कपड़े का उपयोग कर रही है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने वैश्विक बाजार में खादी डेनिम उत्पादों का व्यापार करने के लिए अरविंद मिल्स लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ जुलाई 2017 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। तब से, अरविंद मिल्स गुजरात के केवीआईसी-प्रमाणित खादी संस्थानों से हर साल बड़ी मात्रा में खादी डेनिम कपड़े खरीद रहा है। नवीनतम आदेश के साथ, पेटागोनिया द्वारा कुल खादी डेनिम की खरीद लगभग 1.88 करोड़ रुपये मूल्य के 47,000 मीटर हो गई है।

आयोग के विनय कुमार सक्सेना ने विकास की सराहना करते हुए कहा कि पेटागोनिया से दोबारा ऑर्डर खादी के डेनिम की उत्कृष्ट गुणवत्ता का परिणाम था जो सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाता था। उन्होंने कहा कि खादी डेनिम के लिए विदेशी फर्म से दोबारा मिले ऑर्डर ने फिर से पुष्टि की है कि खादी माननीय प्रधान मंत्री द्वारा परिकल्पित %लोकल टू ग्लोबल% का एक उपयुक्त उदाहरण है।आयोग के अनुसार पेटागोनिया की खरीद से खादी से कारीगरों के लिए कुल मिलाकर अतिरिक्त तीन लाख श्रम घंटे के काम के अवसर पैदा हुए हैं।

# सीआईएल ने बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाई

मुंबई। केंद्र सरकार के उपक्रम कोल इंडिया (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने अप्रैल 2022 में बिजली संयंत्रों को की जाने वाली कोयले की आपूर्ती में बीते वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि बिजली संयंत्र लगातार कोयले की कमी की शिकायत कर रहे हैं।

बिजली वितरण कंपनियां कोयले की कमी में बढ़ते तापमान के बीच बिजली में कटौती करने के लिए मजबूर है।

कोल इंडिया ने विज्ञप्ति में बताया,बढ़ते बिजली उत्पादन के बीच कंपनी ने ताप बिजली घरों में अप्रैल के पहले 15 दिनों कोयला की आपूर्ति बीते वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14.2 प्रतिशत बढ़ा दी है।

इस अवधि में सीआईएल हर दिन 16.4 लाख टन कोयले की आपूर्ति कर रही है, जोकि अप्रैल 2021 में 14.3 लाख टन थी।

कंपनी ने अप्रैल के पहले 15 दिनों में कोयले का उत्पादन बढ़ाकर 2.64 करोड़ टन कर दिया है, जोकि बीते वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। कंपनी अप्रैल में अपने सबसे अधिक उत्पादन की ओर बढ़ रही है।

मात्रा के हिसाब से सीआईएल की ओर से यह बढ़ोतरी 57 लाख टन रही।

कंपनी ने कहा,मांग को पूरा करने के लिए राज्यों और केंद्रीय बिजली उत्पादन इकाइयों को 87.5 लाख टन कोयला उपलब्ध करा रखा है, जिसकी ढुलाई रेल एवं सड़क मार्ग से 31 मई तक की जाएगी।

सीआईएल ने बताया कि महामारी के बाद आर्थिक गतिविधियों में तेजी और तापमान सामान्य से ऊंचा होने के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।

चालू वित्त वर्ष में 15 अप्रैल तक देश में औसल बिजली उत्पादन दैनिक 4.53 अरब यूनिट चल रहा था, जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 9.5 प्रतिशत या दैनिक 40 करोड़ यूनिट अधिक है।

पिछले साल इसी दौरान उत्पादन दैनिक 4.13 अरब यूनिट था।

आंकड़ों के मुताबिक मार्च में कोयले से चलने वाले बिजली घरों में दैनिक उत्पादन 3.32 अरब यूनिट रहा जो पिछले साल की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने कहा, पिछले कई महीनों से अंतरराष्ट्रीय कोयला बाजार उबाल पर है और अभी इसके शांत होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

## सरकारी इस्पात उपक्रमों ने दिया 13,156 करोड़ रु. के पूंजीगत व्यय का भरोसा

**नयी दिल्ली।** इस्पात क्षेत्र के केंद्रीय लोक उपक्रमों की ओर से चालू वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 13156.46 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य है और इन उपक्रमों ने सरकार को इसे पूरा करने का भरोसा दिलाया है। केंद्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार को यहां एक बैठक में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान स्टील सीपीएसई द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की समीक्षा की और चालू वर्ष के लिए कैपेक्स लक्ष्यों को प्राप्त करने की योजनाओं का आकलन किया। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, श्री सिंह ने इस्पात क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों को सलाह दी कि वे अपनी मासिक कैपेक्स योजनाओं का पालन करें और समयबद्ध कार्यान्वयन और वार्षिक लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी करें। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2021-22 में मंत्रालय के तहत आने वाले इस्पात उपक्रमों द्वारा 10,038 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किय गया जो वर्ष 2020-21 में 7266.70 करोड़ के पूंजीगत व्यय से 38 प्रतिशत अधिक रहा।

# भारतीय जीवन बीमा निगम रिपोर्ट

एजेंसी

**मुंबई।** प्रथम सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में लगी सरकारी क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 12.66 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,43,938.59 करोड़ रुपये की जीआरपी (ग्रुप नवीनीकरण प्रीमिमय आय) दर्ज की।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में देश की इस सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी की आय 1,27,768.06 करोड़ रुपये थी। मंगलवार को जारी कंपनी के एक बयान के अनुसार, वर्ष 2021-21 की वित्तीय रिपोर्ट में कंपनी ने बताया कि 2020-21 के दौरान उसकी व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम आय 8.82 प्रतिशत बढ़कर 30,015.74 करोड़ रुपये रही। मार्च 2021 में समाप्त वित्त वर्ष में इस मद की आय 27,584.02 करोड़ रुपये थी।




वर्ष के दौरान एलआईसी की कुल प्रथम वर्ष प्रीमियम आय इससे पिछले वित्त वर्ष के 184,174.57 करोड़ रुपये से 7.92 प्रतिशत बढ़कर 198,759.85 करोड़ रुपये रही।

बयान के मुताबिक, मार्च 2022 में एलआईसी की व्यक्तिगत एकल प्रीमियम आय 61 प्रतिशत बढ़कर 4,018.33 करोड़ रुपए रही जो मार्च 2021 में 2,495.82 करोड़ रुपये थी। मार्च 2022 में ग्रुप एकल प्रीमियम 48.09 प्रतिशत बढ़कर रु. 30,052.86 करोड़ रुपये रही जो मार्च 2021 में 20,294.02 करोड़ रुपये थी।

बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पूरे घरेलू जीवन बीमा उद्योग के कुल प्रथम वर्ष के प्रीमियम आय में एलआईसी का हिस्सा 63.25 प्रतिशत रहा। इसी तरह मार्च 2022 में प्रथम वर्ष के प्रीमियम में एलआईसी का बाजार हिस्सा 70.99 प्रतिशत रहा जो 2021 के 63.68 प्रतिशत था।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में बिकी पॉलिसियों की संख्या वित्तीय वर्ष 2020-21 के 20,975,439 से 3.54 प्रतिशत बढ़कर 21,718,695 हो गई। कंपनी ने मार्च 2022 महीने में 4,896,019 पॉलिसी बेचीं। मार्च 2021 में बिकी पॉलिसी 4,667,952 थीं। इस तरह मार्च माह में वार्षिक आधार पर पॉलिसी की बिक्री में 4.89 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी।

एलआईसी के आईपीओ के प्रस्ताव के मसौदे के अनुसार, 30 सितंबर 2021 तक की स्थिति के अनुसार कंपनी का अंतर्निहित मूल्य 5,39,686 करोड़ रुपये है। सरकार ने इसके आईपीओ के तहत 316,249,885 शेयर बेचने की योजना बनायी है।

एलआईसी का आईपीओ इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आने की उम्मीद है।

# दान देने में आगे हैं मुकेश अंबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। जो दुनिया के बड़े में रईसों में शुमार हो, हर साल 500 करोड़ रुपए से ज्यादा दान कर दे, उस अरबपति की सैलरी कितनी होगी, ये कौतूहल का विषय है। ये अरबपति हैं रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी।

मुकेश अंबानी का आज यानी 19 अप्रैल को 65वां जन्मदिन है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे कि दुनिया के बड़े रईस मुकेश अंबानी की सालाना सैलरी कितनी है और वह हर साल कितना दान कर देते हैं।

### कितनी लेते हैं सैलरी

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वार्षिक रिपोर्ट में बताया था कि मुकेश अंबानी वित्त वर्ष 2008-09 से ही 15 करोड़ रुपए सालाना सैलरी लेते आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में सैलरी नहीं ली थी। मुकेश अंबानी ने यह फैसला अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही कोरोना वायरस महामारी के कारण लिया था। उन्होंने स्वेच्छा से अपना वेतन छोड़ दिया था। अंबानी की सैलरी में भत्ते और कमीशन, सब शामिल होते हैं।



### बड़े दानवीर भी

एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रोपी 2021 लिस्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 में मुकेश अंबानी ने 577 करोड़ रुपए दान के तौर पर दिए थे। दानवीरों की सूची में वह तीसरे भारतीय अरबपति हैं।

### रिलायंस का मार्केट कैप

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैपिटल 17,84,892.43 करोड़ रुपए है। मार्केट कैपिटल के लिहाज से यह भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी का शेयर भाव 2638.45 रुपए पर है, जो एक दिन पहले के मुकाबले 3.71 फीसदी बढ़त दर्शाता है।

### अंबानी की दौलत

आपको बता दें कि मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस, पेट्रोकेमिकल्स से टेलीकॉम इंडस्ट्रीज तक पर दबदबा बनाए हुए है। रिलायंस कर्ज फ्री कंपनी है तो अंबानी दुनिया के 11वें सबसे अमीर अरबपति हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक मुकेश अंबानी की दौलत 94.4 बिलियन डॉलर है।

## शार्ट न्यूज

### यूपी ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिये लखनऊ की टीम घोषित

लखनऊ। आगामी 29वीं यूपी ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2022 के लिए लखनऊ जिला एथलेटिक्स टीम की घोषणा मंगलवार को की गई।लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार, 46 सदस्यीय लखनऊ एथलेटिक्स टीम का चयन 17 अप्रैल को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के अंतर्गत कौशाम्बी में 21 अप्रैल को थ्रो इवेंट की स्पर्धा होगी।इसके अलावा, अन्य सभी स्पर्धाएं 22 व 23 अप्रैल को लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के सिंथेटिक एथलेटिक्स स्टेडियम में होगी।

### ब्रेबोर्न हमारी टीम के लिए अच्छा मैदान साबित नहीं हुआ है : अय्यर

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स से मिली सात रन की हार के बाद सोमवार को कहा कि हमें जो शुरुआत मिली, हम आवश्यक रन रेट के अनुसार बल्लेबाज़ी कर रहे थे। फ़िंच ने बढ़िया बल्लेबाज़ी की। इसके बाद हम धीमे होते चले गए और मैच हमारे हाथों से फिसलता चला गया। अय्यर ने मैच के बाद कहा मैं अंत तक खेलना चाहता था और प्लान ये था कि दूसरे छोर से बल्लेबाज़ जोखिम उठाएंगे। युज़ी के विरुद्ध मेरा मैच अप था लेकिन मैं दुर्भाग्यपूर्ण तरीक़े से आउट हो गया। बटलर एक क्लासिक बल्लेबाज़ हैं। वह गेंद को चारों दिशाओं में मारते हैं। उन्होंने बढ़िया बल्लेबाज़ी की। मुझे नहीं लगा कि ओस ने आज ज़्यादा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा,%यह एक अच्छी पिच थी और ब्रेबोर्न हमारी टीम के लिए अच्छा मैदान साबित नहीं हुआ है। जब आप इतने बड़े स्कोर का पीछा करते हैं तो आप पर दबाव होता है। मैं पहली गेंद से आक्रामक बल्लेबाज़ी करना चाहता था। कितना भी बड़ा लक्ष्य क्यों ना हो, मुझे आत्मविश्वास था कि अगर विपक्षी टीम यह स्कोर बना सकती हैं तो मैं भी यह स्कोर बना सकता हूं।

### एको का फैन एरिना दिल्ली में प्रशंसकों के लिए क्रिकेट और स्टैंड-अप मनोरंजन साथ लाया

**नयी दिल्ली।** देश में सबसे बड़े खेल आयोजन के रूप में, क्रिकेट के बुखार में लोगों को जकड़ते हुए, एको ने इस आयोजन में योगदान देने का एक अनूठा तरीका पेश किया है। पूरे महाराष्ट्र में होने वाले सभी मैचों के साथ, टेक-फर्स्ट इंश्योरर पूरे भारत में प्रशंसकों की कमी को पूरा कर रहा है, जो खेल के मैदान में लाइव एक्शन का मज़ा नहीं लेने से निराश हैं। क्रिकेट के वातावरण में मनोरंजन के मोड़ को जोड़ते हुए, टेक-फर्स्ट इंश्योरर एको क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बुधवार 20 अप्रैल को गुरुग्राम में एसएससी ड्राइव-इन, अर्बन अखाड़ा में फैन एरिना का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले संघर्ष को कवर किया जाएगा और कॉमिकस्तान सीजन 1 के विजेता कॉमेडियन निशांत सूरी द्वारा स्टैंड-अप प्रदर्शन भी देखा जाएगा। एको फैन एरिना में अंतिम ड्राइव-इन अनुभवों का उद्देश्य स्टैंड-अप कलाकारों, लाइव संगीत, डीजे, फेस पेंटर्स, मर्चेंडाइजिंग, रिफ्रेशमेंट और बहुत कुछ की विशेषता के साथ अपने प्रत्येक कार्यक्रम को क्रिकेट और मनोरंजन का एक संपूर्ण संयोजन बनाना है। क्रिकेट कार्निवल सात शहरों में चलेगा, जिसमें दिल्ली, अहमदाबाद, लखनऊ, बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई शामिल होंगे, जिसमें 3,000 से अधिक ग्राहक शामिल होंगे।

### पुणे की जगह ब्रेबोर्न में होगा कैपिटल्स और किंग्स का आमना-सामना

मुम्बई। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार का मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की जगह मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। खेल की सुबह कैपिटल्स के खिलाड़ियों का आरटी-पीसीआर टेस्ट होने के बाद ही मैच को हरी झंडी मिलेगी। यदि मैच 20 अप्रैल को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं हो पाता है, तो आईपीएल इस मैच को पुनर्निर्धारित करेगा। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि आईपीएल प्रबंधन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के कई सदस्यों के पॉज़िटिव आने के मद्देनज़र यह फ़ैसला लिया है। सोमवार को कैपिटल्स ने एक बयान जारी किया, जिसमें पुष्टि की गई कि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉज़िटिव आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मार्श के अलावा, दो सहायक स्टाफ़ सदस्यों की भी कोरोना रिपोर्ट पॉज़िटिव आई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईपीएल प्रबंधन बायो बबल को सुरक्षित बनाए रखने के लिए टीमों को यात्रा करने देने के पक्ष में नहीं हे। आईपीएल प्रबंधन के अनुसार दिल्ली की टीम के पांच सदस्य पिछले चार दिनों में कोविड पॉज़िटिव पाए गए थे। फ़िज़ियो पैट्रिक फ़ारहार्ट के अलावा इसमें ऑल राउंडर मार्श, मसियूज़ चेतन कुमार, टीम के चिकित्सक डॉ. अभिजीत सालवी और सोशल मीडिया टीम के सदस्य आकाश माने मौजूद हैं। कैपिटल्स की पूरी टीम को मंगलवार की सुबह को पुनः टेस्टिंग करवानी पड़ी थी और इसके नतीजे के अनुसार सभी सदस्य निगेटिव आए थे। बुधवार सुबह खिलाड़ियों की एक ताज़ा राउंड में टेस्टिंग की जाएगी। फ़ारहार्ट के तौर पर इस सीज़न में पहला कोविड-पॉजिटिव केस पाए जाने के बाद ही आईपीएल प्रबंधन चिंतित हो गया। पिछले शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के ख़िलाफ़ कैपिटल्स की भिड़ंत से पहले, आईपीएल प्रबंधन ने दोनों टीमों को वानखेड़े स्टेडियम में अपने मैच के बाद शारीरिक रूप से नहीं मिलने के लिए कहा था। मैच के बाद दोनों टीमें दूर से ही एक-दूसरे की तरफ़ दूर से ही हाथ लहराती नज़र आईं। कैपिटल्स के खेमे में कोरोना के अतिरिक्त मामले सामने आने के बाद किंग्स और कैपिटल्स के बीच होने वाले मुक़ाबले को लेकर सस्पेंस बढ़ गया।

### मुंबई से भिड़ेगा मजबूत केरला, हैदराबाद की टीम का होगा आरएफवाईसी से सामना

पणजी। रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के पहले संस्करण में बुधवार को नागोवा ग्राउंड पर केरला ब्लास्टर्स का सामना मुम्बई सिटी एफसी से होगा। दिन के अन्य मैच में हैदराबाद एफसी और रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स (आरएफवाईसी) एक दूसरे से भिड़ेंगे और जीत की पटरी पर लौटने का प्रयास करेंगे। अपने पहले मैच में दोनों टीमों को हार मिली थी। केरला के प्लेइंग इवेलन में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। उसके पांच खिलाड़ी-आयुष अधिकारी, विंसी बारेटो, गिवसन सिंह और संजीव स्टालिन हीरो इंडियन सुपर लीग में खेल चुके हैं और हैदराबाद एफसी के खिलाफ मिली 2-0 की जीत में अहम किरदार निभा चुके हैं। उस मैच में बारेटो और अधिकारी ने गोल किए थे। कोच थॉमस चोर्ज को उम्मीद है कि उनकी टीम मुंबई के खिलाफ भी साफ-सुथरा प्रदर्शन करेगी। दोनों टीमों में बड़ा फर्क यह है कि मुंबई के पास आईएसएल खेल चुका एक भी खिलाड़ी नहीं है। इस टीम को अपने पहले मैच में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ 0-3 से हार मिली थी। अच्छी बात यह है कि मुंबई के खिलाड़ी चार साल से साथ हैं। वे यू 15 से यू 18 में पहुंचे हैं और अब वे रिजर्व टीम का हिस्सा हैं। केरला के खिलाफ कोच मोहन दास को टीम के मनोबल पर काम करना होगा ताकि उनकी टीम पहले मैच में मिली बड़ी हार के बाद अनुभवी केरला के खिलाफ जोरदार वापसी कर सके।

### भारत के तीन पहलवानों ने जीते कांस्य

नयी दिल्ली। भारत के तीन पहलवानों ने उलनबाटार में आयोजित सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में मंगलवार को कांस्य पदक जीत लिए। अर्जुन ने 55 किग्रा में, नीरज ने 63 किग्रा में और सुनील ने 87 किग्रा में कांस्य पदक जीते।

# चहल के खतरे पर टीम में विस्तार से चर्चा हुई थी : मैकुलम

**एजेंसी**



मुम्बई। केकेआर के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि युजवेंद्र चहल उनकी टीम के लिए कितना बड़ा ख़तरा हो सकते हैं, इस संबंध में टीम के खिलाड़ियों के बीच विस्तार से चर्चा भी हुई थी। मैकुलम ने चहल को राजस्थान की जीत का श्रेय देने के साथ-साथ मैच के अंतिम ओवरों में केकेआर के बल्लेबाज़ों पर भी हार का ठीकरा फोड़ा। मैकुलम ने कहा, शायद चार ओवर बाक़ी थे, हम ड्राइविंग सीट पर मज़बूती से बैठे थे। फ़िर कुछ मूर्खतापूर्ण ग़लतियां और दबाव को न संभाल पाने की क़ीमत हमें चुकानी पड़ी।

मैकुलम ने मैच के बाद कहा ,चार ओवर में 40 रनों की दरकार थी और हमारे हाथ में छह विकेट बचे हुए थे। ऐसी स्थिति में अब मैच जीतने के प्रबल दावेदार थे, लेकिन इसका श्रेय चहल को जाता है। वह न सिर्फ़ एक शानदार गेंदबाज़ हैं, बल्कि वह उन लोगों में से एक हैं, जिन्हें दबाव की स्थिति परेशान नहीं करती है। हमने बैठकों में इस बारे में विस्तार से बात की कि वह कितना बड़ा ख़तरा साबित हो सकते हैं और हम खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में उन्हें विकेट नहीं देना चाहते थे। अगर उस ओवर को दोबारा खेलने का मौक़ा मिलता तो हम उसे अलग तरीक़े से खेलते और तेज़ गेंदबाज़ों पर आक्रमण करने के लिए जाते।

शायद इस तरह से विकेट गिरे जिससे मैकुलम ज़्यादा परेशान हुए। वेंकटेश अय्यर और श्रेयस अय्यर दोनों फ़्लाइट में चूके। यह दोनों गेंद क्रमश: गुगली और लेग ब्रेक थी।हालांकि, दो विकेट गिरने के बाद मैकुलम के पास अभी जीत की उम्मीद बरक़रार थी। पैट कमिंस पूरे आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे तेज़ अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं, जो उन्होंने इस प्रतियोगिता में पहले मारा था। श्रेयस का विकेट गिरने पर कमिंस का आना तय था, लेकिन स्पिन के ख़िलाफ़ उनका रिकॉर्ड ठीक वही है जो उन्हें ऑलराउंडर बनने से रोकता है। सभी टी20 क्रिकेट में, उनका स्पिन के ख़िलाफ़ 87.75 का स्ट्राइक रेट और 10.75 का औसत है, जबकि पेस के ख़िलाफ़ यह क्रमश: 155.71 और 20.7 का है।

मैकुलम कमिंस को पेस के सामने उतारना चाहते थे, इसलिए उन्होंने कमिंस को चहल से बचाने की कोशिश की। इसलिए शिवम मावी को कमिंस से पहले भेजा गया। हालांकि, मावी ने पहली ही गेंद को हवा में खेल दिया, जिस वजह से कमिंस को चहल की आख़िरी गेंद खेलने के लिए मैदान में आना पड़ा और पहली ही गेंद पर उन्हें पवेलियन की राह भी पकड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

कमिंस गुगली की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन चहल वास्तव में हैट्रिक के लिए भी बेताब नहीं थे। यहां भी, रॉयल्स अधिक व्यावहारिक तौर पर खेल रहे थे। चहल ने कहा कि बाद में वह एक डॉट गेंद के साथ ख़ुश हो जाते, लेकिन वह कमिंस के पाले में गेंद नहीं करना चाहते थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के विरुद्ध खेले गए मुक़ाबले की यादें चहल के ज़हन में अभी भी ताज़ा थीं, जहां वह 18वें ओवर में लालची हो गए। उन्होंने नंबर दस के बल्लेबाज़ को गुगली गेंद डाली, जिसका खामियाज़ा उन्हें छक्का खाकर भुगतना पड़ा। इसके परिणाम स्वरूप स्कोर का बचाव करने के लिए डेब्यू कर रहे कुलदीप सेन को अंतिम ओवर में दबाव में आकर गेंदबाज़ी करनी पड़ी।

केकेआर पसंदीदा थे, अंतिम चार में 40 की ज़रूरत थी। केकेआर के बल्लेबाज़ मुक़ाबले में पहले ही चहल की धुनाई कर चुके थे। नारायण के विपरीत, अपना अंतिम ओवर शुरू करने से पहले यह मैच चहल के लिए एक साधारण मैच ही था। यह कहना सुविधाजनक है कि केकेआर के बल्लेबाज़ों को चहल के ओवर को संभलकर खेलना चाहिए था। अपने सेट बल्लेबाजों को एक ऐसे गेंदबाज़ को संभलकर खेलने के लिए कहना हास्यास्पद लगता है, जिसके आंकड़े 3-0-38-1 हों। हालांकि मैकुलम चहल की प्रतिभा को जानते हैं।

मैकुलम ने कहा, जब दबाव हो तो आप चहल जैसे अच्छे खिलाड़ियों को खेल में प्रवेश नहीं करने दे सकते। वह अभी बहुत अच्छे हैं। हमने क्रिकेट का अच्छा खेल खेला लेकिन हमने कुछ मूर्खतापूर्ण ग़लतियां कीं। जॉस बटलर ने एक शतक बनाया, युज़ी चहल ने एक हैट्रिक सहित पांच विकेट अपने नाम किए, और हम सिर्फ़ सात रन से हार गए। इसलिए हमने अच्छा खेल खेला, लेकिन हम दूसरे स्थान पर रहे।

# भारत के लिए विश्व कप खेलना चाहते हैं कार्तिक

मुम्बई। पिछले साल कोरोना के कारण कुछ दिनों तक आईपीएल टल जाने के बाद दिनेश कार्तिक इंग्लैंड गए और अपने कॉमेंट्री करियर की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान उनके समकालीन विश्लेषण, बीच-बीच में किए गए मज़ाक और उनकी ताज़ी आवाज़ से लोग प्रभावित भी हुए। हालांकि उन्होंने बार-बार ज़ोर देकर कहा कि वह कम से कम 2023 तक भारत के लिए सीमित ओवर की क्रिकेट और विश्व कप खेलना चाहते हैं। यह कहना आसान है, लेकिन कार्तिक ने अपने लिए एक मुश्किल लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। ख़ासकर तब, जब आप अभ्यास करने की बजाय रंगीन शर्ट पहनकर उन्हीं खिलाड़ियों का इंटरव्यू कर रहे हो, जिनके साथ आप खेलना चाहते हैं। भारत में ऐसे लोगों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। इसलिए कार्तिक को अपने खेल के अलावा अपनी गंभीरता को भी साबित करना था।

आईपीएल के इस सीज़न के छह मैचों में कार्तिक ने अपनी गंभीरता को भी साबित किया है। इस दौरान उन्होंने 210 की स्ट्राइक रेट और 197 की औसत से रन बनाए हैं और दो बार प्लेयर-ऑफ़-द-मैच का अवॉर्ड जीता है।

उन्होंने बार-बार यह दोहराया है कि वह भारत के लिए खेलना चाहते हैं।

दिल्ली के ख़िलाफ़ मैच में 34 गेंदों पर 66 रन की पारी खेलने के बाद कार्तिक ने कहा, %मैं स्वीकार करुंगा कि मैं यहां पर एक बड़े लक्ष्य के लिए हूं। मैं टीम इंडिया में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य है कि मैं अपने



देश के लिए कुछ विशेष करुं। यह (आईपीएल) उसी यात्रा का एक हिस्सा है। मैं वह सब कर रहा हूं, जिससे मैं भारतीय टीम का हिस्सा बन सकूं। यह उसी दिशा में एक कदम है। फ़िनिशर की भूमिका के बारे में कार्तिक कहते हैं कि यही भूमिका वह टीम इंडिया के लिए भी निभा सकते हैं। उन्हें आरसीबी के टीम प्रबंधन ने इस भूमिका के लिए पूरी छूट दी है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली भूमिका है, जिसमें आपको बहुत कम गेंदें खेलकर भी एक निर्णायक भूमिका निभानी होती है।

इससे पहले आईपीएल के पिछले तीन सीज़न में कार्तिक ने अंतिम छह ओवरों के दौरान 37 की औसत और 157.4 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। हालांकि जब वह अंतिम छह ओवरों से पहले बल्लेबाज़ी के लिए उतरे तो उनका औसत 17.6 और स्ट्राइक रेट 126 का हो गया। इस आईपीएल में उन्होंने दो बार मैच जिताऊ पारी खेली है।

अगर उनकी शुरुआत धीमी भी हुई है तो उन्होंने कोई जल्दबाज़ी नहीं की है और अपनी योजना के अनुसार ही पारी को आगे बढ़ाया है।

आईपीएल में कार्तिक के कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी ने कहा, डीके (कार्तिक) अपनी ज़िंदगी के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में हैं। उनका गेमप्लान स्पष्ट है। वह आक्रामक खिलाड़ी हैं, लेकिन हमेशा शांत रहते हैं।

हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में हैं। कार्तिक कहते हैं, यह शांति, तैयारी से ही आती हैं। जब आपको पता होता है कि आपको अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ाना है, तब आप शांत होते हैं। कार्तिक वैसी बल्लेबाज़ी कर रहे हैं, जिसकी कमी पिछले दो विश्व कप में टीम इंडिया के मध्य क्रम में दिखाई दी। उन्होंने लाल गेंद की क्रिकेट को छोड़ दिया है और सीमित ओवर की क्रिकेट खेलने के लिए विशेष फ़िटनेस योजनाओं को अपनाया है। इस दौरान उन्होंने घरेलू क्रिकेट के अलावा स्थानीय क्लब टूर्नामेंट भी खेला।

### दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ 19 से, शीर्ष गोल्फर हिस्सा लेंगे

नयी दिल्ली। प्रोमेथियस दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट 19 से 22 अप्रैल तक नोयडा गोल्फ कोर्स में आयोजित होगा जिसमें देश के शीर्ष गोल्फर हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के प्रो-एम का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। यह टूर्नामेंट टाटा स्टील पीजीटीआई सत्र का नौंवां आयोजन होगा और इसमें 40 लाख रुपये की कुल पुरस्कार राशि रखी गयी है। दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे संस्करण को प्रोमेथियस स्कूल नोयडा का समर्थन प्राप्त है जो टूर्नामेंट का प्रेजेंटिंग पार्टनर है तथा गुजरात पर्यटन इसके लिए एसोसिएट पार्टनर है। सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी गयी।

# भारत की विदेश नीति का कायल हुआ रूस, विदेश मंत्री एस जयशंकर को बताया भारत का सच्चा देशभक्त

**एजेंसी**

नई दिल्ली। रूस के विदेश मंत्री सरगे लॉवरोव ने भारत की विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। अंतराष्ट्रीय दवाब में आए बिना अपनी विदेश नीति खुद तय करने के फैसले को लेकर सरगे ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना करते हुए कहा है कि एस जयशंकर भारत के असली देशभक्त हैं।

सरगे लॉवरोव ने कहा- रूस के साथ व्यापार को लेकर भारत पर दुनियाभर से पड़ रहे दवाब के बावजूद



भारत अपने फैसले पर अड़िग है और अपने अनुसार ही विदेश नीति बना रहा है।

ये बहुत बड़ी बात है। सरगे लॉवरोव ने आगे कहा- हम अपने देश के लिए फैसले इस आधार पर ले रहे हैं कि भारत अपने विकास और सुरक्षा को लेकर क्या मानकर चल रहा है। बहुत ज्यादा देशों में इतने मुखर तौर पर अपनी बात रखने की हिम्मत नहीं है। खाद्य सुरक्षा, रक्षा और कुछ रणनीतिक क्षेत्रों को लेकर रूस पश्चिमी देशों पर भरोसा नहीं कर सकता।

हम उन सभी देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं जो अंतराष्ट्रीय समुदाय द्वारा रूस पर लगाए गए अनैतिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं करता और भारत भी उनमें से एक है।

गौरतलब है कि रूस से जमकर कच्चा तेल खरीद रहे भारत ने रूस को मेडिकल उपकरणों देने के लिए हामी भरी है। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगा रखे हैं जिसके चलते रूस में मेडिकल उपकरणों की कमी हो रही है। ऐसे में रूस मदद के लिए एक बार फिर भारत की तरफ देख रहा है और भारत भी रूस की मदद करने को तैयार है। दोनों देशों के बीच एक्सचेंज मीडियम यानी किस करेंसी में व्यापार होगा उसको लेकर बात चल रही है।

कहा जा रहा है कि दोनों देश लोकल करेंसी में व्यापार करेंगे जैसा शीत युद्ध के दौरान किया जाता था।

### अंतराष्ट्रीय दवाब के बाजवूद रूस को मेडिकल उपकरण बेचेगा भारत, लोकल करेंसी में होगा व्यापार

नई दिल्ली। यूक्रेन पर हमले के चलते अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध झेल रहा रूस अब भारत से और मेडिकल सामानों की खरीद करना चाहता है। भारत में मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों और रूसी कंपनियों के बीच 22 अप्रैल को वर्चुअल मीटिंग होगी जिसमें मेडिकल सामानों की खरीद को लेकर बातचीत होगी। एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के फोरम कॉर्डिनेटर राजीव नाथ के मुताबिक दोनों देशों के ट्रेड ग्रुप मेडिकल उपकरण के आयात-निर्यात और एक्सचेंज मीडियम करेंसी को लेकर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से दिल्ली और मॉस्को एक्सचेंज करेंसी को लेकर लगातार बात कर रहा है ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार को आगे बढ़ाया जा सके। जानकारी के मुताबिक दोनों देशों ने करेंसी को लेकर आम सहमति बना ली है जिसमें लोकल करेंसी को ही इस्तेमाल करने की बात कही जा रही है जैसा कोल्ड वॉर के दौरान किया जाता था। गौरतलब है कि यूक्रेन पर हमले के बाद से अंतराष्ट्रीय समुदाय ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

# श्रीलंका में गहराया संकट, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई गोलियां, एक की हुई मौत

कोलंबो। श्रीलंका में संकट लगातार गहराता ही जा रहा है। अब तक देशभर में लोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन किसी तरह की हिंसा का खबर नहीं मिली थी। अब यहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला दीं। पुलिस की इस कार्रवाई में कम से कम 10 लोग घायल हो गए वहीं एक प्रदर्शनकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

एएफपी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि कुछ लोग रामबुकाना में हाइवे जाम कर रहे थे। ये सभी लोग पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों, अस्पताल और पुलिस से जुड़ी समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे थे। इसके बाद पुलिस ने हाइवे खुलवाने के लिए पहले प्रदर्शनकारियों पर डंडे बरसाए और



फिर गोली चला दी।

### राष्ट्रपति राजपक्षे ने संकट के लिए बताया खुद को जिम्मेदार

आर्थिक संकट और विरोध प्रदर्शनों के बीच आखिरकार राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को झुकना पड़ा। उन्होंने अपनी गलती मानते हुए कहा कि वह सुधार का प्रयास करेंगे। सोमवार को राजपक्षे ने नई कैबिनेट का गठन किया है। इसमें उनके परिवार के केवल एक सदस्य महिंद्रा राजपक्षे हैं जो कि प्रधानमंत्री हैं।

बता दें कि इन दिनों श्रीलंका बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी है। ऐसे में खाद्य पदार्थों से लेकर ईंधन तक का पर्याप्त आयात नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। अब वह भारत और चीन से कर्ज की आस लगाए है। बीते दिनों श्रीलंका की पूरी कैबिनेट ने इस्तीफा दे दिया था।

## टेस्ला पर नस्लीय भेदभाव के आरोप की ईईओसी करेगी जांच

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला पर भेदभाव और नस्लीय दुर्व्यवहार की अनदेखी करने के लगे आरोपों की जांच अमेरिकी समान रोजगार अवसर आयोगकरेगी। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टेस्ला ने एक कोर्ट फाइलिंग में खुलासा किया कि अमेरिकी संघीय एजेंसी द्वारा यह जांच की जा रही है जो कार्यस्थल में भेदभाव के खिलाफ नागरिक अधिकार कानूनों को लागू करती है।

टेस्ला ने अपनी कोर्ट फाइलिंग में यह भी दावा किया कि कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फेयर एम्प्लॉयमेंट एंड हाउसिंग अपने कानूनी अधिकार का विस्तार कर इस मुकदमे का उपयोग एक गंदी रणनीति के लिए कर रही है ताकि ईईओसी और टेस्ला एक-दूसरे के आमने-सामने हो।

## 'भारत विएतनाम रक्षा सहयोग से क्षेत्रीय, वैश्विक शांति, सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण'



**हनोई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि भारत और वियतनाम के बीच मजबूत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग का क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शांति, क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। बिरला एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ वियतनाम की तीन दिवसीय यात्रा पर आज हनोई पहुंचे जहां उन्होंने वियतनाम के राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक से मुलाकात के दौरान यह बात कही। श्री बिरला अपनी यात्रा के पहले दिन वियतनाम के राष्ट्रपति के अलावा प्रधान मंत्री फाम मिन्ह चिन और वियतनाम की राष्ट्रीय असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दीन्ह ह्यू से मुलाकात की।

वियतनाम के राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक में श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध 2016 में एक समग्र रणनीतिक साझीदारी में बदले और इस साझीदारी में राजनीतिक संबंध, व्यापार और निवेश , ऊर्जा सहयोग, विकास के लिए साझेदारी और रक्षा सहयोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शांति एवं समृद्धि का संयुक्त दृष्टिकोण को श्री गुयेन जुआन फुक और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2021 में अनुमोदित किया गया था।

बिरला ने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में आपसी सहयोग की लंबी परंपरा रही है और कोविड-19 महामारी के विरुद्ध संघर्ष में दोनों ने एक दूसरे की सहायता की है। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम के आर्थिक संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि हुई है तथा कोविड महामारी के कारण हुए व्यवधान के बावजूद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वर्ष 13 अरब डॉलर से अधिक रहा।

लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि दोनों देशों के बीच सामान्य हितों पर आधारित रक्षा साझेदारी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ी है तथा रक्षा प्रौद्योगिकी और तकनीकी सहयोग सहित नए क्षेत्रों में विस्तारित हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत और वियतनाम के बीच मजबूत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग अंतरराष्ट्रीय शांति, क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि में योगदान देगा।

बिरला ने वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन से भी मुलाकात में द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। आर्थिक और व्यापार सहयोग के बारे में उन्होंने कहा कि भारतीय निवेशकों की वियतनाम में गहरी दिलचस्पी है। उन्होंने मेज़बान प्रधानमंत्री से भारतीय निवेश के अनुकूल परिस्थितियां बनाने का आग्रह किया जिससे निवेश को प्रोत्साहित किया जा सके।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत और वियतनाम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्यों के रूप में वैश्विक मुद्दों को उठाने में एक-दूसरे का सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, समृद्ध, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में आसियान के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (आईपीओआई) और इंडो-पैसिफिक (एओआईपी) पर आसियान के आउटलुक के माध्यम से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और सहयोग बढ़ा है।

इससे पहले श्री बिरला का वियतनाम की राष्ट्रीय असेंबली में एक पारंपरिक समारोह में स्वागत किया गया जहां उन्होंने राष्ट्रीय असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दिन्ह ह्यू से बातचीत की। उन्होंने नियमित द्विपक्षीय संसदीय आदान-प्रदान पर जोर देते हुए कहा कि नियमित दौरे विचारों को साझा करने और विधायी सहयोग को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## संजय गुप्ता की फिल्म में फिर से काम करेंगे संजय दत्त

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त एक बार फिर से संजय गुप्ता की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। संजय दत्त की हाल ही में केजीएफ 2 प्रदर्शित हुयी है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी है। संजय दत्त ने फिल्म केजीएफ 2 में अधीरा का किरदार निभाया है, जो फैंस को खूब पसंद आ रहा है। संजय दत्त ने बताया है कि उनकी अगली फिल्म संजय गुप्ता के साथ होगी। संजय दत्त ने बताया, कुछ समय के बाद मैं संजय गुप्ता के साथ एक बार फिर काम करूंगा। हम दोनों मिलकर कुछ और महीनों में एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। कई सालों के बाद संजय गुप्ता के साथ काम करके आएगा। गौरतलब है कि संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर 'आतिश', 'खौफ', 'जंग', 'मुसाफिर', 'जिंदा' और 'कांटे' जैसी कई फिल्में बनायी है।

## ब्राउन से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेंगी करिश्मा कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर अपने अगले प्रोजेक्ट ब्राउन के जरिये सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही है। करिश्मा कपूर एक बार फिर से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही है। करिश्मा कपूर अंतिम बार ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज मेंटलहुड में नजर आयी थी। करिश्मा के नए प्रोजेक्ट का नाम ब्राउन है। करिश्मा ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। करिश्मा कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में एक क्लैप बोर्ड दिखाई दे रहा है। वहीं क्लैप बोर्ड की पीछे करिश्मा कपूर की आंखे नजर आ रहे हैं। बोर्ड पर प्रोजेक्ट का नाम ब्राउन लिखा है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए करिश्मा कपूर ने खास कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत। ब्राउन का निर्देशन अभिनय देव कर रहे हैं ।ब्राउन एक थ्रिलर क्राइम ड्रामा होगी। इसमें करिश्मा कपूर के साथ अभिनेता सूर्य शर्मा मुख्य भूमिका में होंगे।

## शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान की डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' की शूटिंग शुरू



मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म %द आर्चीज% की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म द आर्चीज की निर्माता रीमा कागती ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। फिल्म द आर्चीज का निर्देशन जोया अख्तर कर रही है। वह फिल्म को प्रोड्यूस भी करेंगी। यह फिल्म कॉमिक सीरीज पर आधारित होगी। रीमा कागती ने अपने इंस्टाग्राम पर द आर्चीज के पहले शॉट की डीटेल्स देते हुए एक क्लैपबोर्ड की फोटो शेयर की। रीमा ने इस पोस्ट पर कैप्शन लिखा, सआर्चीज, सशूटस्टार्ट्स सटाइगरबेबी का पहला सोलो प्रोड्क्शन। उन्होंने जोया अख्तर को टैग करते हुए पार्टनर इन क्राइम बताया। इस फिल्म को जोया और रीमा साथ में मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। बताया जा रहा है कि अगस्त्य नंदा इस फिल्म में आर्ची एंड्रयूज का रोल प्ले करते हुए नजर आएंगी, जबकि खुशी और सुहाना कॉमिक के दूसरे कैरेक्टर बेट्टी और वेरोनिका के रोल में दिखाई देंगी। फिल्म की शूटिंग ऊटी और आसपास के हिल स्टेशंस में की जाएगी।

## रवीना टंडन के सीन को देखने के बाद दर्शकों ने स्क्रीन पर फेंके सिक्के

नई दिल्ली। सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 की धूम हर जगह छाई हुई है। फिल्म को ना सिर्फ क्रिटिक्स बल्कि दर्शकों से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म की जबरदस्त कमाई हो रही है। दिलचस्प बात ये है कि यश के अलावा बाकी स्टार्स को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रवीना टंडन ने इस बीच एक वीडियो शेयर किया है जिसमें थिएटर मेंल लोग स्क्रीन की तरफ सिक्के फेंक रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रवीना ने अपनी खुशी भी जाहिर की है। ये वीडियो फैंस को भी काफी पसंद आ रहा है।

रवीना ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें आप देखेंगे कि स्क्रीन पर रवीना नजर आ रही हैं और वह किताब खोल रही हैं जिस पर लिखा है केजीएफ चैप्टर 2। इसके बाद ऑडियंस स्क्रीन पर सिक्के फेंक रही है। वीडियो शेयर करते हुए रवीना ने लिखा, इतने समय बाद स्क्रीन पर लोगों को स्क्रीन पर सिक्के फेंकते हुए देखा है। इसके बाद रवीना ने उसमें आगे फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन का वीडियो शेयर किया है। रवीना ने फिर फिल्म को इतना प्यार देने के लिए सभी को थैंक्यू कहा है। वीडियो के एंड में फिल्म से रवीना का डायलॉग भी प्ले होता है जिसमें वह कहती हैं, घुस के मारेंगे।

वीडियो के कमेंट सेक्शन में सभी फिल्म और रवीना की तारीफ कर रहे हैं। तो वहीं कुछ फैंस कमेंट कर रहे हैं कि वे फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कुछ फैंस तो ये तक कह रहे हैं कि रवीना को केजीएफ के पहले पार्ट में भी लेना चाहिए था।

केजीएफ चैप्टर 2 की बात करें तो ये साल 2018 की फिल्म केजीएफ का दूसरा पार्ट है। ये कन्नड़ फिल्म थी, लेकिन इसका जादू हिंदी बॉक्स ऑफिस पर भी चल रहा है। फिल्म ने सिर्फ हिंदी में 219 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म की कमाई अगर ऐसी ही होती रही तो हिंदी बॉक्स ऑफिस में आमिर खान की फिल्म दंगल को पछाड़ देगी।

वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म ने 600 करोड़ की कमाई कर ली है। प्रशांत नील द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म में यश, रवीना टंडन, प्रकाश राज और संजय दत्त लीड रोल में हैं।

## शाहरुख खान ने राजकुमार हिरानी के साथ अगली फिल्म का किया ऐलान, मजेदार है वीडियो

मुंबई। शाहरुख खान की आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। हाल ही में 'पठान' का टीजर आया था। इसके अलावा निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ उनकी फिल्म की लंबे समय से चर्चा है। शाहरुख ने कई बार सोशल मीडिया पर इशारों-इशारों में हिरानी के साथ फिल्म का जिक्र किया।

अब एक वीडियो रिलीज कर फिल्म का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। शाहरुख की यह फिल्म दिसंबर 2023 में आएगी। वीडियो में शाहरुख अपना सेंस ऑफ ह्यूमर दिखाते नजर आ रहे हैं और खुद का मजाक बनाने से भी नहीं चूक रहे।

### अगली फिल्म का टीजर

वीडियो की शुरुआत में शाहरुख, हिरानी की फिल्मों के पोस्टर देखते हैं। इनमें 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', 'संजू', 'पीके' जैसी फिल्मों पोस्टर लगे होते हैं। हिरानी से शाहरुख पूछते हैं, 'सर, मेरे लिए कुछ है क्या ?' तब हिरानी कहते हैं, 'है एक स्क्रिप्ट मेरे पास।' आगे हिरानी फिल्म का नाम बताते हैं Dunki. यह सुनकर अभिनेता हैरान होते हैं और कहते हैं, 'पता नहीं क्या बना रहे हैं, जो भी है ले लो।'

## लहंगा पहने इठलाती नजर आईं मलाइका अरोड़ा



नई दिल्ली। मलाइका अरोड़ा फिटनेस और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी फोटोज-वीडियोज शेयर करती रहती हैं। मलाइका की फिटनेस और ग्लोइंग स्किन को देखकर कोई भी उनकी सही उम्र का पता नहीं लगा सकता है। यही वजह है कि फैन्स आज भी उन्हें 'ब्यूटीफुल' का टैग देते हैं। हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ट्रेडिशनल लुक में दिख रही हैं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है और फैन्स इस पर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं।

### पिंक लहंगे में मलाइका

वीडियो में मलाइका अरोड़ा लाइट पिंक कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं। लहंगा चोली में एक्ट्रेस अपनी अदाएं दिखा रही हैं। इसके साथ उन्होंने हेयर बन बनाया हुआ है और गले में चोकर और हाथ में ब्रेसलेट के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है। बता दें, मलाइका का ये वीडियो पुणे फैशन वीक का है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

### लाइक्स और कमेंट्स की हुई बारिश

मलाइका की इस वीडियो पर देखते ही देखते हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं। फैन्स मलाइका की खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- मुन्नी आज भी यंग और ब्यूटीफुल है। तो वहीं अन्य यूजर ने उनकी फिटनेस का राज पूछा। वही एक फैन ने लिखा- आप हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही हैं।

### एक्सीडेंट के बाद काम पर लौटीं एक्ट्रेस

पिछले दिनों मलाइका की कार का एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद उनके फैन्स काफी परेशान हो गए थे। लेकिन अब मलाइका एकदम फिट एंड फाइन है। मलाइका काम पर वापसी कर चुकी हैं और इससे उनके फैन्स काफी खुश हैं।

### रणबीर-आलिया की रिसेप्शन में पहुंची थीं मलाइका

मलाइका अरोड़ा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी के रिसेप्शन पार्टी में भी पहुंची थीं। एक्ट्रेस अर्जुन कपूर के संग इस पार्टी में पहुंची थीं। मलाइका ने फ्यूशिया पिंक वन पीस ड्रेस पहनी थी।

उनके हुस्न की तारीफ हर कोई कर रहा था।

## ठंडे रहिए स्वस्थ रहिए

हाल ही में मेलबर्न में हुए एक शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि ठंडे वातावरण में रहने से आप स्वस्थ रह सकते हैं। ठंडा वातावरण ब्राउन फैट्स की वृद्धि को बढ़ावा देता है जो मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों से बचाता है। लोगों में ब्राउन फैट्स का घटना या बढ़ना उनके व्यापक वातावरण पर निर्भर करता है। जहां ठंडा वातावरण इन फैट्स को बढ़ावा देता है, वहीं गर्म वातावरण इन्हें नष्ट करता है।

पूर्व अध्ययनों में देखा गया है कि जिन लोगों में ब्राउन फैट्स की मात्रा अधिक होती है वे दुबले होने के साथ ही मंद रक्त शर्करा भी होता है।

ऑस्ट्रेलिया के गारवन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च के एंडोक्राइनोलोजिस्ट पॉल ली ने कहा, %अभी तक इस शोध से पहले यह अज्ञात था कि किसी मनुष्य में ब्राउन फैट्स की मात्रा को परिवर्तित किया जा सकता है या नहीं। हमने पाया कि शीत माह ब्राउन फैट्स को 30 से 40 फीसदी तक बढ़ा सकता है। शोधकर्ताओं ने पांच स्वस्थ व्यक्तियों को चार माह के निर्धारित तापमान में रखा जिसकी सीमा 19 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तक रखी गयी। दिनभर सामान्य जीवन व्यतीत करने के बाद वे रात में 10 घंटे तापमान नियंत्रित कक्ष में रहते थे। इसमें पाया गया कि ग्रीष्म माह में ब्राउन फैट्स घटे और शीत माह में बढ़े।

%इंसुलिन संवेदनशीलता और ब्राउन फैट्स की बढ़ोतरी में सुधार क्षीण ग्लूकोज मेटाबोलिज्म के उपचार में कई नए आयाम खोलेगा। वहीं दूसरी ओर, समकालीन समाज में व्यापक गर्माहट से थोड़ी-बहुत ठंडक की कमी से ब्राउन फैट्स के निर्माण में क्षति आ सकती है एवं मोटापे और मेटाबौलिक गड़बडी में सहयोग कर सकता है।

## जामुन में है बड़ा दम



आजकल के मौसम में मिलने वाले जामुन का रंग न सिर्फ देखने में बढ़िया होता है, बल्कि यह स्वाद और सेहत से भी भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। जामुन के सेवन से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। यह पाचन तंत्र के लिए भी लाभकारी है। खास बात यह है कि डायबिटीज वाले लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं।

- जामुन में फ्लेवोनॉइड्स, फेनॉल्स, प्रोटीन और कैल्शियम भी पाया जाता है, जो सेहत के लिए लाभकारी होता है।
- इसमें कैरोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और सोडियम भी पाया जाता है। इस वजह से यह शुगर का लेवल मेंटेन रखता है।



- बहुत कम लोगों को यह मालूम होगा कि जामुन में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
- लूकोज और फ्रक्टोज के रूप में मिलने वाली शुगर शरीर को हाईड्रेट करने के साथ ही कूल और रिफ्रेश करती है।
- जामुन में फाइटोकेमिकल्स भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।
- अगर आपको कमजोरी महसूस होती है या आप एनीमिया से पीड़ित हैं तो जामुन का सेवन आपके लिए फायदेमंद रहेगा।
- जामुन का सिरका बनाकर बराबर मात्रा में पानी मिलाकर सेवन करने से यह न केवल भूख बढ़ाता है, बल्कि कब्ज की शिकायत को भी दूर करता है।
- यदि आप अपने चेहरे पर रौनक लाना चाहती हैं तो जामुन के गूदे का पेस्ट बनाकर इसे गाय के दूध में मिलाकर लगाने से निखार आता है।
- यदि आपको एसिडिटी की समस्या रहती है तो काले नमक में भुना जीरा मिलाकर पीस लें। फिर इसके साथ जामुन का सेवन करें। एसिडिटी की समस्या दूर हो जाएगी।
- यदि आपका बच्चा बिस्तर गीला करता है तो जामुन के बीजों को पीसकर आधा-आधा चम्मच दिन में दो बार पानी के साथ पिलाएं। बस एक बात का ध्यान रखें कि कभी भी खाली पेट जामुन का सेवन न करें। न ही कभी जामुन खाने के बाद दूध का सेवन करें। साथ ही अधिक मात्रा में भी जामुन खाने से बचें। अधिक खाने पर यह नुकसान भी करता है।

## हेल्दी लाइफ

## व्यायाम घटाता है कैंसर का खतरा

**एक्सरसाइज करने से न केवल हमारा शरीर और मन फिट रहता है, बल्कि हमें कई बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है. यह शरीर को स्वस्थ रखने का एक आसान तरीका है. इससे हमारे शरीर का हर अंग स्वस्थ रहता है. एक्सरसाइज से कई बार कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा भी कम हो जाता है.**

### एक्सरसाइज से इनका खतरा होता है कम

**पाचन ग्रंथी का कैंसर** - एक्सरसाइज करने में कोताही बरतनेवाले लोगों में पाचन ग्रंथी का कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है. पाचन ग्रंथी एंजाइम पैदा करती है, जो भोजन को पचाने और हार्मोन के लिए लाभदायक होते हैं. इससे शरीर में शर्करा की मात्र को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है.

जीवनशैली में परिवर्तन के कारण रक्त में प्रोटीन की मात्र बढ़



जाती है और इससे पैंक्रियाटिक कैंसर होने का खतरा पैदा हो जाता है. इसमें वजन को नियंत्रित रखना अहम है.

**आंत का कैंसर** -जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहते हैं, उनमें दूसरों की तुलना में आंत के कैंसर का खतरा 40 प्रतिशत कम रहता है. रनिंग व साइकिलिंग से इसे कंट्रोल कर सकते हैं.

**प्रोस्टेट कैंसर** - दिनभर एक ही जगह काम करना भले ही आपको पसंद हो, लेकिन इससे प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जता है. ऐसे लोगों में अधिक सक्रिय लोगों के मुकाबले प्रोस्टेट कैंसर का खतरा 30 प्रतिशत अधिक होता है.

विभिन्न प्रकार के एक्सरसाइज इस बीमारी से आपका बचाव कर सकते हैं. प्रतिदिन एक घंटा टहलने से या साइकिल चलाने से प्रोस्टेट कैंसर का खतरा 14 प्रतिशत तक कम हो जाता है. प्रतिदिन व्यायाम जरूर करें.

## बिस्तर पर जाने के बाद कभी न सोचें ये बातें

रात में बिस्तर पर लेटकर दिन भर की बातें सोचते हैं पर सोचते-सोचते नींद ही नहीं आती है तो इसकी वजहें आपकी कुछ गलत आदते हो सकती हैं।

अच्छी नींद के लिए जरूरी है कि बिस्तर पर लेटकर आप इन बातों को न ही सोचें।

### आपका जरूरी मेल

दिन भर दफ्तर के जरूरी काम से संबंधित ईमेल अगर आपकी नींद उड़ा रहा है तो खुद को इस बारे में सोचने का मौका ही न दें।

कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि जरूरी ईमेल, फेसबुक अपडेट आदि चेक करने वाले लोगों की नींद सबसे अधिक प्रभावित होती है।

तो कम से कम बिस्तर पर पड़ते वक्त आप मेल और अपडेट के बारे में सोचना ही छोड़ दें जिससे इन्हें चेक करने का मन करे।

### किसी झगड़े के बारे में


अगर दिन में बॉस की फटकार मिली है या साथी से किसी बात पर नोकझोंक हो गई है तो इसे सोने से पहले कतई न सोचें।

यूनिवर्सिटी ऑफ मसाच्युसेट्स के शोधकर्ताओं की मानें तो झगड़ा व तनाव की बातें सोचने के कारण नींद अधिक प्रभावित होती है और स्ट्रेस लेवल बढ़ता है।

### क्या-क्या करना है

सोने से पहले अगले दिन की तैयारी यकीनन अच्छी बात है लेकिन क्या-क्या करना है इसकी चिंता करने की आपकी आदत नींद पर भारी पड़ सकती है।

2013 में टोरंटों में हुए एक सम्मेलन में अगले दिन के तनाव को नींद न आने की बड़ी वजह माना गया है।



### गैस्ट्रिक से परेशान हैं तो इस 7 उपायों से मिलेगा आराम

रुटीन या खानपान में जरा सी गड़बड़ गैस्ट्रिक समस्याओं को बढ़ा सकती है। ऐसे में गैस्ट्रिक समस्याओं से निजात के लिए कुछ घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं।

अगर आपको अक्सर इस तरह की सम्सयाएं होती हैं तो सैर और व्यायाम के साथ इन घरेलू उपायों को रुटीन में शामिल करने से आपको आराम मिल सकता है।

### गुनगुना पानी

गुनगुना पानी पीने से न सिर्फ पाचन ठीक होता है बल्कि यह अपच से होने वाले पेट दर्द में भी आराम पहुंचाता है। गैस्ट्रिक की समस्या अधिक हो तो गर्म पानी में अज्वाइन या जीरा खौलाकर पीने से भी तुरंत आराम मिलता है।

## मसालों से बनी दवा नियंत्रित करेगी हाई बीपी

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी है। हाल में वैज्ञानिकों ने भारतीय मसालों से ऐसी दवा तैयार की है जिसकी मदद से वे हाइपरटेंशन के उपचार का दावा कर रहे हैं। इकोनॉमिक टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार, श्री रामचंद्र यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने चेन्नई में वैज्ञानिकों ने चूहों पर इस दवा का इस्तेमाल करके अपने प्रयोग में सफलता हासिल की है।

**मसालों से तैयार है यह दवा**

वेंथामरई चूर्णम नामक यह दवा ग्रेवी, कढ़ी और रसम में इस्तेमाल होने वाले मसालों से तैयार की गई है। इसमें इलायची, अदरक, जीरा, लंबी काली मिर्च, सफेद कमल की पत्तियां और विभिन दक्षिण भारतीय मसालों को इस्तेमाल किया गया है।

मसालों से बनी इस दवा में द्गहहस्र नामक एंजाइम है जो नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर बढ़ाता है जिससे धमनियों में ब्लॉकेज नहीं हो पाता।

**नहीं है कोई साइड इफेक्ट**

शोधकर्ताओं का दावा है कि इस दवा के सेवन से दिल के मरीजों को किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होगा। यह शोध एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी एंड मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता डॉ. एस थांकिचलन के अनुसार, इस दवा की सबसे बड़ी खासियत है कि इससे प्रचलित एलोपैथिक दवाओं की तरह साइड इफेक्ट्स नहीं होंगे। साथ ही, कम कीमत के कारण इसका उपलब्धता भी आसान होगी।वैज्ञानिकों ने चूहों पर सफलता के बाद दिल के रोग से गंभीर हालत में पहुंच चुके जानवरों पर शोध की तैयारी कर रहे हैं, इसके बाद ही वे इसे बाजार में उतारने की प्रक्रिया में शामिल होंगे।



CMYK CMYK CMYK CMYK